राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-318
लखनऊ, सोमवार 08 जुलाई 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

नेपाल सीमावर्ती राज्यों पर इस बार मित्र वन बसाएगी यूपी सरकार 03

सांसदों के आचरण से बढ़े लोगों का विश्वास : ओम बिरला 12

संक्षिप्त समाचार

भारत ने जिम्बाब्वे को दूसरे टी-20 मैच में 100 रन से हराया

हरारे। अभिषेक शर्मा (100) की शतकीय और ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद (77) और रिंकू सिंह नाबाद (48) रनों विस्फोटक पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में जिम्बाब्वे को 100 रन से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली हैं1 235 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे को मुकेश कुमार ने पहले ही ओवर में इनोसेंट काइया (4) को बोल्ड कर पहला झटका दिया। वेस्ले मधेवीरे और ब्रायन बेनेट ने कुछ देर पारी को संभाले रखा।

नाइजीरियन मूल के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। निहाल विहार के चंद्र विहार इलाके में शनिवार रात दो अज्ञात बदमाशों ने एक नाइजीरियन मूल के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। नाइजीरियाई मूल के व्यक्ति का नाम संडे अर्नेस्ट मोराह (40) था और वह चंद्र विहार के सुनील डेयरी के पास में किराए के मकान में रहता था। पुलिस के मुताबिक बीती रात लगभग 10:00 बजे के करीब नाइजीरियन मूल का यह व्यक्ति दौड़ता हुआ एक कपड़े की दुकान में घुस गया और अपनी जान बचाने के लिए लोगों से आग्रह करने लगा, तभी उसके पीछे से दौड़ते हुए दो लड़के दुकान के अंदर घुसे और नाइजीरियन मूल के व्यक्ति पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। जहां दो गोली पीड़ित के पेट में लगी और एक गोली उसके पैर में लगी। वारदात को अंजाम देकर आरोपित मौके से फरार हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

अभद्र टिप्पणी मामले में महुआ मोइत्रा के विरुद्ध केस दर्ज

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष पर अभद्र टिप्पणी के मामले में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के विरुद्ध दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने केस दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दिल्ली पुलिस मुख्यालय के अनुसार राष्ट्रीय महिला आयोग से एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा एक ट्वीट को दोबारा पोस्ट किया गया है, जो भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 79 के तहत अपराध है। इस शिकायत का संज्ञान लेते हुए और इसकी सामग्री की प्रारंभिक जांच के बाद स्पेशल सेल ने धारा 79 के तहत केस दर्ज जांच शुरू कर दी है।

सीबीआई करे आर्मस्ट्रांग हत्याकांड की जांच : मायावती

तमिलनाडु/लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती अपने भतीजे एवं पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद के साथ रविवार को तमिलनाडु पहुंचीं और के. आर्मस्ट्रांग को श्रद्धांजलि अर्पित की। मायावती ने राज्य की स्टालिन सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए इस हत्याकांड की सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग की। बसपा तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष आर्मस्ट्रांग की शुक्रवार को चेन्नई के पेरंबूर इलाके में बेरहमी से हत्या कर दी गई। आर्मस्ट्रांग का पार्थिव शरीर श्रद्धांजलि के लिए पेरंबूर स्थित कॉर्पोरेशन स्कूल परिसर में रखा गया।

छह आतंकी ढेर, दो जवान शहीद

▸ जवानों की कार्रवाई के बाद आतंकी घने जंगल के रास्ते भागे

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में रविवार (6 जुलाई) को लगातार दूसरे दिन मुठभेड़ जारी है। मुदरघम और चिन्निगम फ्रिसल में अबतक 6 आतंकी मारे गए हैं। दो जवान शहीद हुए हैं। मुदरघम में एक-दो आतंकियों और चिन्निगम फ्रिसल में एक और आतंकी के छिपे होने की संभावना है। मुदरघम में आज सुबह दो आतंकी मारे गए हैं। शनिवार (6 जुलाई) को एक आतंकी मारा गया था। एक जवान शहीद हो गया था।

कुलगाम के चिन्निगम फ्रिसल में कल चार आतंकी मारे गए। एक जवान शहीद हुआ था। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आरआर स्वैन ने बताया कि दोनों जगहों पर मुठभेड़ जारी है।

हमें स्थानीय आतंकियों के भी शामिल होने की खबर मिली है। 6 आतंकी मारे गए हैं। यह सुरक्षाबलों के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है। दूसरी तरफ, जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके में आतंकियों ने रविवार सुबह एक आर्मी कैंप पर हमला कर दिया। इसमें एक जवान घायल हो गया। जवानों की जवाबी कार्रवाई के बाद आतंकी घने जंगल के रास्ते भाग गए।

सेना और पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। कुलगाम के मुदरघम में शनिवार (6 जुलाई) की सुबह सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन के तहत सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की थी, जिसमें हरियाणा के रहने वाले लांस नायक प्रदीप नैन शहीद हो गए।

वहीं, चिन्निगम में शनिवार की दोपहर में मुठभेड़ शुरू हुई थी। शाम होते-होते जवानों ने 4 आतंकियों का एनकाउंटर कर दिया। ड्रोन कैमरे में सभी की लाशें दिखीं। फिलहाल, मारे गए आतंकियों की पहचान नहीं हो सकी है। चिन्निगम में शहीद हुए जवान की पहचान प्रवीण जंजाल के रूप में हुई है। वे महाराष्ट्र के अकोला जिले के रहने वाले थे। बीते एक महीने (6 जून से 6 जुलाई तक) में सुरक्षाबलों ने 9 आतंकियों को मारा है। इनमें डोडा में 11-12 जून लगातार दो दिन दो हमले करने वाले आतंकी और उरी में घुसपैठ करने वाले आतंकियों का एनकाउंटर शामिल है।

बलिदान होने वाले दोनों सैनिकों को सेना ने दी श्रद्धांजलि

कुलगाम। भारतीय सेना ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में बलिदान होने वाले दोनों सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। भारतीय सेना चिनार कोर ने रविवार को सोशल मीडियापर पोस्ट कर बताया कि चिनार कोर कमांडर, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव, डीजीपी जम्मू-कश्मीर और अन्य प्रमुख व्यक्तियों और सभी रैंकों ने लांस नायक प्रदीप कुमार और सिपाही प्रवीण जंजाल प्रभाकर को श्रद्धांजलि दी। इन दोनों जवानों ने शनिवार 6 जुलाई को कुलगाम में कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्होंने कहा कि चिनार योद्धा दोनों बहादुरों की वीरता और बलिदान को सलाम करते हैं। हम शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता में खड़े हैं और उनकी भलाई के लिए प्रतिबद्ध हैं। पैरा कमांडो लांस नायक प्रदीप कुलगाम जिले के मोदरगाम में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में बलिदान हुए थे। दूसरा जवान 1 राष्ट्रीय राइफल्स के हवलदार राज कुमार फिसल क्षेत्र के चिन्नीगाम गांव में हुई मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए। इन दोनों मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों के जवानों ने छह आतंकवादियों को ढेर कर किया है।

देवघर में तीन मंजिला पुरानी इमारत गिरने से तीन की मौत

एजेंसी

▸ एनडीआरएफ व मेडिकल टीम बचाव कार्य में जुटी

देवघर। झारखंड के देवघर में रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। नगर थाना क्षेत्र के सीता होटल के पास बमबम बाबा पथ हंसकुप मुहल्ले में एक तीन मंजिला इमारत ढह गयी। हादसे के बाद शुरू हुआ एनडीआरएफ और प्रशासन की टीम का रेस्क्यू ऑपरेशन आठ घंटे बाद खत्म हुआ। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार लोग सुरक्षित निकाले गए। इस हादसे में मनीष दत्त द्वारी (50), सुनील यादव (35) और सुनील यादव की पत्नी सोनी देवी (28) की मौत हो गई। दिनेश बर्नवाल, मुन्नी बर्नवाल, सत्यम और अनुपमा देवी घायल हैं।

घटना के बाद एनडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग की टीम को घटनास्थल पर प्रतिनियुक्त किया गया है। घटनास्थल पर डीसी और एसपी कैंप कर रहे हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम ने तेजी से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर मलबे में फंसे लोगों को एक-एक करके निकाला। बताया जाता है कि यह भवन सीताकांत झा का है। तीन मंजिला इस भवन में किराएदार रह रहे थे। पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण भवन कमजोर होता जा रहा था। इस दौरान ग्राउंड फ्लोर पर कंस्ट्रक्शन का भी काम हो रहा था, जिस वजह से मकान और भी ज्यादा कमजोर हो गया था। शनिवार देर शाम हुई बारिश के बाद मकान रविवार सुबह धंस गया, जिस कारण से दूसरे और तीसरे मंजिल पर रह रहे लोग मकान के अंदर फंस गए। घटना की सूचना मिलने पर देवघर उपायुक्त विशाल सागर मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जैसे ही घटना की जानकारी जिला प्रशासन को मिली वैसे ही एनडीआरएफ और मेडिकल की टीम मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य में जुट गई। चार लोगों को रेस्क्यू कर निकाल लिया गया।

सापूतारा घाटी में 65 यात्रियों से भरी लक्जरी बस खाई में गिरी, दो की मौत

आहवा। डांग जिले के सापूतारा घाटी में रविवार शाम एक लग्जरी बस असंतुलित होकर रेलिंग तोड़ती हुई खाई में जा गिरी। पेड़ों की वजह से बस गहराई में नहीं गई। दुर्घटना में दो लोगों की मौत की खबर है। घटना की जानकारी होने पर पुलिस समेत बचाव दल के लोग मौके पर हैं। बस में 65 लोग सवार थे जो सापुतारा घूमने के बाद वापस सूरत की ओर लौट रहे थे। रविवार शाम डांग जिले के सापूतारा घाटी में बस पहाड़ पर बने रास्ते की रेलिंग तोड़ती हुई खाई में जा गिरी। यात्रियों के अनुसार एक मालवाहक वाहन को ओवरटेक करने के दौरान लक्जरी बस कर चालक संकरी सड़क की वजह से संतुलन खो बैठा और बस सड़क की रेलिंग को तोड़ती हुई खाई में जा गिरी। बस पूरी की पूरी पलट गई। बस में दबने के कारण दो लोगों की मौत हुई है।

यमुना एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज पर बने गड्ढे में डूबकर चार बच्चियों की मौत

समृद्धि न्यूज

आगरा। जनपद के खंदौली थाना क्षेत्र स्थित यमुना एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज पर बने गड्ढे में महिला और आठ बच्चे डूब गये। होमगार्ड ने स्थानीय लोगों की मदद से महिला और चार बच्चों को बचा लिया लेकिन इस हादसे में चार बच्चियों की मौत हो गई है। सूचना पर एसीपी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, यमुना एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज पर बारिश के दौरान आने वाले पानी को बहाने के लिए एकत्रित करने के लिए गड्ढा बनाया गया है। रविवार सुबह सड़क किनारे झुग्गियों में रहने वाले कुछ बच्चे वहां खेल रहे थे। इस दौरान बच्चे नहाने के लिए पानी में उतर गए। सभी डूबने लगे तो मदद के लिए बच्चे चीखने-चिल्लाने लगे। महिला बच्चों को बचाने के लिए उस गड्ढे में कूद गयी। इस दौरान वह भी डूबने लगी। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू करके एक महिला और चार बच्चियों को तो बचा लिया लेकिन इस हादसे में चार बच्चियों की मौत हो गई है। उनकी पहचान हिना, मुन्नी, चांदनी, मुनिया के रूप में हुई है। सभी की उम्र आठ से 12 वर्ष थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसीपी ने बताया कि ये सभी घुमंतू जाति के लोग हैं। कुछ दिनों पहले कानपुर और औरैया से आये थे और इलाके में ही झोपड़ी बनाकर रह रहे थे। महिला और अन्य बच्चियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रयागराज में अपना दल (एस) नेता की हत्या आरोपी गिरफ्तार

प्रयागराज। प्रयागराज के सोरांव थाना क्षेत्र के दौली गांव में रविवार को अपना दल (एस) नेता इंद्रजीत पटेल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई। जानकारी के अनुसार जमीनी विवाद को लेकर पड़ोस में रहने वाले युवक ने ही इंद्रजीत पटेल की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को दो अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। गंगानगर डीसीपी अभिषेक भारती ने कहा कि सोरांव थाना से रविवार को सुबह जानकारी मिली कि इंद्रजीत उर्फ मोनू पटेल की हत्या उनके पड़ोसी सर्वेश पटेल ने गोली मारकर कर दी। पुलिस ने सर्वेश पटेल को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

उत्तराखंड में लैंडस्लाइड, रोकी गई चारधाम यात्रा

समृद्धि न्यूज

नई दिल्ली। उत्तराखंड के गढ़वाल डिवीजन में भारी बारिश के चलते आज चार धाम यात्रा रोक दी गई है। बद्रीनाथ-विष्णु प्रयाग नेशनल हाईवे के पास लैंडस्लाइड के कारण सड़क ब्लॉक हो गई है। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं।

असम के 29 जिलों में बारिश और बाढ़ की वजह से 23 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। अब तक 58 लोगों की मौत हुई है। 27 जिलों में 577 रिलीफ कैंप बनाए गए हैं। इसमें 5 लाख से ज्यादा लोग रह रहे हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क में भी 15 लाख से ज्यादा जानवर प्रभावित हुए हैं। 6 गैंडो समेत 114 जानवरों की मौत हो चुकी है। उत्तर प्रदेश में बीते 24 घंटे में बारिश से संबंधित घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गई है। रिलीफ डिपार्टमेंट के मुताबिक दो लोगों की मौत बिजली गिरने से, एक व्यक्ति की मौत डूबने से, जबकि तीन लोगों की मौत बारिश संबंधित घटनाओं में हुई।

मुंबई से सटे ठाणे जिले में जोरदार बारिश के कारण वाशिंद स्थित सृष्टि फार्म हाउस के आसपास पानी भर गया। करीब 150 लोग फंसे हैं। उनका रेस्क्यू जारी है। उधर, महाराष्ट्र में कल्याण-कसारा रूट पर सुबह 6.30 बजे पटरियों पर मलबा जमा हो गया। एक पेड़ गिरने से ट्रैक बाधित हो गया। रविवार (7 जुलाई) के लिए पांच राज्यों- उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, कर्नाटक में बहुत भारी बारिश का अलर्ट और 17 राज्यों- पंजाब, हिमाचल प्रदेश, बिहार, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, असम, नागालैंड, त्रिपुरा, मिजोरम, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, केरल, गोवा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मुंबई से सटे महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रविवार सुबह लोकल ट्रेन सर्विस सस्पेंड कर दी गईं।

समाज के विकास में कडवा पटेल समाज का योगदान महत्वपूर्ण : अमित शाह

एजेंसी

गांधीनगर। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने श्री कडवा पाटीदार समाज के अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अमीन पीजेकेपी विद्यार्थी भवन का रविवार को लोकार्पण किया।

शाह ने कहा कि आज रथयात्रा के शुभ दिवस पर अहमदाबाद के हृदय समान क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त छात्रावास का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी संस्था 5-10 वर्ष पूर्ण करे तो भी उसे सफल बताया जाता है, परंतु कडवा पाटीदार समाज की यह संस्था 100 वर्ष पूरे

करने वाली है। यह हमारे लिए आनंद व गौरव का विषय है।

शाह ने संस्था का आभार जताते हुए कहा कि वे इस विद्यार्थी भवन के भूमिपूजन के समय नहीं आ पाए थे, परंतु आज आपने उनको बुला कर उनके मन की इच्छा पूरी कर दी है। उन्होंने कहा कि कडवा पटेल समाज ने गुजरात के विकास में बहुत बड़ा योगदान दिया है। गुजरात व पटेल समाज का विकास समानांतर होता रहा है। इस समाज ने कठोर परिश्रम कर समाज के विकास के साथ-साथ राज्य एवं देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गृहमंत्री शाह ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए एक लक्ष्य निर्धारित कर उसी दिशा में निश्चित प्रयास करने चाहिए। कडवा पाटीदार समाज की इस संस्था ने गुजरात में बहुत बड़ा योगदान दिया है। इस पवित्र भूमि पर सरदार पटेल ने अनेक दिन बिताए हैं और स्वतंत्रता आंदोलन में बहुत बड़ा योगदान दिया है। यह संस्था आगामी दिनों में उच्च शिक्षा के साथ-साथ शिक्षा का उजाला फैलाने का कार्य करेगी।

पुणे में जीका वायरस के पांच नए मरीज, प्रशासन सतर्क

मुंबई। महाराष्ट्र के पुणे जिले में जीका वायरस के 5 नए मरीज मिलने से प्रशासन सतर्क हो गया है। इन पांचों के रक्त के नमूने प्रयोगशाला में भेजे गए थे। शनिवार शाम को सभी के रक्त नमूनों में जीका वायरस की पुष्टि हुई। इनमें तीन गर्भवती महिलाएं भी हैं। पुणे में इस समय कुल जीका वायरस के 11 मामले सामने आ चुके हैं। इससे पुणे नगर निगम ने नागरिकों को सावधान रहने की अपील की है। पुणे में मिले सभी संक्रमित मरीजों का इलाज जारी है। जीका वायरस का संक्रमण होने पर मरीजों में शरीर पर लाल चकत्ते, बुखार और मांसपेशियों में दर्द जैसे लक्षण दिखते हैं। पुणे नगर निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश दिघे ने कहा कि जीका वायरस से पीड़ितों का इलाज जारी है।

राहुल ने योगी को लिखा पत्र, हाथरस पीड़ितों को अधिक मुआवजा देने की मांग

एजेंसी

नई दिल्ली। रायबरेली से कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर हाथरस हादसे के पीड़ितों को मिलने वाले मुआवजे में बढ़ोतरी का अनुरोध किया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल ने अपने पत्र में हाथरस पीड़ितों से मुलाकात और उनसे हुई बातचीत का जिक्र किया है।

उन्होंने कहा कि जिन्होंने अपनों को खोया है, उनकी पूर्ति करना संभव नहीं है लेकिन हम उनकी हर संभव सहायता कर अपना फर्ज निभा सकते हैं। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जो मुआवजा घोषित किया गया

है, वह बहुत अपर्याप्त है। मेरा आग्रह है कि मुआवजे की राशि बढ़ाई जाए और उसे जल्द से जल्द दिया जाए। साथ ही साथ घायलों का समुचित इलाज कराया जाए और उन्हें भी उचित मुआवजा दिया जाए। राहुल गांधी ने कहा है कि हादसे में प्रशासन की लापरवाही दिखाई दी है। इस पर उचित एवं पारदर्शी तरीके से कार्रवाई कर आगे इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकता है।

नीट-यूजी परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई आज

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को नीट-यूजी परीक्षा को रद्द करने समेत उससे जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित कॉज लिस्ट के अनुसार, सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच सोमवार को मामले की सुनवाई करेगी। केंद्र ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में नीट-यूजी परीक्षा रद्द करने का विरोध किया था। पूरी परीक्षा रद्द करने से उन लाखों ईमानदार स्टूडेंट को नुकसान होगा, जिन्होंने इस वर्ष 5 मई को आयोजित परीक्षा में हिस्सा लिया था। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से दायर हलफनामे में कहा गया, अखिल भारतीय परीक्षा में गड़बड़ी के सबूत के अभाव में पूरी परीक्षा और पहले से घोषित परिणाम को रद्द करना तर्कसंगत नहीं होगा।

अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को न हो कोई असुविधा : मुख्य सचिव

समृद्धि न्यूज

▸ कांवड़ यात्रा श्रावण झूला मेला की तैयारियों के संबंध में समीक्षा

अयोध्या। प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रा, श्रावण झूला मेला की तैयारियों के सम्बंध में विकास प्राधिकरण सभागार में रविवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा के दौरान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश प्रशांत कुमार भी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने बैठक के दौरान निर्देश दिये कि अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये इसका जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग विशेष रूप से ध्यान रखें।

उन्होंने कहा कि सावन झूला मेला क्षेत्र एवं कांवड़ यात्रा मार्गों पर पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय इसके लिए शासन द्वारा 1500 अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था की जा रही है तथा मार्गो के गड्ढे, खराब सड़के, मार्ग जलभराव आदि को भी यथाशीघ्र सही कराया जाय और इसका वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर सुनिश्चित कर लिया जाय, की सभी मार्ग पैदल यात्रा करने वालों के लिए अनुकूल है और यह व्यवस्था अयोध्या के साथ साथ आसपास के जनपदों में भी सभी जिलाधिकारियों द्वारा सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु तथा कांवड़ियों द्वारा कलश से जलाभिषेक किये जाने के कारण मार्गो एवं मंदिर की सीढ़ियों व शिवलिंग के आसपास फिसलन की सम्भावना बढ़ जाती है।

अभियान लोकसभा प्रभारी विकास यादव ने ब्लॉक माधोगंज की ग्राम सभा चंदौली व विभिन्न गांवों में रोपे 51 फलदार व घने छायादार पौधे

पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाता है पीडीए पौधारोपण महाभियान

समाजवादी पार्टी की सरकार देश को प्रगति पर ले जाने वाली

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 51वें जन्मदिवस के अवसर पर 1 से 7 जुलाई तक अध्यक्ष के निर्देशानुसार पीडीए पौधारोपण महाभियान के तहत लोकसभा प्रभारी विकास यादव ने ब्लॉक माधोगंज की ग्राम सभा चंदौली व विभिन्न गांवों में 51 फलदार व घने छायादार पौधे रोपकर मनाया। एक ओर जहां आज विश्व वैश्विक तापन की गंभीर समस्या से जूझ रहा है।

वहीं **लोक सभा प्रभारी विकास यादव** ने बताया अध्यक्ष का यह अभियान उनकी पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता व जुड़ाव को दर्शाता है। अध्यक्ष की दूरदर्शी सोच समावेशी विकास के इरादों को लेकर चलने वाली है। जहां पीडीए के रूप में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मुख्यधारा में लाने से है।

वहीं **पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह** ने कहा अनियोजित विकास व पर्यावरणीय संवेदनहीनता के रवैये से पर्यावरण संरक्षण को मुख्य मुद्दों में लाकर समावेशी विकास सुनिश्चित करने से है। देश को आज सामान्य जन को शुद्ध वायु सुस्वास्थ्य के लिए लाखों करोड़ों पेड़ों को रोपने की आवश्यकता है। जो आने वाले समय में शुद्ध प्राणवायु आक्सीजन, स्वादिष्ट फल और इस तपती धूप से राहत देने का काम करेंगें जैसे देश व प्रदेश में समाजवादी रूपी वृक्ष सभी को लाभान्वित कर रहा है व करेगा। वही **विधान सभा अध्यक्ष बिलारी यादव** ने आने वाले समय में समाजवादी पार्टी की सरकार इन्हीं सारे आयामों को समाहित कर देश को प्रगति पर ले जाने वाली है।

अध्यक्ष जिला अध्यक्ष सराफत अली ने बताया इसी मुहिम में मैंने भी अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए पीपल, बरगद, पाकड़, गुलमोहर, नीम, शीशम, आम, अमरूद, जामुन आदि के 51 वृक्ष रोपकर पीडीए वृक्षारोपण में अपना अंशदान किया है। अभी आगे और वृक्ष रोपण करने का सिलसिला अनवरत जारी रहेगा। **पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह** ने सभी समाजवादी साथियों से भी यही अपील है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिवस को हरित जन्मदिवस के रूप में मनाने के लिए कम से कम 7 दिन तक एक पौधा अवश्य रोपें तथा उसका अच्छे से देखभाल करना सुनिश्चित कर अपना अंशदान दें।

यह लोग रहे मौजूद

इस दौरान लोकसभा प्रभारी विकास यादव जिला अध्यक्ष सराफत अली व पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह गौतम विधानसभा अध्यक्ष बिहारी लाल यादव मुकेश यादव विधनसभा अध्यक्ष ब्लाक प्रमुख विनय यादव शशिकांत पाल हरिनाम यादव इत्यादि साथी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

शटर का ताला तोड़कर ज्वेलर्स के दुकान में हुई चोरी

- 32 किलो चांदी, 800 ग्राम सोना और 1 लाख 50 हजार रुपए की हुई चोरी
- किराने की दुकान से सिगरेट गुटका सहित लगभग 8 लाख 50 हजार रुपए की नकदी पर भी किया हाथ साफ

उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।

लखीमपुर खीरी के थाना उचौलिया इलाके में थाने से मीटर की दूरी पर पनाहपुर रोड स्थित सेठ राजेश गुप्ता ज्वेलर्स की दुकान पर रात चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर दुकान की लॉकर में रखें लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात और लगभग 10 लाख रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। लाखों की चोरी कर चोरों ने उचौलिया पुलिस को चुनौती दी है।

दुकान के मलिक राजेश गुप्ता पुत्र सेवाराम गुप्ता ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि कस्बे के पनाहपुर रोड पर उनकी ज्वेलर्स की दुकान है। पडोस की दुकान में उनका किराने का भी व्यापार है।

शनिवार देर रात अज्ञात चोरों ने ज्वेलरी की दुकान का शटर तोड़कर और ताला तोड़कर लॉकर से करीब

32 किलो चांदी, 800 ग्राम सोना और 1 लाख 50 हजार रुपए और किराने की दुकान से सिगरेट गुटका सहित लगभग और 8 लाख 50 हजार रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। लाखों रुपए के जेवरात तिजोरी में रखे थे। कुछ जेवरात शोकेस में लगे हुए थे। जिन्हें चोरों ने चोरी कर लिया। घटना की सूचना मिलते पर एडिशनल एसपी नेपाल सिंह, सीओ अरुण सिंह, इंस्पेक्टर थाना उचौलिया मनीष कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पूरे मामले से आलाधिकारियों को भी अवगत कराया है।

राजेश गुप्ता का व्यापार दोनों बेटे दुकानें संभालते हैं। सराफा का व्यापार बड़ा बेटा अंकित और किराना का छोटा बेटा प्रियांशु संभालता है। प्रियांशु शनिवार को वैष्णो देवी से वापस आया था। जिससे किराना की बिक्री की रकम दुकान में ही रखी थी। चोरों ने दुकान में रखे जेवर के कई डिब्बे वहीं खंगालकर खाली कर दिए। कुछ डिब्बे दुकान के पीछे बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान के पास और कुछ एक मोबाइल टावर के पास खंगालकर कर डाल दिए। चोरों ने चोरी का सामान भरने के लिए चीनी जमीन में पलटकर बोरी खाली कर ली थी उसी में चोरी का सामान भर कर ले गए थे।

दुकान की सुरक्षा के लिए राजेश गुप्ता ने अपनी दुकान में अंदर और बाहर दोनों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगा रखे हैं। लेकिन तीन दिनों से बिजली लाइन में फॉल्ट होने से बिजली नहीं आ रही थी। जिससे इंवर्टर डाउन हो गया। कैमरे चल नहीं रहे थे। पास में एक बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान में कैमरा लगा था जिसका तार चोरों ने काट दिया था। वहां लगे दूसरे कैमरे भी बिजली न आने की वजह से काम नहीं कर रहे थे।

घटना की सूचना के बाद फोरेंसिक एक्सपर्ट, डॉग स्क्वाड टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर कई जगह से फिंगर प्रिंट लिया गया हैं। जिनका मिलान किया जा रहा है। एएसपी ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए स्वाट समेत कई टीमों को लगाया गया है।

ब्लाइंड मर्डर की घटना का एसपी ने किया खुलासा, सात गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

बीते तीस जून को हुई घटना का रविवार को एसपी गणेश प्रसाद साहा ने प्रेस वार्ता कर थाना सम्पूर्णानगर के ग्राम भानपुरी खजुरिया में हुई व्यापारी हत्याकांड का खुलासा किया। ब्लाइंड मर्डर की घटना में सात अभियुक्त गिरफ्तार और तीन फरार चल रहे हैं जिसमें अलग-अलग राज्यों के अंतर्जनपदीय शातिर गैंगस्टर भी शामिल है,कुछ नेपाल के भी हैं। घटना में लूटी गई दो लाख की इंडियन करेंसी व 48000 की नेपाली मुद्रा बरामद हुई है। घटना का मुख्य अभियुक्त बलविंदर सिंह है जिसने पूरी घटना की कहानी रची थी। घटना में प्रयुक्त की गई स्विफ्ट डिजायर कार जो दिल्ली की है और किराए पर लाई गई थी। एसपी खीरी के अनुसार बलविंदर ने सभी अभियुक्तों को मर्डर के बदले काफी पैसा ज्वेलरी व धन लूटने की बात कही थी। नेपाली व अलग-अलग अंतर्जनपदीय अपराधी पैसों के लालच में ब्लाइंड मर्डर में शामिल हुए थे। घटना के खुलासे में सीओ पलिया यादवेंद्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बता दे 30 जून को पलिया तहसील के संपूर्णानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत खजुरिया में कारोबारी कृष्ण कुमार गुप्ता की हत्या कर दी गई थी और उनका शव कपड़े से बंधा हुआ उनके ही घर पर ही मिला था। मेड का कहना था कि उसने अकेले साहब का खाना बनाया हुआ था लेकिन सुबह किचन में तीन थाली जूठी मिली थी। मामले की बारीकी से जांच के लिए स्वाट टीम, पुलिस टीम , क्राइम ब्रांच और कई टीम जुट गई थी। रविवार को एसपी खीरी गणेश प्रसाद साहा ने प्रेस वार्ता कर घटना का खुलासा किया जिसमे सात अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है।

खबरें एक नजर में

सुल्तानपुर काम करने गए ईसानगर निवासी श्रमिक की मौत

ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज। ईसानगर से जिला सुल्तानपुर काम करने गए श्रमिक की मौत हो गई। परिजन शव लेकर कटौली चौकी पहुंचे। मृतक मनीराम उम्र 18 वर्ष रामलालपुरवा करीब 15 दिन पूर्व ऊंचगांव थाना अलीगंज जनपद सुल्तानपुर में मजदूरी करने गया था जिसका दिनांक 06.07.2024 की सुबह स्वास्थ्य खराब होने से ऊंचगांव थाना अलीगंज जनपद सुल्तानपुर मे मनीराम की मृत्यु हो गयी थी जिसके शव को उसके परिजनो द्वारा अपने घर ग्राम रामलालपुरवा मजरा चपकहा चौकी हसनपुर कटौली थाना ईसानगर जिला खीरी में लाया गया था जिसके पिता राधेश्याम को अपने पुत्र की मृत्यु के सम्बन्ध में संदेह होने पर राधेश्याम की इच्छानुसार उसके पुत्र की मृत्यु का सही कारण जानने के लिए मृतक उपरोक्त के शव का उ0नि0 अबलीश कुमार प्रभारी चौकी हसनपुर कटौली द्वारा पंचायतनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम हेतु मुख्यालय खीरी भेजा जा चुका है।

बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायतों का बीडीओ जयेश कुमार सिंह ने किया निरीक्षण

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज। विकासखंड निघासन की काफी ऐसी ग्राम पंचायतें हैं जो बाढ़ से अत्यधिक प्रभावित हो जाती हैं जिससे वहाँ पर काफी जन व धन हानि होता है। जिलाधिकारी द्वारा समस्त बाढ़ प्रभावित इलाकों में बाढ़ चौकी बनाई जाने के दिए निर्देश के क्रम में खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने कई ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया और ग्राम प्रधानों को निर्देशित करते हुए कहा कि जहां से भी बाढ़ का पानी ग्राम पंचायत में आता है उन जगहों को मिट्टी की बोरियां लगाकर बन्द किया जाय जिससे कि पानी को रोका जा सके साथ ही जिस पंचायत में ज्यादा जल भराव के कारण आवागमन बाधित होता है उस ग्राम पंचायत में नाव की व्यवस्था की जाए। खाने-पीने की समुचित व्यवस्था पहले से ही दुरुस्त कर ली जाए व जो भी निराश्रित पशु इधर उधर घूम रहे है उनको पहले से ही ऊंचे स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था कर लें। कोई भी निराश्रित पशु इधर-उधर पानी में घूमता ना दिखाई दे। बाढ़ का पानी भरने से पहले ही यह सब व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाए जिससे कि जल भराव हो भी तो हम लोगों को ज्यादा दिक्कतों का सामना ना करना पड़े।

गन्ने के संबंध में उपज बढ़ाने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज। मितौली क्षेत्र में डीसीएल श्री राम ग्रुप अजबापुर के द्वारा क्षेत्र में तमाम प्रगतिशील किसानों को चंद्रिका सिंह सुंदर सिंह महाविद्यालय में आयोजित एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर में गन्ना के कृषि विशेषज्ञ वैज्ञानिकों के द्वारा किसानों को गन्ने के संबंध में उपज बढ़ाने को लेकर तमाम तरीके के सुझाव व उपाय साझा किये गए। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर एस के सैनी ने डीसीएल श्रीराम ग्रुप अजबापुर के आयोजित एक दिवसीय प्रगतिशील किसानों के प्रशिक्षण शिविर में गन्ना किसानों को उपज बढ़ोतरी संबंधित तमाम तरीके बताएं। साथ ही किसानों को बरसात के मौसम से पूर्व गन्ने की जड़ों पर मिट्टी चढ़ाए जाने संबंधित तमाम तारिको के नए-नए सुझाव भी साझा किये। साथ ही गन्ने में पानी की कमी हो जाने पर उसकी पहचान किस प्रकार करें। उस विषय पर भी प्रकाश डाला कीटों की समस्या को लेकर उपचार के लिए भी तमाम तरीके बताए गए। गन्ने में पोटाश की कितनी महत्व है उसे विषय पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें क्षेत्र के तमाम प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

55 वर्षीय किसान का संदिग्ध अवस्था में खेत में मिला शव

ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।

थाना ईसानगर क्षेत्र के एक गांव में रविवार की सुबह करीब 6 बजे 55 वर्षीय किसान का शव खाली पड़े खेत मे पाया गया। शव की सूचना मिलते ही ईसानगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई।और शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के शंकरपुर निवासी 55 वर्षीय राम लखन पुत्र मूलचंद शनिवार की शाम खेत की रखवाली करने गए थे।

रविवार की सुबह राम लखन का शव जेठरा निवासी विशंभर दयाल के खाली पड़े खेत में पाया गया। शव की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों सहित ईसानगर पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

> थाना अध्यक्ष ईसानगर देवेंद्र कुमार गंगवार ने बताया कि मृतक का पीएम कराया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारण का पता चल सकेगा।

मृतक के पुत्र जयपाल के मुताबिक वह प्रतिदिन की भांति खेत की रखवाली करने के लिए गांव के ही विशम्भर के बटाई पर लिए गये खेत मे लगी गन्ने की फसल रखवाली करने गये थे। जो बीमार भी चल रहे थे। मृतक के हाथ में एक दवा की सीसी बरामद हुई है।

छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम आयोजित

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

सिक्योर वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन संस्था द्वारा सल्लिया खीरी में प्रमाण पत्र व छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिक्योर वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन संस्था द्वारा चलाये जा रहे महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में ज़िला व ब्लॉक स्तर पर महिलाओं द्वारा संचालित किये जा रहे व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्र प्रमाण पत्र व छात्रवृत्ति प्राप्त करके खुशी से झूम उठे। कार्यक्रम का आयोजन अक्षिता ब्यूटी पार्लर, गंगा धर्मकांटा के सामने सल्लिया खीरी में हुआ जिसमे कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट मैनेजर आकाश सक्सेना ने किया।

प्रमाण पत्र व छात्रवृत्ति मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद् ,शाखा- गोला के वरिष्ट सदस्य रवि सक्सेना द्वारा वितरित किये गए। इस मौके पर जिला को-ऑर्डिनेटर हर्ष सक्सेना, अध्यापिका सरस्वती देवी तथा आरती देवी तथा ग्राम सुरतियापुर के सहायक अध्यापक सुनील कुमार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा अनामिका भारती, आरती देवी, रेखा, सरस्वती देवी, नेहा देवी, अंशु, रीना देवी, मीनू, रूपा गुप्ता, रिंकी देवी, साक्षी राव, अनीता देवी आदि छात्रों को प्रमाण पत्र व स्कालरशिप वितरित किये गए।

पिछड़े ब्लॉकों में दर्ज ब्लॉक बांकेगंज, फिर भी नहीं चेत रहे जिम्मेदार

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

लखीमपुर खीरी में कुल 15 ब्लॉक में पिछड़े ब्लॉकों में ब्लॉक बांकेगंज का नाम दर्ज है जिसको बेहतर बनाने के लिए जिले के उच्च अधिकारी अपना हर संभव प्रयास कर रहे हैं। पिछले कुछ दिन पूर्व डीएम, सीडीओ, सीएमओ समेत कई अधिकारियो द्वारा ब्लॉक बांकेगंज में पहुंचकर नीति आयोग के संपूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी ब्लॉक को बराबरी पर लाने के लिए केंद्र सरकार के कार्यक्रम आयोजित कराए गए थे।

सभी विभागों में से सबसे महत्वपूर्ण विभाग चिकित्सा विभाग है जहां गरीब तबके का व्यक्ति पहुंचकर अपना इलाज करवाता है लेकिन स्थानीय स्तर पर चिकित्सा विभाग के अधिकारी ही जब शासन और उच्च अधिकारियों के मंसूबों को बर्बाद करने का प्रण कर चुके हो तो बड़े स्तर के अधिकारियों के सारे प्रयास धरातल पर टूटे हुए दिखाई देने लगते हैं।

बता दे जिला लखीमपुर खीरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांकेगंज में

जन आरोग्य मेले में सीएचसी अधीक्षक अनौपचारिक नदारद

जन आरोग्य मेले का आयोजन रविवार को हुआ था जिसमें सीएचसी अधीक्षक अमित कुमार सिंह अनौपचारिक तरीके से अनुपस्थित थे। क्षेत्रीय लोगों के द्वारा इस बात की जानकारी मीडिया कर्मियों को दी गई जिसके बाद डीएम और सीएमओ से 11 बजे सीएचसी अधीक्षक के अनुपस्थित होने की बात बताई गई। जिसके बाद आनन फानन में सीएचसी अधीक्षक अमित कुमार सिंह 1 बजे सीएचसी बांकेगंज पहुंच गए। सीएचसी अधीक्षक अमित कुमार सिंह द्वारा शनिवार को छुट्टी पर होने की बात बताई गई और रविवार को देर होने का कारण ट्रेन का लेट होना बताया गया।

कार्रवाई होने के बाद भी नहीं सुधरे अधीक्षक

बता दे क्षेत्र वासियों द्वारा सीएचसी अधीक्षक बांकेगंज अमित कुमार सिंह की शिकायत के बाद संतोष गुप्ता, सीएमओ लखीमपुर खीरी द्वारा 25 फरवरी को जन आरोग्य मेले व आकस्मिक सुविधाओं के सुचारू संचालन की जांच की गई थी जिसमें सीएमओ द्वारा जारी किए गए आख्या रिपोर्ट के मुताबिक सीएमओ द्वारा कई अनियमिताएं पाई गई जैसे सीएचसी अधीक्षक समेत काफी स्टाफ अनुपस्थित पाया गया था तथा ओपीडी रजिस्टर में औषधि का विवरण अंकित नहीं पाया गया था। इतना ही नहीं 9 फरवरी के बाद से अधीक्षक अमित कुमार सिंह द्वारा कोई ओपीडी नहीं पाई गई थी तथा स्टाक बुक रजिस्टर भी अवलोकित नहीं किया जा रहा था। सीएमओ द्वारा अन्य कई बिंदुओं पर भी जांच की गई जिसमें कंडोम बॉक्स खाली पाया गया, आईपीडी रजिस्टर अपूर्ण पाया गया जिसके बाद सीएमओ द्वारा अधीक्षक समेत अन्य कर्मचारियों पर कार्रवाई कर वेतन अवरुद्ध करते हुए स्पष्टीकरण उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए थे।

सीएचसी अधीक्षक को संरक्षण देते हुए दिखे सीएमओ

मीडिया कर्मियों द्वारा सीएमओ से सीएचसी अधीक्षक के अनुपस्थित होने की बात बता कर पूछी गई तो उन्होंने बताया कि कल शनिवार तक तो छुट्टी पर थे आज संडे है वापिस आ रहे होंगे तो आ रहे होंगे, मुझे जानकारी नहीं है। अधीक्षक द्वारा शनिवार को छुट्टी लेने के बावजूद भी रविवार को आरोग्य मेले में 11 बजे तक न आने की बात को पूछने पर सीएमओ द्वारा बताया गया कि सीएचसी को 365 दिन रन करना है अगर सारे डॉक्टर को संडे के दिन यहां लगा दिया जाएगा तो वह सभी साप्ताहिक छुट्टी की मांग करेंगे। कुछ डॉक्टर संडे को वीकली ऑफ लेते हैं, कुछ डॉक्टर आरोग्य मेले में लगाए जाते हैं और कुछ डॉक्टर इमरजेंसी ड्यूटीज पर रहते हैं। जितने लोग हैं उन्हीं में से काम चलाना है। लेकिन बात को घुमाते सीएमओ संबंधित प्रश्न का उत्तर नहीं दे सके।

रकेहटी देहात गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे बीडीओ

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।

विकासखण्ड निघासन की ग्राम पंचायत ग्राम रकेहटी देहात की झोलहु मैदान स्थित गौशाला का खण्ड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने अत्यधिक बरसात को देखते हुए औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गौवंशीय पशुओ की हरे चारे व पानी के बचाव हेतु शेड चारो तरफ विधिवत तरीके से तिरपाल लगे मिले जिससे पानी की बौछार व तेज हवाओ का असर गौवंशी पशुओं पर ना पहुँचे, साथ ही अन्य सभी व्यवस्था साफ सफाई की व्यवस्था अच्छी दिखी। गौशाला में पशुओ को तेज हवा से बचाव के लिए भी पुख्ता इंतजाम दिखे। गौशाला में कुल 618 गौवंश संरक्षित पाए गए। 3 एकड़ हरा चारा गौशाला की समीप भूमि पर

तैयार है जिसकी कटाई सुबह शाम की जा रही है। गौशाला में उचित मात्रा में भूसा स्टोर किया गया है। गौशाला में 9 गौसेवक व 1 चौकीदार है, जिनका पारिश्रमिक माह जून 2024 तक दिया जा चुका है। वही पास में मानसून को देखते हुए खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह द्वारा बंधे को भी बंधवाने का काम और तेज किया गया है जिससे बाढ़ आने तक बाढ़ का पानी गौशाला में ना पहुँच सके। निरीक्षण के दौरान मौके पर ग्राम पँचायत विकास अधिकारी उपदेश वर्मा, ग्राम रोजगार सेवक संजय गुप्ता आदि समस्त गौसेवक उपस्थित रहे।

बरसात से बचाव के लिए बीडीओ ने रेनकोट व छाता किए वितरित

ताबड़तोड़ निरीक्षण के क्रम में खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह के द्वारा विकासखंड निघासन की ग्राम पंचायत चखरा में भी निराश्रित पशुशाला का भी निरीक्षण किया। खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह के दिशा निर्देशानुसार बरसात के मौसम में गौ सेवकों को हो रही दिक्कत के चलते ग्राम विकास अधिकारी यशपाल कुमार व ग्राम प्रधान गजराज सिंह द्वारा गौ सेवकों को रेनकोट पानी से बचाव हेतु जूते व छाता वितरण किया गया साथ ही चल रही तेज हवा बरसात के कारण गौवंशीय पशुओं को कोई दिक्कत ना हो उसके चलते शेड़ के चारों तरफ मोटे मोटे तिरपाल लगवाये गए जिससे कि पानी की बौछार व तेज हवा गौवंशीय पशुओं पर कोई प्रभाव न डाल सके साथ ही गौवंशीय पशुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था भी देखी जो कि चुस्त दुरुस्त पायी गयीं। गौशाला परिसर से पानी को बाहर निकालने के लिए लोहे के पाइप भी डलवाये गये। निरीक्षण के दौरान मौके पर ग्राम विकास अधिकारी यशपाल कुमार व ग्राम प्रधान गजराज सिंह के साथ ही सभी गौ सेवके पर उपस्थित रहे।

बरसाती तानकर रहने को मजबूर बिन मां-बाप के बच्चे

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।

तहसील क्षेत्र मे अतिवृष्टि के कारण कच्चे मकान भरभराकर गिर गए वही कस्ता कालोनी मे पक्की दीवार गिर गयी। क्षेत्र में चार दिनों से अधिक वर्षा होने के कारण काफी कच्चे मकान ढह गए।

जानकारी के अनुसार कस्ता निवासी मसरूर खान की पक्की दीवाल अधिक बरसात होने के कारण गिर गई वहीं अब गांव निवासी स्वर्गीय श्रीराम मिश्र का कच्चा मकान लगातार हो रही बरसात के कारण गिर गया। पिता की मृत्यु होने के बाद माता सुनीता मिश्रा का भी निधन सितम्बर माह दो हजार तेइस मे हो गया था। इनके तीन नाबालिक बच्चे ब्रजेश मिश्र उम्र सोलह वर्ष हिमांशु उम्र तेरह वर्ष तथा बेटी लक्ष्मी देवी उम्र ग्यारह

वर्ष ग्राम वासियों की मदद से बरसाती तानकर अपने घर में रहने को मजबूर है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अनाथ बच्चों के लिए काफी योजनाएं संचालित कर रहे हैं किंतु स्थानीय स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही के कारण आज तक अनाथ बच्चों को किसी भी योजना का लाभ तक नहीं मिल पाया एक तरफ बच्चों का मकान भी गिर गया अनाथ बच्चे ग्रामीणों की मदद से अपना जीवन यापन करने को मजबूर हैं। गौरतलब हो कि अनाथ बच्चों की माता सुनीता के नाम अंत्योदय राशन कार्ड था। माता की मृत्यु के बाद अनाथ बच्चों को राशन भी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। प्रबुद्ध नागरिकों ने जिलाधिकारी खीरी दुर्गा नागपाल से अनाथ बच्चों की परवरिश की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

बाढ़ क्षेत्र एवं कटान प्रभावित गांवों का एसडीएम, तहसीलदार ने किया दौरा

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

दो दिनों से हो रही बारिश एवं बनबसा से शारदा नदी में छोड़े गए पानी के कारण शारदा नदी में उफान आ गया है जिससे शारदा नदी पर किनारे के गांव में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

रविवार को उप जिलाधिकारी व तहसीलदार गोला द्वारा बाढ़ क्षेत्र एवं कटान प्रभावित गांव गांव दौरा कर स्थित का जायजा लिया वहीं गांव वासियों को सूचित किया कि अगर पानी और बढ़ता है तो सभी लोग सुरक्षित स्थान पर निकल जाएं वहीं

बाढ़ चौकियों का भी निरीक्षण किया। बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने को कहा गया। उप जिलाधिकारी गोला विनोद कुमार गुप्ता एवं तहसीलदार गोला सुखवीर सिंह बाढ़ प्रभावित गांव जौहरा, गुजारा, कटान क्षेत्र प्रभावित चक पुरवा, करसौर का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याएं जानी। इन गांव में शारदा नदी के पानी घुसने से स्थिति भयानक बनती जा रही है। इन बाढ प्रभावित गांव के लोगों से सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा वही ग्राम प्रधान लेखपाल सभी को ग्रामीणों की सहायता के लिए मौजूद रहने को कहा जब भी किसी भी तरह की जरूरत होती है तो उन्हें फोन कर तुरंत सूचना दे सकते हैं। इस मौके पर क्षेत्रीय कानूनगो बलराम सिंह लेखपाल अविनाश मिश्रा, पंकज कुमार,जागेश्वर प्रसाद, पूनम यादव व ग्राम विकास अधिकारी अहमद हसन उपस्थित रहे।

खीरी सांसद ने हाथरस कांड में मृतक महिला के परिजनों से मिलकर दी सांत्वना

अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज। हाथरस की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में गोला गोकर्णनाथ तहसील क्षेत्र के ग्राम बहादुरगंज निवासी स्वर्गीय जसोदा पत्नी नत्थू के परिजनों से मिलने पहुंचे खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर व पूर्व विधायक विनय तिवारी ने पहुंच कर परिजनों से घटना के बाबत जानकारी ली। शोक संवेदना प्रकट कर परिजनों को आश्वासन दिया। कहां प्रशासनिक स्तर पर हर संभव मदद दिलाई जाएगी। सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कहा की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण थी। कार्यक्रम स्थल पर जो व्यवस्था होनी चाहिए सरकार की तरफ से वह पर्याप्त नहीं थी। घटना की जांच हो रही है दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस मौके पर विजय पाठक, शेर सिंह यादव विधानसभा अध्यक्ष गोला सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

दाल, सब्जी के भाव छू रहे आसमान, आमजन परेशान

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

आखिर कौन सी आफत आ गई सब्जी की खेती पर, दस दिनों के अंदर सब्जी के भाव में दो से पांच गुना तेजी आ गई। बड़े लोग तो सोच में पड़ ही गए मध्यम वर्ग के लोग सब्जी को चटनी की तरह खा रहे हैं और गरीब तो आमचूर की चटनी से ही काम चला रहे हैं। आपको बताते चलें कि पहले ही गैस ,बिजली, राशन की महंगाई की मार झेल रहे आम लोगों पर जिस तरह सब्जी ने कहर बरपाया है अब तो रसोई भी सूनी हो गई है। जो सब्जी 1 किलो लेते थे वह पाव भर में ही काम चलाने को मजबूर हैं। हरा धनिया, टमाटर, अदरक, लहसुन के दाम तो

आसमान छू रहे हैं इनसे भेंट के लिए सब्जी की बड़ी दुकान तलासनी पड़ रही है। हरा धनिया ट्रिपल सेंचुरी मार चुकी है वहीं अदरक डबल शतक लगाने को बेताब है। सब्जियों का राजा कहा जाने वाला आलू पूराना 40 रु0 प्रति किलो तो वही नया आलू हाफ सेंचुरी पर पहुंच गया है। टमाटर भी टेस्ट मैच की तरह खेल रहा है जो 80 से 100 रु0 पर पहुंच गया है। हरी मिर्च भी ताव में है वह भी सेंचुरी पर नाच रही है। लहसुन भी पीछे नहीं रहना चाहता है वह भी तो 240 पार कर चुका है, प्याज 40 रुपये पहुंच गया है।

वहीं अन्य सब्जियों की बात करें तो लौकी, तुरई, बैंगन ,कुंदरू, भिंडी ,घुइयां नींबू, बंदगोभी ,कद्दू ,परवल ,आदि 60 रूपये से लेकर 100 रुपया किलो पहुंच गए हैं। लोग कहते हैं दाल रोटी खाओ प्रभू के गुण गाओ पर दाल का रेट सुनकर तो लोग बेहाल हो रहे हैं। अरहर दाल 170 रु0, उरद दाल 120 रु0 वहीं चना व मसूर की दाले 85 से 90 रुपये में पहुंच गई हैं।

पिता की मौत की सीबीआई जांच हो : पल्लवी पटेल

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में अपना दल (कमेरावादी) की नेता और सिराथू से विधायक पल्लवी पटेल ने रविवार को पैदल मार्च निकाला। उन्होंने अपने पिता सोनेलाल पटेल की मौत को हत्या बताया और सीबीआई जांच की मांग की।

पल्लवी पटेल ने कहा कि उनके पिता की हत्या राजनीतिक साजिश के तहत हुई। अपनी मां और अपना दल (कमेरावादी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल की सुरक्षा की भी मांग की। पल्लवी पटेल ने कहा कि जब सोनेलाल पटेल के हत्या सीबीआई जांच नहीं होगी सच्चाई सामने नहीं आएगी। वो अपने समर्थकों के साथ दारुलशफा विधायक निवास से राजभवन पहुंचीं। जहां उन्होंने राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। पल्लवी पटेल लंबे समय से पिता के मौत की जांच की मांग कर रही हैं। उन्होंने साल 2022 में राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू को पत्र लिखकर जांच की मांग की थी। उन्होंने 23 अगस्त 2022 को अयोध्या के तत्तकालीन सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा था। अपना दल की स्थापना नवंबर 1995 में डॉक्टर सोनेलाल पटेल ने की थी और वर्ष 2009 में एक हादसे में उनका निधन हो गया।

नेपाल सीमावर्ती राज्यों पर इस बार मित्र वन बसाएगी उप्र सरकार

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर 35 करोड़ पौधरोपण के साथ ही हरीतिमा बढ़ाने के लिए वन विभाग पड़ोसी देश व राज्यों भी समन्वय कर रहा स्थापित

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार पड़ोसी देश नेपाल एवं यूपी के सीमावर्ती राज्यों पर मित्र वन बसाएगी। इसके लिए 35 वन प्रभागों द्वारा स्थानों का चयन कर लिया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 35 करोड़ पौधरोपण के साथ ही हरीतिमा बढ़ाने के लिए वन विभाग पड़ोसी देश व राज्यों भी समन्वय स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी की तरफ से तिथि निर्धारित (20 जुलाई) होने के उपरांत वन विभाग वृक्षारोपण जन अभियान-2024 की सफलता में जुट गया है। इसके तहत यूपी के सीमावर्ती जनपदों में व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम भी होगा। सीमावर्ती जनपदों से लगने वाले 35 जनपदों में भी इसकी तैयारी पुरजोर ढंग से की जा रही है। सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, सोनभद्र, मीरजापुर, प्रयागराज, चित्रकूट, बांदा, महोबा, झांसी, ललितपुर, जालौन, इटावा, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, नोएडा, गाजियाबाद, बागपत व शामली में व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम की तैयारी की जा चुकी है।

नेपाल के समीप भी चलेगा पौधरोपण अभियान

योगी सरकार की नई पहल मित्र वन को बसाने के प्रयास में विभाग जुटा है। इसके लिए सीमावर्ती राज्यों के साथ ही मित्र राष्ट्र नेपाल के समीप भी पौधरोपण महाभियान चलाने की कार्रवाई होगी। विगत दिनों एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने नेपाल की तरफ पौधरोपण को लेकर चिंता भी जाहिर की थी। इसे देखते हुए वन विभाग इस बार नेपाल के बॉर्डर वाले सोनौली महराजगंज, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, बहराइच, पीलीभीत समेत सभी जनपदों की सीमाओं पर भी मित्र वन स्थापित करेगी। यहां पौधरोपण के दौरान न सिर्फ उत्तर प्रदेश के जनप्रतिनिधि, बल्कि पड़ोसी देश से भी समन्वय स्थापित कर उन्हें इस कार्यक्रम से जोड़ने की पहल की जाएगी।

मित्र वन की स्थापना के लिए जारी किए गए निर्देश

प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा ने 35 वन प्रभागों को मित्र वन स्थापना के लिए स्थान का चयन करने का निर्देश दिया है। पड़ोसी देश नेपाल व सीमावर्ती राज्य के गणमान्य अतिथियों से कराए जाने वाले पौधरोपण के लिए पौध प्रजातियों को चिह्नित करने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने पौध प्रजाति के चयन में पड़ोसी देश व राज्य के वन विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर उनकी राय प्राप्त करने और पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित कर इसकी सूचना वन मुख्यालय स्थित कमांड सेंटर को उपलब्ध कराने को कहा है। मित्र वन के साथ ही वृक्षारोपण जनभियान 2024 के अन्तर्गत उक्त के अतिरिक्त प्रत्येक जनपद में शक्ति वन, युवा वन, बाल वन जैसे विशिष्ट वनों की स्थापना के भी निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य वन संरक्षक पीपी सिंह ने बताया कि वृक्षारोपण जन अभियान-2024 के तहत इस बार मित्र वन की स्थापना की जाएगी। यूपी से सटे बिहार, उत्तराखंड, दिल्ली, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत सभी राज्यों के आसपास मित्र वन स्थापित होंगे। इसके लिए विभाग ने सारी तैयारी भी कर ली है। शासन के निर्देश पर 35 करोड़ पौधरोपण के लिए नर्सरी में पौधे भी तैयार हो गए हैं। मित्र वन बसाने और उसे समृद्ध बनाने के लिए संबंधित प्रभागों के डीएफओ को निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

खबरें एक नजर में

भगवान जगन्नाथ जी ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

चौपटिया, समृद्धि न्यूज। चारों धाम की पालकी रथ यात्रा में आज भगवान जगन्नाथ जी ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसी के साथ 151 पेड़ भक्तों में वितरित किए गए। चारों धाम मंदिर में सुबह पूजन के बाद भगवान जगन्नाथ जी, बलदाऊ भैया और सुभद्रा माता चांदी की पालकी में सवार होकर भक्तों के द्वार पहुंच गए। क्षेत्र के भ्रमण में निकले भगवान जगन्नाथ जी को भक्तों ने अपने घर के बाहर देखकर भव्य स्वागत किया, आरती उतारी, एवं प्रसाद चढ़ाया। पालकी यात्रा चौपटिया से प्रारंभ होकर दिलाराम बारादरी, नेपियर रोड कॉलोनी, सराय माली खां, होते हुए खेत गली ठाकुर द्वारा आई जहां भगवान ने विश्राम किया। पालकी यात्रा में प्रमुख रूप से लक्ष्मी कांत पांडे, शिव नारायण अग्रवाल, संजय, अभय,आशीष अग्रवाल, रिद्धि किशोर गौड़, राधे तिवारी, मोहित शर्मा, चौक हॉकर यूनियन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार, अनिल, आशीष, अमित गौड़, विपिन अवस्थी, संदीप तिवारी, मनोज अग्रवाल, गौरव शुक्ला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

विवाहिता ने लगाई फांसी, छह माह पहले किया था प्रेम-विवाह

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, गोसाईगंज इलाके के रज्जाकपुर गांव में अभिषेक रावत पत्नी सुनैना (19) के साथ रहते हैं। अभिषेक का कहना है कि शनिवार रात को सुनैना ने अपने कमरे में पंखे के सहारे फांसी लगा ली। जब हमने देखा तो उसे नीचे उतारकर सीएचसी ले गए लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि सुनैना का मायका रायबरेली में है। 6 महीन पहले अभिषेक और सुनैना ने प्रेम-विवाह किया था। फांसी लगाने का सही कारण नहीं पता चल सका है। पीएम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी तक तहरीर नहीं मिली है।

चोरों ने नगदी-गहने सहित कीमती सामान किया गायब

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाया। घर से हजारों रुपए नगद और जेवरात चोरी कर ले गए। जब घर का मालिक वापस लौटा, तब उसे घटना की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिकायत दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। मिली जानकारी के मुताबिक, गोसाईगंज के सुरिया मऊ गांव में सूरज कनौजिया परिवार संग रहता है। वह शनिवार शाम अपने रिश्तेदार के घर चिनहट गया था। वहीं पत्नी भी 4 दिन पहले अपने मायके गई थी। रविवार सुबह 9 बजे जब सूरज घर वापस लौटा तो देखा कि कमरों का ताला टूटा और सारा समान बिखरा पड़ा है। सूरज के मुताबिक चोर घर में रखे 10 हजार रुपए, सोने का एक मंगलसूत्र, एक पायल सहित दूसरे कीमती सामान ले गए। पीड़ित ने बताया कि चोर घर में दीवार के सहारे छत के रास्ते आए थे। इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

ट्रांसफार्मर की जाली में उतरा करंट, भैंस मरी, ग्रामीणों में रोष

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के बख्शी का तालाब क्षेत्र के महिंगवा थाना इलाके में बिजली के ट्रांसफार्मर में लगी जाली में करंट उतार गया घ् रविवार सुबह जाली में करंट आने के चलते किसान की भैंस उसमें चिपक गई और मर गई। विद्युत उपकेंद्र पर इसकी सूचना दी गई लेकिन दोपहर तक कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त रहा। जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह 10 बजे गांव के ही ब्रजेश यादव पुत्र राज बहादुर की भैंस गड्ढे में पानी पीने के लिए गई थी। तभी वह करंट की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी लोगों ने क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र को दी लेकिन मात्र एक संविदा कर्मी ही मौके पर पहुंचा। इस संबंध में खंड विद्युत अधिकारी राजकुमार यादव ने बताया कि अभी मुझे 4 दिन पहले ही यहां पोस्ट किया गया है। हमें अभी क्षेत्र की पूरी जानकारी नहीं है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि इससे किसी किसान की भी जान जा सकती थी।

श्री दुर्गाजी मंदिर का 35वां स्थापना दिवस धूम धाम से समपन्न

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। 35 वर्ष पूर्व जगन्नाथ जी की यात्रा के शुभ दिन परम पूज्य ज्योतिषापीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य श्री विष्णुदेवानंद जी सरस्वती के करकमलों द्वारा श्री दुर्गाजी मंदिर की आधार शिला रखी गयी थी. धर्म और सेवा के क्षेत्र में कार्य करने की योजना बनायीं गयी. तब से आज तक धर्म के प्रचार प्रसार के लिए कथा, सत्संग, भंडारे, तीर्थ सेवा, राम कथा, भगवत कथा, भजन कीर्तन, पूजा पाठ, व्रत त्यौहार इत्यादि के निरंतर आयोजन आयोजित किये जा रहें हैं. सेवा क्षेत्र में चिकित्सालय, धार्मिक पुस्तकालय, ध्यान-योग कक्षाएं, महिला कल्याण केंद्र, पादुका सेवा, जलसेवा, भूकंप-बाढ़-सुनामी-करोना आदि में तन मन धन से सहायता, निर्धन एवं निर्बल कन्याओं के सामूहिक विवाह (कल्याण-मंडप) इत्यादि सेवा कार्यक्रम लगातार अबाध गति से प्रचुर मात्रा में चलाये जा रहें हैं. आज 7 जुलाई को मंदिर की 35वी वर्षगांठ मनाई गई.. प्रातः 10 बजे 300 पेड़ पौधों की शोभा यात्रा निकाली गई और फिर मंदिर के तुलसी उद्यान मे किया गया। सुन्दरकाण्ड के पाठपश्चात हवन हुआ।

अतिवृष्टि के कारण जल जमाव से होने वाले खतरे का तत्काल निकाला जाए समाधान

▸ सीएम योगी ने डीएम व नगर निकाय अफसरों को दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ और जल जमाव की समस्या के दृष्टिगत सभी जिलाधिकारियों व नगर निकाय के अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अतिवृष्टि के कारण जल जमाव के खतरे बने हुए हैं। इसका तत्काल समाधान निकाला जाए।

यह जानकारी आज यहां देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि जिन क्षेत्रों में अतिवृष्टि के कारण या नेपाल से आने वाली नदियों में अत्यधिक पानी के कारण गांवों में पानी भर गया है, उन क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पीड़ित परिवारों को जिला प्रशासन सुरक्षित स्थानां एवं शिविरों में पुनर्स्थापित कर राहत सामग्री का वितरण किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया है कि विभिन्न जनपदों में सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत राहत और बचाव के व्यापक प्रबन्ध किये जाएं। जो क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हैं, वहां आमजन को तत्काल मदद पहुंचाई जाए। राहत पैकेट के वितरण में देरी न हो। राहत शिविरों में प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। आपदा कण्ट्रोल रूम को चौबीस घण्टे क्रियाशील रखा जाए। लगातार पेट्रोलिंग करके तटबन्धों का निरीक्षण एवं निगरानी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि वर्तमान में कतिपय जनपदों के कुछ क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित होने के कारण वहां फसल को नुकसान हुआ है। ऐसे सभी बाढ़ प्रभावित जिलों में राजस्व और कृषि विभाग की टीम गहन सर्वेक्षण करते हुए फसल नुकसान का आकलन करें, ताकि प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति की जा सके। आकाशीय बिजली या अन्य प्राकृतिक आपदा से हुई जनहानि के मामलों में मृत्यु की दशा में 04 लाख रुपये अनुमन्य है। 24 घण्टे के अन्दर अनुमन्य राहत राशि स्थानीय जनप्रतिनिधि के माध्यम से प्रभावित परिवार को वितरित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न जलजनित,मच्छर जनित बीमारियों के प्रसार की आशंका होती है। साथ ही, सर्पदंश की घटनाएं बढ़ने की भी सम्भावना रहती है। ऐसे में राहत शिविरों के समीप स्वास्थ्य शिविर संचालित किये जाएं। यहां एण्टी स्नेक वेनम की उपलब्धता जरूर रहे। शिविरों में ओ0आर0एस0 पैकेट का वितरण किया जाए। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में पशुचारे का पर्याप्त प्रबन्ध किया जाए। सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य हेतु आवश्यकतानुसार एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी फ्लड यूनिट की तैनाती की जाए। नदियों के जलस्तर की सतत निगरानी की जाए। मौसम सम्बन्धी पूर्व चेतावनी का अलर्ट सिस्टम द्वारा प्रचार-प्रसार किया जाए।राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार प्रदेश में विगत 24 घण्टों में विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं में कुल 12 जनहानि हुई है। इनमें आकाशीय बिजली से जनपद मैनपुरी, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, रायबरेली तथा गोरखपुर में 01-01, अतिवृष्टि से जनपद रायबरेली तथा मैनपुरी में 01-01 तथा डूबने से जनपद बुलन्दशहर, कन्नौज, फिरोजाबाद, उन्नाव एवं पीलीभीत में 01-01 जनहानि सम्मिलित हैं।

विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण देकर कारीगरों को बनाया गया दक्ष

▸ प्रदेश के 17,342 कारीगर व शिल्पकार हुए प्रशिक्षित

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। कारीगरों और शिल्पकारों के सशक्तिकरण के उद्देश्य से शुरू की गई पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत उत्तर प्रदेश के 21 जनपदों में 17,342 कारीगरों और शिल्पकारों को प्रशिक्षण दिया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कारीगरों और शिल्पकारों की आजीविका में सुधार लाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। योजना के अंतर्गत आगरा, अम्बेडकर नगर, अयोध्या, आजमगढ़, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, फिरोजाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, गाजीपुर, जौनपुर, झांसी, कौशांबी, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, मऊ, प्रतापगढ़, सहारनपुर, सोनभद्र और वाराणसी में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से योगी सरकार कारीगरों का कौशल निखारकर उन्हें रोजगार के साथ ही स्वरोजगार के लिए सक्षम बना रही है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान कारीगरों और शिल्पकारों को विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित किया गया, जिनमें असिस्टेंट बारबर, सैलून सर्विसेस, असिस्टेंट हेयर ड्रेसर, ब्लैकस्मिथ (लोहार), ब्रिक मेसन, बेसिक, कारपेंटर्स, कंक्रीट मेसन-बेसिक, गोल्डस्मिथ (सुनार), हैमर एंड टूल किट मेकर, प्लास्टर मेसन-बेसिक, पॉटर (कुम्हार), शूजस्मिथ (कॉबलर), टेलर (दर्जी), ट्रेडिशनल मालाकार, ट्रेडिशनल सॉफ्ट टॉय मेकर और वॉशरमैन शामिल हैं। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षित कारीगरों और शिल्पकारों ने अपनी दक्षताओं में सुधार किया है और उन्हें अपने व्यवसाय में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण मिला है। इस योजना से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है, बल्कि उनके जीवन स्तर में भी वृद्धि हुई है।

सीटीईटी की परीक्षा में मैथ्स और साइंस ने किया परेशान

समृद्धि न्यूज

▸ पहली पाली में 22 हजार 200 बीएड और बीटीसी स्टूडेंट्स शामिल

लखनऊ । केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) आज देशभर में सीटीईटी की परीक्षा का आयोजन कर रहा है। राजधानी लखनऊ समेत यूपी के 29 जिलों में ये परीक्षा हो रही है। अकेले राजधानी में 42 केंद्र बनाए गए हैं। सीबीएसई ने दिल्ली से करीब एक दर्जन से ज्यादा ऑब्जर्वर भी भेजे हैं। वहीं लखनऊ में 49 ऑब्जर्वर तैनात हैं। पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े 9 बजे शुरू हुई जो 12 बजे तक चली। दूसरी पाली की परीक्षा 2 बजे से होगी। पहले सेकेंड पेपर हुआ, दोपहर बाद फर्स्ट पेपर होगा। लखनऊ में पहली पाली में 22 हजार 200 बीएड और बीटीसी स्टूडेंट्स शामिल हुए। दूसरी पाली में केवल बीटीसी कोर्स वाले 5 हजार 834 स्टूडेंट्स एग्जाम दिया।

परीक्षा देकर निकले अनिरुद्ध वर्मा ने बताया इस बार पेपर थोड़ा ज्यादा टफ था। साइंस और मैथ्स के सेक्शन में ज्यादा कठिन सवाल थे। इंग्लिश और हिंदी सेक्शन हाई स्कोरिंग रहा। निगेटिव मार्किंग नहीं होने के कारण सभी सवाल एटेम्पट किए हैं। दीपशिखा ने बताया हमेशा से मैथ्स ने परेशान किया है। यही कारण रहा कि आज के पेपर में भी मैथ्स का पोर्शन ज्यादा टफ लगा। हालांकि बाकी के सेक्शन के सवाल लगभग सही होने चाहिए। इस बार का पेपर भी हर बार की तरफ मॉडरेट से टफ के बीच का था। बिना तैयारी आने वाले जरूर स्ट्रगल किए होंगे। लखनऊ के लोकल सीबीएसई कोऑर्डिनेटर जावेद आलम खान ने बताया कि राजधानी में परीक्षा के लिए 42 केंद्र बनाए गए हैं। 2 शिफ्ट में एग्जाम होंगे।

पहली शिफ्ट में सेकेंड पेपर होगा। वहीं दूसरी शिफ्ट में फर्स्ट पेपर होगा। परीक्षा के लिए दिल्ली से 49 सदस्यीय टीम भी लखनऊ पहुंच गई है। लखनऊ में निजी कोचिंग संचालक लवलेश सिंह के मुताबिक, प्रथम प्रश्न पत्र कुल 150 अंकों का है। जिसमें भाषा के दो भाग 30-30 अंक के हैं। साथ ही, गणित 30 नंबर, पर्यावरण 30 नंबर, बाल विकास और मनोविज्ञान के 30 नंबर शामिल हैं।

सीसामऊ से नसीम सोलंकी लड़ेंगी उपचुनाव : अखिलेश

लखनऊ । सीसामऊ विधानसभा उप चुनाव में सपा ने निवर्तमान विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी के नाम पर मोहर लगा दी है। सपा हाईकमान ने नसीम सोलंकी को टिकट देने के निर्णय के साथ चुनाव की तैयारी करने के लिए महानगर इकाई के मार्फत सूचना भिजवा दी। कल सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महानगर इकाई के पदाधिकारियों, सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के दोनों अध्यक्षों को लखनऊ बुलवाया था। हाई कमान ने अपना निर्णय बता दिया। सपा मुखिया अखिलेश यादव से महानगर इकाई के अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर तथा सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष वरुण जायसवाल और आसिफकादरी ने मुलाकात की। अखिलेश यादव ने निर्देश दिए हैं कि सीसामऊ उप चुनाव में निवर्तमान विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी चुनाव लड़ेंगी। चुनाव की तैयारी शुरू करने के लिए संदेश भी भिजवाया। नसीम सोलंकी के घर जाकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का संदेश बता दिया गया। नसीम सोलंकी का कहना है कि पहली कोशिश है कि इरफान सोलंकी की विधायकी न जाए।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय में पौधारोपण अभियान के तहत बरगद का पेड़ लगाकर पीडीए पेड़ रोपण अभियान का किया समापन।

पीडीए पौधारोपण अभियान का काकोरी में हुआ समापन

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। काकोरी टाउन के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी इब्राहिम मंसूरी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक सभा के प्रदेश महासचिव राम सजीवन रावत व जिला महासचिव लखनऊ शब्बीर अहमद खान द्वारा पौधारोपण किया गया।

इस मौके पर जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान जी द्वारा मौजूद लोगों को लोकसभा मोहनलालगंज चुनाव में ऐतिहासिक जीत की बधाई दी और सभी लोगों को 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाने का अनुरोध किया। प्रदेश महासचिव शिक्षक सभा ने संघर्ष से शिखर तक पुस्तक मौजूद गढ़मान्य लोगों को भेंट की। इस मौके पर सर्वश्री जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा हारून अजीज, प्रदेश सचिव शिक्षक सभा दिनेश सिंह, सगीर खान उर्फ़ अंगूर, सुफियान, अनस सिद्दीकी, सईद, मो हयात, समीर खान, आकिब मसुरी, बब्लू मसुरी, शहबाज शेख आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

लखनऊ के विकास नगर में तीसरी बार धंसी सड़क

लखनऊ। लखनऊ में बारिश से सड़क के नीचे मिट्टी बह जाने की घटना से विकास नगर के सेक्टर दो में सड़क धंस गयी। बीते दो वर्षों में विकास नगर में सड़क धंसने की यह तीसरी घटना है। विकास नगर सेक्टर दो निवासी अजय ने बताया कि दिन के वक्त उनके आंखों के सामने सड़क नीचे की ओर धंसती गयी और कुछ ही मिनटों में वहां एक बड़ा सा गड्ढ़ा हो गया। सड़क धंसने के बाद वहां पुलिस बैरेकेटिंग लगा दी गई है। कुछ मिनटों के बाद नगर निगम, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को फोन से सूचित किया गया। मौके पर विकास नगर थाने की पुलिस टीम पहुंची, जिन्होंने धंसी सड़क की घेरेबंदी कर दी। अमित अग्रवाल ने कहा कि विकास नगर में दो वर्ष पूर्व ही गुलाचीन हनुमान मंदिर से विकास नगर की ओर मुड़ते हुए सड़क धंस गयी थी।

सम्मेलन | भारतीय संविधान है और रहेगा विषय पर गांधी भवन सभागार में हुआ सम्मेलन

सपा ने की थी प्रमोशन में आरक्षण की खिलाफत

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । भारतीय संविधान पर गांधी भवन सभागार लखनऊ में सम्मेलन हुआ। भारतीय संविधान है और रहेगा विषय पर आज लखनऊ के गांधी भवन सभागार में पारख महासंघ द्वारा सम्मेलन का आयोजन पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के नेतृत्व में किया गया, जिसमें पूरे प्रदेश से संविधान पर चर्चा के लिए सभी समाज, सभी वर्ग के लोग शामिल हुए और अपनी अपनी राय रखी। कौशल किशोर ने मौलिक अधिकार और मौलिक कर्तव्यों के बारे में बताया।

तमिलनाडु में बहुजन समाज पार्टी के अध्यक्ष की हत्या पर तमिलनाडु सरकार की निंदा की ।कौशल किशोर ने कहा सपा और कांग्रेस समेत इंडी गंठबंधन ने उत्तर प्रदेश में पीडीए चलाया और झूठा भ्रम जनता में फैलाया उन्होंने कहा सपा कांग्रेस ने पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक को एक होने के लिए कहा और अगड़ा समाज को भूल गए जबकि अगड़े समाज में बहुत गरीब तपके के लोग हैं जिनको मुख्य धारा में लाना जरूरी है इसलिए पारखघ् महासंघ पूरे प्रदेश में डीपीए मतलब दलित पिछड़ा अगड़ा की संविधान है और संविधान रहेगा यात्रा पूरे प्रदेश में जगह जगह निकालेगी जिसकी शुरुआत लखनऊ, सीतापुर, बाराबंकी, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली इन 6 जिलों से की जाएगी। कौशल किशोर ने कहा पिछड़े में हिंदू धर्म के साथ सिक्ख और मुस्लिम समाज के भी पिछड़े लोग आते हैं ये सभी इस यात्रा में शामिल होंगे।कौशल किशोर ने अपने संबोधन में कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस समेत विपक्ष ने लोकसभा चुनाव के दौरान भ्रामक प्रचार कर जनता को गुमराह करने का कार्य किया जबकि प्रमोशन में आरक्षण को खत्म करने का कार्य समाजवादी पार्टी ने अपने शासन में किया सपा सरकार ने आरक्षण से एससी एसटी वर्ग के प्रमोट हुए अधिकारियों को डिमोट कर आरक्षण का और बाबा साहेब डॉ अंबेडकर का अपमान किया था इसे समाज को कभी भूलना नहीं चाहिए कौशल किशोर ने आगे कहा कांग्रेस ने अपने शासन काल में इमरजेंसी लगाकर संविधान की हत्या की थी। सपा कांग्रेस दोनों आरक्षण और संविधान की विरोधी हैं इनको सत्ता पाने के लिए झूठ बोलने की आदत हो गई है। कौशल किशोर ने कहा जनता को संविधान ने और आरक्षण ने जांचने परखने का अधिकार दिया है। एससी एसटी ओबीसी अगड़ा और सभी धर्म और समाज के पिछड़े लोगों के उत्थान का और उनको सशक्त करने का कार्य मोदी और भाजपा कर रही है मोदी के नेतृत्व में आरक्षण के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता और संविधान को कोई खत्म नहीं कर सकता विपक्ष जानबूझकर भ्रमित कर रहा है जबकि मोदी डा. अंबेडकर के मिशन को पूरा कर रहे हैं इस बात को जनता को समझना चाहिए।

नगरपालिका के भ्रष्टाचार के खिलाफ भाकियू ने दिया ज्ञापन

- कार्रवाई की मांग
- मंडलायुक्त ने मामले में उपजिलाधिकारी को टीम गठित कर तत्काल कार्रवाई के दिये निर्देश

कर्नलगंज/गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

तहसील मुख्यालय स्थित नगर पालिका परिषद कर्नलगंज जो हमेशा अपने मनमानी भ्रष्टाचरित कारनामों को लेकर विवादों और असंवैधानिक कार्यों के चलते सुर्खियों में बना हुआ है। जिसको लेकर आए दिन जिले के आला अधिकारियों के पास पीड़ित अपनी शिकायतें लेकर फरियाद करते हुए अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर काटते नजर आते हैं,लेकिन उन्हें न्याय नही मिलता। इसको देखते हुए नगर पालिका परिषद करनैलगंज के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय महामंत्री प्रताप बली सिंह के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष राजेश सिंह व संगठन मंत्री गजराज सिंह के साथ दर्जनों पदाधिकारी ने मिलकर नगर पालिका परिषद कर्नलगंज के द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ मंडलायुक्त को ज्ञापन देकर कड़ा आक्रोश दर्ज कराया है। भानू के राष्ट्रीय महामंत्री प्रतापबली सिंह ने बताया कि नगर पालिका परिषद कर्नलगंज में भ्रष्टाचार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है,साथ ही अयोग्य सफाई कर्मचारियों से लिपिक का कार्य कराया जा रहा है, जिनके द्वारा संपत्ति का फर्जी नामांतरण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, तथा अवैध वसूली भी की जा रही है। इसे गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए पूर्व मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्रा के द्वारा नगर पालिका के भ्रष्टाचार तथा फर्जी किए जा रहे संपत्ति नामांतरण को लेकर आदेश पारित करते हुए जांच तथा कार्रवाई के आदेश दिए गए थे। लेकिन मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्रा के सेवानिवृत हो जाने के बाद ना ही कार्रवाई हुई और ना ही भ्रष्टाचार को रोकने के लिए किसी तरह की कार्यवाही की गई। जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय महामंत्री ने कड़े शब्दों में भ्रष्टाचार की निंदा करते हुए शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील कर्नलगंज मे आए मंडलायुक्त तथा डीआईजी को ज्ञापन देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की, साथ ही अयोग्य सफाई कर्मचारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

भानू के राष्ट्रीय महामंत्री प्रतापबली सिंह, जिला अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी के द्वारा दिए गए ज्ञापन पर मंडलायुक्त ने उप जिलाधिकारी को टीम गठित कर तत्काल कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

अमरनाथ, वैष्णो देवी यात्रा के लिए 21 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। वजीरगंज विकास खण्ड के बालेश्वर गंज व भुलभुलिया गांव बालपुर बाजार से 21 यात्रियों का पहला जत्था बाबा बर्फानी अमरनाथ धाम के लिये रवाना हुआ।उक्त जानकारी देते हुए भुलभुलिया गांव निवासी भक्त जयप्रकाश सिंह ने बताया कि यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की बैठक आयोजित की गयी।अमर नाथ यात्रा में पहली बार जाने वाले श्रद्धालुओं को सम्पूर्ण जानकारी दी गयी।दस दिवसीय यात्रा में श्रद्धालुओं को खाने पीने,कपड़ा,जरूरी दवायें,यात्रा के दौरान उपयोग में आने वाली अन्य जरूरी समानों के बारे में भी बताया गया।इस अवसर पर गोण्डा के ग्राम सभा भुलभुलिया से जय प्रकाश सिंह,चिन्टू,रवि प्रकाश,सिंह,संतोष कुमार,उमा कान्त,सतीश सिंह,विनोद कुमार , वकील,वीरेन्द्र कुमार,सुनीत मिश्रा,सुनील पाण्डेय और परसपुर से प्रदीप सिंह वजीरगंज नौबस्ता से अजय सिंह गुड्डु दुबे,पंकज दुबे,सौरभ दुबे सहित अन्य भक्तगण रहे।

करंट की चपेट में आकर इलेक्ट्रीशियन की मौत, रेल कर्मचारियों ने किया हंगामा

- विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

जिले के गोंडा रेलवे स्टेशन के डीजल शेड में कार्यरत एक इलेक्ट्रिशियन की रविवार को करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। कर्मचारी की मौत के बाद रेलवे कर्मचारियों ने अस्पताल में जमकर हंगामा काटा और विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मिली जानकारी के मुताबिक बलरामपुर जिले के कौवापुर का रहने वाला नाजिम गोंडा रेलवे स्टेशन के डीजल शेड में इलेक्ट्रीशियन के पद पर कार्यरत था?। नाजिम खैराबाग कालोनी में किराए के मकान में रहता था। रविवार को वह डीजल शेड में काम कर रहा था कि अचानक करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

साथी कर्मचारी उसे लेकर रेलवे अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद रेल कर्मचारियों ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया। फिलहाल पुलिस ने मृतक कर्मचारी के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गयी है।

मूसलाधार बारिश से मकान का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचा परिवार

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

जिले मे शनिवार से हो रही मूसलाधार बारिश के दौरान रविवार को तड़के लगभग तीन बजे नगर कोतवाली क्षेत्र के सुभाषनगर मोहल्ले के टेढ़ी बाजार में एक पुराने मकान का अगला हिस्सा भरभराकर गिर गया। हादसे के वक्त परिवार के लोग सो रहे थे। मकान गिरने की आवाज सुनकर लोग चौंक पड़े और जान बचाने के लिए घर से बाहर की तरफ भागे। पड़ोस के लोग भी आवाज सुनकर बाहर निकल आए। हालांकि गनीमत रही कि हादसे में किसी तरह की जन हानि नहीं हुई है।

मिली जानकारी के मुताबिक नगर कोतवाली क्षेत्र के भरत मिलाप चौराहे के पास स्थित मोहल्ला सुभाष नगर टेढ़ी बाजार में नागेश्वर सैनी का पुराना मकान है। नागेश्वर परिवार समेत इसी मकान में रहते हैं और मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार की जीविका चलाते हैं। मकान काफी पुराना बताया जा रहा है। नागेश्वर की पत्नी अंजू ने बताया कि शनिवार से ही तेज बरसात हो रही है। रात में परिवार के लोग सो रहे थे। रविवार की तड़के करीब तीन बजे उसके मकान का अगला हिस्सा भरभराकर गिर गया। आवाज सुनकर वह दौड़ी तो मकान की दीवार, खिड़की व गृहस्थी का सामान नीचे गली में गिरा पड़ा था। कुछ सामान बिजली के खंभे पर लटक गया था?। हालांकि गनीमत रही कि कमरे में सो रहे उसके बच्चों पलक और आयुष को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। अंजू ने बताया कि घटना में सभी लोग बाल बाल बच गए हैं। हालांकि इमारत और सामान का काफी नुकसान हुआ है द्य अंजू ने बताया कि घटना के काफी समय बाद भी कोई प्रशासनिक अधिकारी पीड़ितों की हाल खबर लेने नहीं पहुंचा है।

सड़क पर जलभराव होने से हो रही परेशानी, ग्रामीणों में आक्रोश

कटरा बाजार/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र के एक गाँव मे सड़क पर पानी का जमाव होने से ग्रामीणो एवं बच्चों को गांव से निकल पाना मुश्किल हो गया है, जिससे ग्राम वासियों में काफी आक्रोश देखने को मिला है।

कटरा बाजार के ग्राम पंचायत झौनहा पश्चिमी में गांव के बीच में बनी सडक पर बीते एक सप्ताह से पानी का जमाव होने के कारण ग्राम वासियों व छात्र/छात्राओं को मुश्किलें बढ़ा दी है। बताया जाता है कि उक्त सी सी सडक के अगल-बगल दोनों तरफ बनी नालियों में ग्राम वासी कूडा,करकट गोबर व गंदगी से जानबूझ कर डालते रहते हैं, जिसके कारण नाली के पानी का निकास नहीं हो पाता है। सड़क पर घुटने तक पानी भरा होने के साथ साथ छोटे बड़े गड्ढे होने कारण पैदल बाईक व साइकिल सवार लोग आये दिन गिर कर चोटहिल होते रहते हैं। पानी का जमाव होने से सड़क का रास्ता दिखायी नहीं देता है जिससे सड़क पर निकलने वाले ग्रामीण चोटहिल हो जाते हैं। पानी का जमाव होने के कारण संक्रमण भी फैलने की आंशका बनी हुई है। गांव के सड़क व विद्यालय तक पानी भरा होने के कारण ग्राम वासियों को घर गृहस्थी समान खेती-बाड़ी जाने के लिए मुश्किलें बनी हुई है। इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने बताया की पिछला कार्य जो हमारे द्वारा कराया था उसका पेमेंट आज तक नहीं मिला हम कहां से कार्य कराये। वही ग्रामीणों में जमकर आक्रोश व्याप्त है। समस्या से त्रस्त लोगों ने जिला प्रशासन से मिलकर फरियाद सुनाने के लिए मन बना लिया है।

कैंप लगाकर मरीजों का किया निःशुल्क इलाज

मनकापुर/ गोंडा, समृद्धि न्यूज। शनिवार को डॉक्टर कृष्ण मुरारी लाल गुप्ता मेमोरियल संस्था द्वारा घर- घर चिकित्सा के अंतर्गत उनकी स्मृति में निशुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन किया गया। मेडिकल कैंप का आयोजन डॉक्टर आलोक कुमार गुप्ता द्वारा किया गया, डॉ निशांत पांडे एमबीबीएस एमडी ने दर्जनों मरीज की शुगर, ब्लड, प्रेशर, आयरन, कैल्शियम सहित अन्य जांच किया। दर्जनों मरीजों ने पहुंच कर लाभ उठाया। जांच के साथ-साथ संस्था के अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता जुगनू द्वारा मरीज को एक सप्ताह की निशुल्क दवाइयां भी दी गई। आने वाले मरीज का सम्मान डॉक्टर कृष्ण मुरारी लाल गुप्ता मेमोरियल संस्था के लोगों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अमित कसौधन, आदित्य गिरी, राकेश गुप्ता, शैलेश, मैनकाइंड संस्था के दीप नारायण पाठक, जेपी शाही सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के तकिया बल्दी पुरवा गांव निवासी एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला का पति मजदूरी के लिए घर से बाहर था। दरगाह थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तकिया बल्दीपुरवा गांव निवासी रेशमा बानो (22) पत्नी रिजवान अहमद की लाश रविवार को घर में मिली। ग्रामीणों के मुताबिक रिजवान मजदूरी के लिए बाजार की ओर गया था। इसी दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पाकर चिचड़ी कटरा बहादुरगंज से पिता मोहम्मद कलीम अहमद पहुंचे। उन्होंने बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगाया। पुलिस को तहरीर देकर शव पोस्टमार्टम करवाए जाने की मांग की। पिता का कहना है कि दो साल पहले शादी हुई थी। कोई बच्चे नहीं थे। आए दिन दामाद बेटी की पिटाई करता था। थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्यवाई की जायेगी।

मृतक आश्रित की पत्नी को दी पांच लाख की सहायता राशि

बहराइच, समृद्धि न्यूज। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा हंसुलिया निवासी संजय पुत्र गोमती प्रसाद दिल्ली में ठेकेदारी का कार्य कर रहे थे। संजय जेके सुपर सीमेंट लिमिटेड कंपनी के द्वारा सूर्यवीर प्रोग्राम के तहत पंजीकृत थे। अचानक सड़क हादसे में 31 अगस्त 2023 को दुर्घटना के शिकार हो गए थे।जिनका इलाज के दौरान देहान्त हो गया था।जिसकी सूचना सीमेंट कंपनी को मिली।जिसके पश्चात कंपनी द्वारा मृतक की पत्नी शांति देवी को कंपनी के जोनल हेड सचिन वर्मा के द्वारा मृतक आश्रित के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए 5 लाख रुपए की चेक प्रदान की गई।इस मौके पर मिहींपुरवा के डीलर वर्मा ट्रेडर्स एवं जेपी ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपराइटर रमेश वर्मा, विजय गुप्ता, स्टेट हेड सौरभ सिंह, एरिया मैनेजर फूलचंद गुप्ता, टेक्निकल से रवि अवस्थी, आशुतोष मिश्रा एवं सेल्स अधिकारी सेश्वर बिंदुपाल के साथ ग्रामवासी उपस्थित रहे।

समस्त निकायों में 72 घण्टे अनवरत चला सफाई अभियान

गोंडा, समृद्धि न्यूज। शासन के दिये गये निर्देशानुसार वर्षा ऋतु के दृष्टिगत शुद्ध पेयजल आपूर्ति व नाला/नाली सफाई अभियान हेतु जनपद गोंडा के समस्त निकायों में 72 घण्टे अनवरत सफाई अभियान चलाया गया। स्थलीय निरीक्षण हेतु नगर निकाय निदेशालय द्वारा नामित नोडल अधिकारी डॉ॰ असलम अंसारी (अपर निदेशक,नगरी निकाय निदेशालय उत्तर प्रदेश) एवं प्रवीण श्रीवास्तव DCCC प्रभारी (निकाय निदेशालय) द्वारा जनपद गोंडा के समस्त निकायों का भ्रमण कर जल भराव की स्थिति का निरीक्षण किया। नगर पालिका परिषद के सिंचाई विभाग वाला नाला, बड़गांव पुलिस चौकी वाला नाला, गुड्डू मल चौराहे वाला नाला, नूरामल मंदिर वाला नाला, राधा कुंड वाला नाला, गांधी पार्क मालवीय नगर नाला आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत समस्त नगर पालिका परिषद,नगर पंचायत के समस्त अधिशासी अधिकारियों की सामूहिक समीक्षा बैठक भी की गई व समीक्षा के दौरान शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु व जल भराव की समस्या से निपटान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रदान किए गए साथ ही साथ साफ सफाई व्यवस्था व शुद्ध पेयजल आपूर्ति को लेकर संतोष जाहिर किया। समीक्षा के समय संजय कुमार मिश्रा (अधिशासी अधिकारी,नगर पालिका परिषद गोंडा) डी.डी. सिंह (अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद करनैलगंज), अभिषेक कुमार (अधिशासी अधिकारीनगर पालिका परिषद नवाबगंज) अमरनाथ (अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत खरगूपुर),श्रीमती रागिनी (अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत धानेपुर), अनुराग (अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बेलसर) एवं नितेश राठौर (जिला कार्यक्रम प्रबंधक) संदीप तिवारी (खाद्य एवं सफाई निरीक्षक), काजी हाशिम रसूल, आशीष सिंह, आलोक श्रीवास्तव आदि अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

भाविप के पदाधिकारियों ने रक्तदान कर बचाई जान

- प्रदीप ड्रोलिया ने 29वीं बार किया रक्त का महादान

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद के मेडिकल कालेज में भर्ती मरीज को अचानक तीन यूनिट रक्त की आवश्कता थी जिसकी जानकारी भारत विकास परिषद के जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता को हुई जिसकी सूचना जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने परिषद के सदस्यों एवं पदाधिकारियों को दिया, जिस पर परिषद के जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता,पूर्व कोषाध्यक्ष प्रदीप ड्रोलिया, एवं सदस्य अखिलेश गुप्ता ने एक - एक यूनिट रक्त का महादान कर मरीज को उपलब्ध कराया, पूर्व कोषाध्यक्ष प्रदीप ड्रोलिया ने बताया कि वे स्वयं इसी तरह 29 वीं बार रक्तदान कर चुके हैं।

रक्त का दान करना पुण्यात्मक कार्य है, एक निश्चित समय अन्तराल पर रक्तदान करने से कोई कमजोरी नहीं आती है अपितु जहां तक मेरा व्यक्तिगत अनुभव है रक्तदान कर मुझे गर्व की अनुभूति होती है जब तक हो सकेगा मैं रक्तदान करता रहूंगा।

मेरा सभी भारत विकास परिषद के सदस्यों से निवेदन है कि आप सभी लोग किसी का जीवन बचाने के लिए रक्तदान अवश्य करें और दूसरों को भी रक्तदान कर महादानी बनने के लिए प्रेरित भी करें।

कैसरगंज सभासद संघ की नई कार्यकारिणी का गठन

- हिमांशु सिंह बने सभासद संघ के अध्यक्ष

जरवलरोड बहराइच, समृद्धि न्यूज।

रविवार को नगर पंचायत कार्यालय कैसरगंज में सभी सभासदों की बैठक बुलाई गई। इस बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। आयोजित बैठक में कुल 13 सभासद उपस्थित रहे। इस बैठक में सभासद संघ की पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके नई कार्यकारिणी बनाई गई। जिसमें सभी सभासदों की उपस्थिति में और उनकी सहमति से सुमन सिंह सभासद प्रतिनिधि हिमांशु सिंह को सभासद संघ का अध्यक्ष चुना गया। इसी क्रम में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए रोहित कुमार मौर्य और मोहम्मद फिरोज आकिफ को महामंत्री अलाउद्दीन , सोहनलाल चौरसिया , मोहम्मद सेफ अन्ना और केतकी मौर्य सभासद प्रतिनिधि हीरालाल मौर्य को उपाध्यक्ष चुना गया। इसी क्रम में माया देवी सभासद प्रतिनिधि,सुरेंद्र कुमार, मोहम्मद मुतल्लिब, अखिलेश वर्मा, सुशील सिंह को मंत्री, पूनम राव सभासद प्रतिनिधि जयप्रकाश राव को कोषाध्यक्ष तथा मोहम्मद फुरकान, अफसर जहां सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद इरफान, ईरम फातिमा सभासद प्रतिनिधि इसराक अहमद चंदू एवं रामराज चौधरी को सदस्य चुना गया।रोहित कुमार मौर्या को अतिरिक्त प्रभार देते हुए मीडिया प्रभारी का पद दिया गया ।

जिले में लगातार हो रही बारिश से बढ़ रहा नदी का जलस्तर

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील

बहराइच में हो रही बारिश से सरयू व घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ना शुरू हो गया है। हालांकि अभी नदिया खतरे के निशान को पार नहीं की है, लेकिन बैराजों से लगातार छोड़े जा रहे पानी व मूसलाधार बारिश से निचले इलाकों में पानी भरना शुरू हो गया है। जिला प्रशासन ने बाढ़ के ख़तरे को देखते हुए अलर्ट जारी कर लोगों से सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की अपील की। पहाड़ों पर हो रही बारिश से बैराजों से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। रविवार सुबह चौधरी चरण सिंह बैराज से 1,59,579 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज हो रहा है। लगातार बारिश के चलते नदियों का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ रहा है। इसको देखते हुए जिले की महसी, कैसरगंज, नानपारा, मिहींपुरवा तहसील के उपजिलाधिकारियों बाढ़ चौकी प्रभारियों के साथ आपदा मित्रों को निचले इलाकों में रहने वाले नागरिकों को सचेत करते हुए उनसे सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है।भारी बारिश से फखरपुर में स्थित पशु चिकित्सालय की बाउंड्री वॉल अचानक भरभरा कर गिर गई।वही जगह जगह पर जलभराव से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जिला मुख्यालय पर आपदा कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसका दूरभाष नम्बर 05252230132 है। कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित रहेगा। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर नागरिक इस नम्बर के साथ 1077 का फोन कर बाढ़ से जुड़ी जानकारी व सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

जल निकासी न होने से सड़क बनी तालाब

दो दिन से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से लोगों का जीवन तो अस्त व्यस्त कर ही दिया।तो वही रिसिया नगर पंचायत मे जल निकासी की समस्या गंभीर बनती जा रही है।जिसका मुख्य कारण छोटे छोटे तालाबों में वार्डों का पानी जाना इसके बाद बारिश के समय यही तालाब से उल्टा रोड़ पर आकर जलभराव की समस्या उत्पन्न करती है। लेकिन कभी तालाबों के पानी को अलग निकासी की व्यवस्था नहीं की गई।तीन चैयरमेन बदले और चौथे चैयरमेन कुर्सी पर बैठे लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।इस समय तो बारिश का मौसम है तो पानी आना स्वाभाविक है लेकिन बिना बारिश के मौसम के हल्की सी भी बारिश लोगों के लिए मुसीबत बन जाती है।

नहीं निकला कोई समाधान :- जल निकासी की समस्या कई से है लेकिन नगर पंचायत इसका कोई समाधान नही निकाल पाया जिसके कारण जगहें जगहें पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है।

तालाबों की नहीं है निकासी:- नगर पंचायत में हर वार्डों का पानी हर वार्ड के तालाबों में गिरता है लेकिन तालाबों की कोई निकासी किसी भी वार्ड में नही किया गया जिसकी वजह से वार्डों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

मिहीपुरवा बिछिया व शहर के बाईपास मार्ग पर बंद हुआ आवागमन

- बारिश के दौरान पेड़ गिरने से हुई दिक्कत

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

शहर के बाईपास मार्ग और मिहीपुरवा-बिछिया मार्ग पर बारिश के चलते एक बड़ा पेड़ सड़क पर गिर गया। जिसके चलते वाहनों का आवागमन बंद हो गया है। मोतीपुर तहसील क्षेत्र में बिछिया-मिहीपुरवा मार्ग पर भारी बारिश के चलते बीच सड़क पर रविवार सुबह एक पेड़ गिर गया। मुर्तिहा के निकट पेड़ बीच सड़क पर गिरने के चलते दोनों तरफ से आवागमन रुक गया है। क्षेत्र के लोग पैदल ही इस रास्ते को पार कर रहे हैं, वाहनों का आवागमन बंद है। पेड़ गिरने की सूचना वन विभाग को दी गई है, लेकिन अभी तक कोई भी कर्मचारी मौके पर पंहुचा नहीं है। उधर भारी बारिश के चलते शनिवार रात में शहर के बाईपास मार्ग पर झिंगहा घाट तिराहे पर पुराना पेड़ गिर गया। जिसके चलते आरटीओ ऑफिस जाने वाला रास्ता बाधित हो गया। पेड़ गिरने से विद्युत सप्लाई बाधित होने से स्थानीय लोग हलकान हैं। सूचना के बाद भी अभी तक कोई कर्मचारी इसे देखने नहीं पहुंचा है।

भारोत्तोलन में जिले के पुलिसकर्मियों ने जीता मेडल

- बस्ती में आयोजित खेल में शामिल हुए जिले के पुलिसकर्मी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद बस्ती में आयोजित दो दिवसीय गोरखपुर जोन की 29वीं अंतर्जनपदीय भारोत्तोलन क्लस्टर (भारोत्तोलन, पावर लिफ्टिंग व योगा) प्रतियोगिता(पुरुष/महिला) में खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

इसमें विजेता खिलाड़ियों को पुलिस अधीक्षक बस्ती ने सम्मानित किया।पुलिस विभाग की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में बहराइच से भारोत्तोलन में पुरुष टीम के हेड कांस्टेबल संजय गौड़ ने 73 किग्रा में गोल्ड, हेड कांस्टेबल रामप्रसाद चौधरी ने 67 किग्रा में गोल्ड, सिपाही अमरीश यादव ने 57 किग्रा में गोल्ड व धीरेंद्र गौतम ने 90 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल जीता।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि महिला वर्ग में महिला सिपाही शची पटेल 69 किग्रा में सिल्वर, अनुप्रिया शुक्ला 52 किग्रा में सिल्वर व ज्योति पासवान 45 किग्रा में सिल्वर पदक प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को पुलिस अधीक्षक बस्ती ने पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

सारथी वाहन रवाना कर दिया जनसंख्या स्थिरता का सन्देश

- 10 जुलाई तक चलेगा दंपति संपर्क पखवाड़ा
- 11 जुलाई को मनाया जायेगा विश्व जनसंख्या दिवस
- 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दी जाएगी परिवार नियोजन की सेवाएं

सारथी वाहन के माध्यम से जनपद में जनसंख्या स्थिरता और परिवार नियोजन के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इन सेवाओं का लाभ उठा सकें और अपने परिवार को स्वस्थ एवं खुशहाल बना सकें। *डॉ. राजेश, प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी।*

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। जनपद में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े के अंतर्गत परिवार नियोजन जागरूकता वाहन सारथी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष राणा ने बताया कि दंपति संपर्क पखवाड़ा 10 जुलाई तक चलेगा, जिसके दौरान योग्य दंपत्तियों को परिवार नियोजन के आधुनिक साधनों के बारे में जागरूक किया जाएगा। 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाएगा और 11 जुलाई से 31 जुलाई तक इच्छुक दंपत्तियों को परिवार नियोजन की सेवाएं प्रदान की जाएंगी। परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. एस. के. गौतम ने बताया कि पखवाड़े के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता उन दंपत्तियों से संपर्क करेंगी जिन्हें परिवार नियोजन के बारे में परामर्श की आवश्यकता है। इसके लिए वे उनकी जरूरत और पसंद के अनुसार परिवार नियोजन के साधनों की जानकारी देंगी। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाएं, नव विवाहित दंपत्तियां और ऐसे दंपत्ति जिनके तीन या तीन से अधिक बच्चे हों, को भी परिवार नियोजन सेवाएं लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए सारथी वाहन से प्रचार-प्रसार के साथ ही सास-बहू-बेटा सम्मेलन के जरिये अधिकाधिक लोगों तक परिवार की खुशहाली में परिवार नियोजन के आधुनिक साधनों की भूमिका के बारे में जागरूक किया जायेगा । उन्होंने बताया पखवाड़े के दौरान दंपत्तियों को गर्भनिरोधक गोली और कंडोम वितरित किए जाएंगे, साथ ही अंतरा इंजेक्शन और कॉपर टी को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इच्छुक लाभार्थियों के लिए पुरुष या महिला नसबंदी की पूर्व पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध होगी।इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ, डीपीएम, हेल्थ पार्टनर्स, और कार्यालय के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जनपद में परिवार नियोजन की स्थिति

डीपीएम सरजू खान ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में पुरुष नसबंदी 60, महिला नसबंदी 4959, आईयूसीडी 11654, पीपीआईयूसीडी 28405, त्रैमासिक अंतरा इंजेक्शन 41305, माला एन 78125, कंडोम 374249 और छाया के 59235 लाभार्थी जिले में परिवार नियोजन सेवा प्राप्त करने के लिए आगे आए हैं।

आधुनिक परिवार नियोजन के साधन

अस्थायी उपाय :- त्रैमासिक अंतरा इंजेक्शन, गर्भ निरोधक माला-एन गोली, गर्भ निरोधक साप्ताहिक गोली छाया, कापर-टी, आईयूसीडी, पीपीआईयूसीडी, कंडोम, ईसीपी की गोलियां। **स्थायी उपाय**:- पुरुष व महिला नसबंदी:- प्रोत्साहन राशि:- महिला नसबंदी- 2000/- रुपए, प्रसव पश्चात महिला नसबंदी- 3000/- रुपए, पुरुष नसबंदी: 3000/- रुपए, प्रसव पश्चात कॉपर-टी- 300 /- रुपए (दो फॉलो-अप पर), त्रैमासिक गर्भनिरोधक अंतरा इंजेक्शन प्रति डोज- 100/- रुपए।

पुलिस के खिलाफ कोतवाली में धरने पर बैठीं जिला पंचायत अध्यक्ष

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

भाजपा की जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी पुलिस के खिलाफ ऊंचाहार कोतवाली परिसर में ही धरने पर बैठ गईं। उनका कहना है कि पुलिस हर मामले में केवल रिश्वत ढूंढती है।

पंचायत अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि एनटीपीसी में काम करने वाले गरीब मजदूरों के गेट पास नवीनीकरण के लिए पुलिस पांच सौ रुपए लेती है। उन्होंने कहा कि हाल ही में कंदरावा गांव में

स्थित अंबेडकर की प्रतिमा को तोड़ा गया जिसमें पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। ऊंचाहार कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने समझा बुझाकर उनका धरना खत्म करवाया। उन्होंने कहा जो भी शिकायत है इसका निपटारा किया जाएगा।

कोतवाल ने दी जानकारी:- इस बाबत जब ऊंचाहार कोतवाल अनिल कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि दो महिलाओं का विवाद था और एक पक्ष की पैरवी रंजना चौधरी कर रही थीं लेकिन दूसरे पक्ष ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाकर मुकदमा दर्ज करा दिया। जबकि रंजना चौधरी की तरफ से कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था जिसकी वजह से वह नाराज थीं। मैंने उन्हें समझाया कि जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा। रंजन चौधरी द्वारा ऊंचाहार पुलिस पर लगाए गए अन्य आरोपों पर ऊंचाहार कोतवाल ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

रंजना चौधरी ने लगाए गंभीर आरोप

पंचायत जिला पंचायत अध्यक्ष रंजन चौधरी ने ऊंचाहार रंजन चौधरी ने ऊंचाहार कोतवाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पंचायत अध्यक्ष का आरोप है कि पूरे क्षेत्र में नशे का कारोबार पुलिस के संरक्षण में फल फूल रहा है, यहां की युवा पीढ़ी को बर्बाद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर कोतवाल को किसी मामले में फोन करो तो कोतवाल कहते हैं कि मैं जिला पंचायत अध्यक्ष का नौकर नहीं हूं, जो उनके कहने पर कोई काम करुं। उनका कहना है कि इस तरह से जनप्रतिनिधियों के सामने बड़ी विषम स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने बताया कि धरना के बाद कोतवाल उनके पास आए और उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में वह कार्यशैली में सुधार लायेंगे और अंबेडकर प्रतिमा तोड़ने वालों के विरुद्ध जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

धूमधाम से निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

कस्बे के भैरवनाथ मंदिर से रविवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस भैरवनाथ मंदिर में समाप्त हुई।जहां भंडारे का आयोजन किया गया। भैरवनाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ का रथ सजाया गया था। यहां सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ जमा थी। फिर गाजे-बाजे के साथ भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। यात्रा बाला जी मंदिर, करुणा बाजार चौराहा, गल्ला मंडी, तिकोना पार्क, गांधी चौराहा, बेहटा चौराहा पहुंची।

बेहटा चौराहा स्थित हनुमान मंदिर में रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। बेहटा चौराहा से यात्रा फिर आचार्य नगर, मेन रोड होते हुए वापस भैरवनाथ मंदिर में समाप्त हुई। यात्रा के समापन के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई।

यात्रा के दौरान डीजे में बज रहे भक्तिमय गानों पर लोग झूमते हुए चल रहे थे। यात्रा में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा के बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया।

क्या है हिंदू धर्म की मान्यता

हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाती है। पदम पुराण के अनुसार, भगवान जगन्नाथ की बहन ने एक बार नगर देखने की इच्छा जताई थी। तब भगवान जगन्नाथ और बलभद्र ने अपनी लाडली बहन सुभद्रा को रथ पर बिठाकर नगर भ्रमण कराया था। इस दौरान वे अपने मौसी के घर गुड़ीचा भी गए थे ।तभी से हिंदू धर्म के उपासक भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकालते हैं।

खबरें एक नजर में

ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज। ट्रेन की चपेट में आने से एक 55 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर दर्दनाक हो गई परिजनों को घटना की सूचना मिली तो परिवार में कोहराम मच गया ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के लाल जी का पुरवा मजरे कान्हा निवासी बाल किशन लोध पूत्र बदल फालिश की बीमारी से ग्रसित था रविवार की सुबह लगभग 10:00 बजे घर से निकला हुआ था तब से वह वापस घर नहीं पहुंचा था शाम लगभग 6:00 बजे प्रयागराज से कानपुर की तरफ जाने वाली ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट आ गया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ग्रामीणों की माने तो मृतक को तीन माह पूर्व पुलिस का अटैक आया था जिसके चलते वह बहुत परेशान रहता था ग्रामीणों ने बताया कि ट्रेन गुजरने के पहले वह खेतों में बैठा था ट्रेन आने के पहले वह रेल की पटरी पर आकर बैठ गया जिससे उधर से गुजर रही ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई ग्रामीणों नई घटना की सूचना पुलिस को दी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि 100 को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

पत्नी से विवाद के बाद युवक ने लगाई फांसी

बहराइच, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के ग्राम पंचायत खपुरवा निवासी युवक का रविवार सुबह पत्नी से पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सतीश कुमार वर्मा (32) पुत्र रघुराज वर्मा ने रविवार सुबह पत्नी से रूपये की मांग की। पत्नी ने नशे के लिए रूपये न देने की बात कही। इससे सतीश नाराज हो गया। उसने घर के सामने लगे बरगद के पेड़ में फंदा लगाकर जान दे दी। जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक अभिनव प्रताप सिंह ने बताया कि युवक नशे का आदी था। उसके शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

एनआरएलएम की दोनों कैंटीनों का बिजली कनेक्शन कटा, दो महीने से व्यवसाय ठप

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। एक तरफ सरकार एनआरएलएम को आगे बढ़ाने में एड़ीचोटी का जोर लगाये हुये है वही दूसरी तरफ जिले के अफसर समूह द्वारा संचालित उद्योग को ठप करने के लिये कार्यवाही कर रहे है। विकास भवन कुछेछा के परिसर में दो प्रेरणा कैटीन खुलवाई गयी थी। दोनो प्रेरणा कैंटीन श्री बांके बिहारी स्वयंम सहायता समूह पारा ओझी और रोशनी महिला स्वयं सहायता समूह पौथिया के द्वारा संचालित हैं। ये समूह सरकार के द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत पोषित है। इनको सरकार द्वारा आजीविका चलाने की हर संभव मदद दी जाती है ताकि इन समूहों में शामिल दुर्बल वर्ग के महिला और पुरुषों के जीवन स्तर को ऊचां किया जा सके। दो माह पूर्व मुख्य विकास अधिकारी ने किसी बात से नाराज होकर इन कैंटीनो का बिजली कनेक्शन कटवा दिया था और चिलचिलाती गरमियों के दो महीने गुजर जाने के बाद भी अभी तक जोडा नहीं गया है। इस कारणवश इन कैंटीनो में लगे हुए पंखे और फ्रीजर बंद पडे हैं और इनका कारोबार चौपट हो रहा है। कैटीन संचालकों ने कई बार बिजली जोडने हेतु अनुरोध किया और समय से तथा पूरा बिल भरने की बात कही लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। इसके अलावा संचालकों पर बिजली चोरी का केस भी दर्ज करवा दिया गया। ये लोग बाहर से अलग कनेक्शन नहीं ले सकते क्यों कि दोनो कैन्टीन विकास भवन परिसर के अंदर हैं और बिना सीडीओ के परमीशन के नया कनेक्शन नहीं लिया जा सकता है। कैटींन का कारोबार ठप्प होने से जीविका का संकट खड़ा हो गया और पूंजी भी फंस गयीं हैं।

कल्याणपुर विधायक ने किया पौधरोपण

पनकी कानपुर, समृद्धि न्यूज। जलवायु को शुद्ध करने के लिए पेड़ लगाना अति आवश्यक है। इससे आने वाले भविष्य में जलवायु शुद्ध बनी रहे और सभी का जीवन स्वच्छ और अच्छा हो इसलिए पेड लगाना अति आवश्यक होता है।वातावरण एवं शुद्ध जलवायु के लिए सभी क्षेत्रवासियों को वृक्षारोपण करना चाहिए। उक्त संदेश को प्रसारित करते हुए कल्याणपर क्षेत्र की विधायिका नीलिमा कटियार ने रतनपुर में वृक्षारोपण कर लोगों को अधिक पौधे रोपने हेतु जागरूक किया। उक्त कार्यक्रम में उनके साथ क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। लोगों ने भी शुद्ध वातावरण व जलवायु को बनाने का संकल्प लेते हुए प्रत्येक व्यक्ति द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में एक-एक पौधा लगाकर जलवायु को शुद्ध करने का बीड़ा उठाया। पनकी क्षेत्र में हिमालय भवन रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी रजि शताब्दी नगर के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कल्याणपुर विधानसभा की भाजपा विधायक नीलिमा कटियार ने वृक्षारोपण किया। जिसमें प्रमुख रूप से शशांक गुप्ता, रूपेंद्र यादव, राहुल भदोरिया, के के गुप्ता, मनोज मिश्रा, राकेश मिश्रा, अशोक दुबे पार्षद, विकी भल्ला ,मनीष द्विवेदी सहित क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

डिजिटल हाजरी का शिक्षकों द्वारा किया जा रहा बहिष्कार

कानपुर देहात, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश में एकबार फिर से बेसिक शिक्षा परिषद के लाखों अध्यापक विभाग के महानिदेशक के तुगलकी फरमान के खिलाफएकजुट होकर ताल ठोक रहे हैं। वही महानिदेशक ने अपने तुगलकी फरमान की तारीख 15 से घटाकर 8 जुलाई कर दी है। शिक्षक संगठनों ने साफतौर पर एलान कर दिया है कि डिजिटल हाजरी का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। काली पट्टी बांधकर विरोध होगा, मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा तथा इसी माह के अंत में महानिदेशक के कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। महानिदेशक कंचन वर्मा ने जो डिजिटल हाजरी रूपी मौत का वारंट जारी किया है उसे हम लोग कदापि स्वीकार नहीं करेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग में भौगोलिक एवं भौतिक स्थिति का आकलन किए बगैर तुगलकी फरमान जारी किए जाते हैं प्रत्येक जिले में ऐसे सैकड़ो विद्यालय हैं जहां मोटरसाइकिल से तो छोड़िए पैदल जाने तक के लिए सही रास्ता नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों में किसी भी कंपनी के सिम कार्ड में नेटवर्क भी नहीं आते हैं। वहां शिक्षक ऑनलाइन अटेंडेंस कैसे लगायेंगे। वे बेचारे आजा आजा नेटवर्क अब तो आजा देख तो कैसी हालत हुई है कुछ ऐसा ही गीत गाते नजर आएंगे।बेसिक शिक्षा विभाग में ऐसे अधिकारी जो मन आता है जब मन आता है बस एसी कमरों में बैठकर तुगलकी फरमान जारी कर देते हैं। फिलहाल इसके विरोध में सभी शिक्षक संगठन एकजुट हो गए हैं। इससे पहले ही शिक्षकों ने विरोध दर्ज कराना शुरू कर दिया है। शिक्षकों ने एक्स पर बायकॉट ऑनलाइन उपस्थिति ट्रेंड करा दिया है। एक्स पर बायकॉट ऑनलाइन पहले नंबर पर चल रहा है। अब तक 5 लाख से ज्यादा ट्वीट हो चुके हैं। शिक्षकों का कहना है कि गांव के कई स्कूलों में जाने के लिए सुगम रास्ते तक नहीं है। इसके साथ ही कई स्कूलों तक जाने के लिए साधन तक नहीं है। शिक्षक वैसे तो टाईम पर स्कूल पहुंच जाते हैं लेकिन कभी क्रॉसिंग बंद, जाम, रूट डायवर्जन, कावड़ियों की भीड़, बारिश, आंधी इन सब वजहों से जब हम कभी लेट होते हैं तो इसमें हमारा क्या दोष है यह लिखकर ट्रेंड करा रहे हैं।

बारिश ने खोली रेलवे स्टेशन में हुए भ्रष्टाचार की पोल

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रायबरेली में मानसून की पहली झमाझम बारिश के बाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर शेड के बीच से तेज पानी गिर रहा है। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्लेटफार्म पर बने शेड मे लगे पाइप के चोक होने की वजह से पानी ओवरफ्लो होकर बहने लगा था। वीडियो वायरल होने के बाद रेलवे प्रशासन ने मजदूर लगाकर ड्रेनेज सिस्टम सही कराने का कार्य शुरू कर दिया है। फिलहाल रेलवे विभाग के लापरवाही की वजह से पानी ओवरफ्लो होकर प्लेटफार्म पर गिरने लगा था।

रायबरेली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर बने शेड से पानी निकालने के लिए टीन की

- नव निर्मित रेलवे स्टेशन में स्थिति बेहाल, टीन सेट से टपक रहा बारिश का पानी
- प्लेट फार्म पर बैठने वाले यात्रियों को हो रही असुविधा
- करोड़ो की लागत से रेलवे स्टेशन का हुआ है सौंदर्यीकरण

नालियां बनाई गई है और इन नालियों में से ड्रेनेज पाइप को जोड़कर पानी बाहर निकालने की व्यवस्था भी कराई गई है। ड्रेनेज पाइप में कोल्ड ड्रिंक की बोतले व पॉलिथीन फंसी पड़ी थी जिसके कारण बरसात का पानी पाइप से निकल नहीं पा रहा था। यही वजह थी कि पानी पाइप से ना निकल कर ओवरफ्लो होने लगा और प्लेटफार्म पर ही गिरने लगा। प्लेटफॉर्म एक पर बना शर्ट काफी पुराना है वहां पर नवनिर्माण जैसी कोई चीज नहीं हुई है। रेलवे स्टेशन पर ही स्नानागार में काम करने वाले भोला ने बताया कि बीते शुक्रवार को स्नानागार के सामने ही टीन शेड से पानी नीचे आने लगा क्योंकि जो पानी निकालने की पाइप लगी थी उससे पानी नहीं निकल रहा था। जिससे यात्रीगण वहां से उठकर जाने लगे। वही मौके पर काम कर रहे रेलवे मजदूर मुकेश ने बताया की पानी पाइप से नहीं निकल रहा था जिसके लिए हम लोग यहां रिपेयर करके ड्रेनेज सिस्टम सही कर रहे हैं।

दीवार काटकर लाखों का माल किया पार

सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रायबरेली में बेखौफ चोरों ने पुलिस के रात्रि गश्त की पोल खोलते हुए घर की दीवार काट कर सोने चांदी के जेवरात व नगदी समेत लाखों की माल पर किया हाथ साफ मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बैरमपुर गांव का है जहां के रहने वाले राम नरेश वर्मा के बहन की शादी की तैयारी चल रही थी और धीरे-धीरे शादी का सामान इकट्ठा किया जा रहा था लेकिन बेखौफ चोरों ने घर के पीछे की दीवार काट कर घुसे, और अलमारी व बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात व लगदी समेत लगभग 8 से 10 लाख रुपए से अधिक के माल पर हाथ साफ कर दिया, रामनरेश के मुताबिक चोरों ने डेढ़ किलो चांदी, सोने की सिलाई, दो मंगलसूत्र चांदी की करधनी व पायल समेत एक लाख दस हजार रुपए रुपए चुरा ले गए, सुबह जागने पर पीड़ित को घटना की जानकारी हुई बेखौफ चोरों ने गांव के दो घरों में और दीवाल काट कर चोरी का प्रयास किया किंतु वह सफल नहीं हो सके।

बाबूजी धीरे चलना बड़े गड्ढे हैं इस मार्ग पर

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

डलमऊ से ऊंचाहार राजमार्ग की खराब दुर्दशा के चलते राहगीरों का चलना मुश्किल हो रहा है जगह-जगह पर बने हुए बड़े-बड़े गड्ढे एवं उसमें भरा हुआ पानी राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है मुख्य मार्ग होने के चलते प्रतिदिन तहसील थाना ब्लॉक मुख्यालय सहित स्कूल के छात्र-छात्राओं का भी आवागमन रहता है प्रतिदिन इस मार्ग से लाखों की संख्या में लोग गुजरते हैं लेकिन सड़क की दुर्दशा से लोगों को मुसीबत झेलनी पड़ रही है सड़क की खराब दुर्दशा को लेकर कस्बे के साथ-साथ क्षेत्रीय लोगों ने भी सड़क की मरम्मत कराए जाने की कई बार मांग की लेकिन विभाग के द्वारा इस सड़क की हालत को नजर अंदाज किया जा रहा है डलमऊ से ऊंचाहार मार्ग लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है रविवार को सपा जिला अध्यक्ष जेपी यादव, आलोक यादव विक्की प्रदेश सचिव युवजन सभा, वीरेंद्र किसान, नीरज यादव पूर्व जिला सचिव युवजन सभा, अनुपम यादव बाबूराम गुप्ता, दीपक के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने आक्रोशित होकर सड़क पर बने हुए बड़े-बड़े गड्ढे में धान की रोपाई कर दी और विरोध प्रदर्शन करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की है आलोक यादव विक्की ने कहा कि सड़क की खराब दुर्दशा को लेकर कई बार लोक निर्माण विभाग से मरम्मत कराए जाने की मांग की गई लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है प्रतिदिन इसी मार्ग से तहसील थाना ब्लॉक एवं पढ़ने वाले हजारों की संख्या में स्कूली बच्चों का आना-जाना रहता है लेकिन सड़क पर बने हुए गढ्डो की वजह से आए दिन राहगीर चोटिल हो रहे हैं स्कूली बच्चे आए दिन परेशान होते हैं लोगों का कहना है कि सड़क पर बने हुए गड्ढे की वजह से सड़क चलने लायक नहीं बची है इसलिए इसमें धान की रोपाई की गई है।

लोक निर्माण विभाग ने गड्ढे में डाली गिट्टी

सड़क की खराब दुर्दशा को लेकर रविवार को सुबह सपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीण लोगों के द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए धान की रोपाई कराए जाने की सूचना मिलते ही लोग निर्माण विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और रोपाई किए गए स्थान पर बने हुए गड्ढे में गिट्टी डालकर उसे मरम्मत का कार्य किया गया हालांकि सड़क डलमऊ से गदागंज तक बढ़ाहल स्थिति में है लेकिन लोग निर्माण विभाग ने पेट्रोल पंप मुराई बाग के निकट बने हुए गढ्डो में गिट्टी डालकर मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया है।

पुलिया के रेलिंग निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का सपा कार्यकर्ताओं ने किया विरोध

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

कस्बे के शिवगढ़ रोड पर बीते दो वर्षों से छोटी नहर की टूटी पुलिया की रेलिंग को लेकर बीते दिवस समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा बछरावां नगर पंचायत से सपा के पूर्व प्रत्याशी प्रमोद कुमार पटेल के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है।

हस्ताक्षर अभियान के तत्पश्चात लोक निर्माण विभाग द्वारा रविवार की सुबह पुलिया की रेलिंग का निर्माण कार्य शुरू किया गयाद्य परंतु पुलिया की रेलिंग के निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कियाद्य इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए बछरावां नगर

पंचायत से सपा के पूर्व प्रत्याशी प्रमोद कुमार पटेल ने बताया कि उन्होंने पुलिया की रेलिंग के निर्माण कार्य में प्रयोग हो रही घटिया सामग्री को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अमन यादव से दूरभाष पर बातचीत करके इस समस्या के विषय में अवगत कराया तो उन्होंने आश्वासन दिया है कि पुलिया की रेलिंग के निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की कोई घटिया सामग्री प्रयोग नहीं की जाएगीद्य पुलिया का निर्माण कार्य अच्छी सामग्री एवं मानक के अनुसार कराया जाएगा।

शराबी की नाले में गिरकर मौत, दो दिन बाद मिला शव

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज। पूरे ठकुराइन मजरे नरसवा गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब नाले में पुल के नीचे 35 वर्षीय युवक का सव मिला लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। डलमऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे ठकुराइन मजरे नरसवा निवासी शिवकुमार 35 वर्ष पुत्र रामरतन शुक्रवार शाम शराब पीकर नशे की हालत में रास्ता भटक गया और नाले में बने पुल के नीचे चला गया नाले में पानी अधिक होने की वजह से उसमें डूब गया नशे का आदी होने की वजह से घर वालो और आसपा के लोगों ने ज्यादा ढूंढने का प्रयास नहीं किया शनिवार की शाम को उसकी खोजबीन शुरू की तो नहीं मिला 2 दिन बाद रविवार को पुल के नीचे नाले में उसका शव उतराता हुआ मिलने से हड़कंप मच गया ग्रामीणों को जानकारी हुई तो लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई गांव वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गांव वालों और पिता राम रतन ने बताया कि तीन बेटो में सबसे बड़ा बेटा था जो नशे का आदी था चौबीस घंटे नशे में रहता था उसकी इस आदत के चलते उसकी शादी नहीं हुई थी।

टप्पे बाजी करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

- बछरावां पुलिस को मिली बड़ी सफलता

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना बछरावां जनपद रायबरेली, थाना सलोन जनपद रायबरेली, थाना गौरीगंज जनपद अमेठी, थाना लालगंज जनपद रायबरेली पर विभिन्न धाराओं में पंजीकृत अभियोग के अंतर्गत अभियुक्त मोहम्मद जुबेर पुत्र मोहम्मद नासिर निवासी नयापुरवा मेडावा थाना लालगंज अझारा जनपद प्रतापगढ़ एवं अभियुक्त आशीष तिवारी पुत्र नन्हे लाल तिवारी निवासी नयापुरवा मेडावा थाना लालगंज अझारा जनपद प्रतापगढ़ को 55 एटीएम कार्ड विभिन्न बैंकों के, 17620 रुपए नगद व एक अदद मोटरसाइकिल पैशन प्रो गाड़ी संख्या यूपी 33 ए एफ 7476 के साथ थाना बछरावां क्षेत्र के कुंदनगंज से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

जिनके विरुद्ध स्थानीय थाने पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैद्य अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली इस पुलिस टीम में थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा, उप निरीक्षक सुनील कुमार, आरक्षी मोहम्मद कासिब सहित थाना बछरावां की पुलिस टीम मौजूद रही।

इनरव्हील क्लब ने जगन्नाथ रथयात्रा का पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रामकृपाल चौराहे पर इनर व्हील क्लब रायबरेली की सभी सदस्याओं ने भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा का भव्य स्वागत पुष्प वर्षा कर किया रथयात्रा में बैठे भागवन को प्रसाद चढ़ा कर साथ ही भगवान जगन्नाथ का पूजन भी किया। सभी पदाधिकारी ने रथ यात्रा को कुछ दूर आगे बढ़ाने रस्सी खींच कर रथ चलाने वाले सभी लोगों को इनरव्हील क्लब की सदस्याओं ने शोभा यात्रा में सभी भक्तों हजारों को सोनपापड़ी, आम, केला, फूटी एवं पानी का वितरण

किया। इस पावन अवसर पर अध्यक्षा दीप्ति सिकरिया, आज पूरा देश कई जिले व प्रदेश में भगवान श्री जगन्नाथ यात्रा निकल जाती है सभी देशवासी व विदेशों में भी भगवान की शोभायात्रा व पूजन करते हैं सचिव विनीता राजपाल, अर्चना सिकरिया, प्रियंका अग्रवाल, रीना गुप्ता, निधि मेहरोत्रा, अल्पना पियूष,नीरज गुप्ता आदि सदस्याएं उपस्थित थीं।

मिहींपुरवा ब्लॉक ही है बीमार तो गांवों तक कैसे पहुंचे यूपी की सरकार

- विकास योजनाओं की रूपरेखा तय करने के लिए स्थापित मिहींपुरवा ब्लॉक सभागार बना मवेशियों का तबेला
- मिहींपुरवा विकासखंड कार्यालय परिसर नजर आ रहा तालाब, परिसर में रहने वाले जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी भी साधे हुए हैं चुप्पी

बहराइच, समृद्धि न्यूज। यूपी की सरकार गांव के विकास के लिए तरह-तरह की योजनाएं संचालित कर रही है लेकिन सरकारी योजनाओं को गांव तक पहुंचाने की व्यवस्था ही अव्यवस्था का शिकार है। बहराइच जिले का अति महत्वपूर्ण मिहींपुरवा ब्लॉक ही इस समय बीमार हैं, तो गाँवो तक यूपी सरकार की योजनाएं कैसे पहुंचेंगी। विकास योजनाओं की रूपरेखा तय करने के लिए स्थापित मिहींपुरवा ब्लॉक सभागार इस समय मवेशियों का तबेला नजर आ रहा है। इतना ही नहीं मिहींपुरवा विकासखंड कार्यालय परिसर तालाब में तब्दील दिख रहा है, परिसर में रहने वाले जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी भी पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए हैं।यूपी सरकार मूलभूत सुविधाओं से गांवों को सुस्सजित करने के साथ ही ग्रामीणों की सुविधा के लिए तरह-तरह की सरकारी योजनाओं से लोगों को आच्छादित करने पर बल दे रही है। गांव

में सरकारी योजनाएं विकासखंड कार्यालय के माध्यम से पहुंचती है, लेकिन यूपी के बहराइच जिले में गांव का विकास भगवान भरोसे दिख रहा है, ऐसा इसलिए कहना पड़ रहा है क्योंकि ब्लॉक कार्यालय ही जब दुर्दशा की चपेट में है तो गांव के विकास की बात कैसे हो।मिहींपुरवा ब्लॉक लखीमपुर जिले की सीमा को तो छूता ही है, नेपाल राष्ट्र की सीमा से भी सटा हुआ है। इसके साथ ही मिहींपुरवा ब्लॉक में ही कतर्नियाघाट सेंक्चुरी भी स्थापित है। इतना महत्वपूर्ण विकासखंड होने के बावजूद, मिहींपुरवा विकासखंड कार्यालय दुर्दशा का शिकार है। 2 दिन से शुरू हुई मूसलाधार बारिश में ब्लॉक कार्यालय परिसर तालाब के मानिंद नजर आ रहा है। ब्लॉक कार्यालय के जिस सभागार में विकास योजनाएं कभी तय होती थी उस सभागार के परिसर में इन दिनों मवेशियों का बसेरा है।तस्वीरों में आप साफ देख सकते हैं कि मिहीपुरवा ब्लॉक के अंदर की ऐसी हालत है ,जहां ग्राम पंचायत अधिकारी के आवास के बाहर जलभराव ने तालाब का रूप ले लिया है ,बारिश के शुरुआत में यह आलम है, जबकि अभी तो पूरा बरसात सामने है, जहां से विकास की नींव रखी जाती है वहीं पर विकास की यह हालत है, ग्राम पंचायत अधिकारी मिहीपुरवा दयानंद के आवास के सामने की है तस्वीर पूरे ब्लॉक की व्यवस्था को शर्मसार कर रही है, यह वही तस्वीर है जहां ब्लॉक सभागार के गेट पर मवेशी खड़े दिख रहे हैं, यहीं से अधिकारी अंदर प्रवेश करते हैं, लेकिन व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए कोई पहल करता नहीं दिख रहा है। इस मामले में जिम्मेदार अधिकारी भी चुप्पी साधे हुए है।

भावना, शोषण और त्रासदी

आज के जटिल तनावों के बीच साधारण आदमी मन की शांति भी चाहता है और अपनी तमन्नाओं को फलीभूत भी करना चाहता है। इन दोनों कामनाओं की पूर्ति के लिए वह भटकता रहता है। उस मनस्थिति में अगर कोई उठ कर हाथ थामने का स्वाँग भी भरे तो बड़ी राहत मिलती है। कुछ ऐसा ही हुआ जब भक्ति, समर्पण और जीवन में उत्कर्ष की आकांक्षा लिए निष्ठा के साथ इकट्ठा हुए श्रद्धालु भक्तों के हुजूम के बीच अचानक हुई भगदड़ के दौरान बीती दो जुलाई को सवा सौ लोगों को असमय ही अपनी जानें गंवानी पड़ी और बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए । यह विचलित कर देने वाला दुखद हादसा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक छोटे से शहर हाथरस के एक गांव में हुआ। यह मानवीय त्रासदी जनता, धर्म गुरुओं, उपदेशकों और जन-व्यवस्था के लिए ज़िम्मेदार सरकार सब के सामने कई तरह के सवाल छेड़ गई । आज इक्कीसवीं सदी के ज्ञान युग में विकसित भारत का दम भरने वाले, विश्व की तीसरी अर्थ व्यवस्था का सपना संजोने वाले हम सब को विचार के लिए बाध्य कर रही है। हमें सोचना होगा और व्यवस्था में सुधार लाना होगा। सामाजिक स्तर पर मानसिकता में सुधार की भी गुंजाइश है। राजनीतिक और सामाजिक विमर्श में तर्क, वैज्ञानिक बोध और आध्यात्मिकता के महत्व की अनदेखी नहीं की जा सकती। सब कुछ धन सम्पदा और अर्थ से ही नही चलेगा - न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्य- । हम सब मानव स्वभाव की रीति-नीति और उतार चढ़ाव को विस्मृत नहीं कर सकते। इस भीषण दुर्घटना के नायक सूरजपाल सिंह जाटव उर्फ़ परमात्मा भोले बाबा नारायण साकार हरि नामक शख़्स है। अब तक मीडिया में आई जानकारी के अनुसार यह एक भूतपूर्व सजायाफ़्ता पुलिस कर्मी और वर्तमान में स्वघोषित और स्वयंभू धर्म गुरु हैं जो जनता के आध्यात्मिक मार्ग दर्शक बन कर लोकोपकार में जुटे हुए हैं। पिछले कुछ वर्षों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पिछड़ी जातियों और ग़रीबों के बीच उनहोने उद्धारकर्ता के रूप में अपनी अच्छी ख़ासी मसीहाई क़स्मि की छवि बना ली है । उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, बिहार, और उत्तराखंड में इस बाबा की आवाजाही है। वहाँ पर उनकी अच्छी पैठ बन चुकी है। भोली-भाली गरीब जनता में प्रसिद्धि फैली हुई है कि साकार हरि के आश्रमों में लगे हैंड पम्प से निकलने वाला पानी अनेकानेक रोगों की दवा है। इसी तरह उनकी चरण-धूलि की भी प्रसिद्धि है। उसे स्वास्थ्यवर्धक, कल्याणकारी और विघ्न विनाशक घोषित किया गया है । आज एटा, मैनपुरी, कासगंज तथा आगरा आदि कई स्थानों पर भोले बाबा के आश्रम बन गए जहां उसके अनुयायियों ने गुरु के लिए सर्वसुविधासम्पन्न आलीशान व्यवस्था बना दी है । स्वयं साकार हरि सफ़ेद सूट धारण करते हैं और आधुनिक रुचि की वस्तुओं के शौक़ीन हैं। अपनी भव्य प्रस्तुति में वह ईश्वरीय सत्ता को उपस्थित करते हैं और अधर्म के नाश को अपना उद्देश्य बताते हैं। आम जनता में वे भोले बाबा के रूप में विख्यात हैं। प्राप्त सूचना के अनुसार हाथरस में घटनास्थल पर भोले बाबा का प्रवचन और सत्संग चल रहा था। मौक़े पर पुलिस भी थी और कुछ सरकारी अधिकारी भी थे, पर एकत्र हो गए जन समूह के आकार के हिसाब से इनकी संख्या बहुत कम थी। इस समागम में दो लाख से भी अधिक लोग दिव्य सत्संग का लाभ उठाने के लिए उपस्थित हुए थे, हालाँकि सूचना के मुताबिक़ मुख्य सेवादार ने इस कार्यक्रम में सिर्फ़ अस्सी हज़ार लोगों के उपस्थित होने के लिए ही सरकारी स्वीकृति ली थी।

हिंदुत्व और सनातन संस्कृति को समझने का समय

रोजगार के लिए गांवों से शहरों में आने वाले बहुत सारे लोगों को कच्ची बस्तियों, चालों या एक से दो कमरें के मकानों में किराए पर रहने को बाध्य होना पड़ता है। शहरों में बुनियादी सुविधाओं के बावजूद सामाजिक और पर्यावरणीय क्षेत्र पर खासा नकारात्मक प्रभाव देखा जा सकता है। शहरों में रहना दूभर ही होता जा रहा है। असल में देखें तो संकट वायु प्रदूषण का हो या जंगल का, स्वच्छ वायु का हो या फिर स्वच्छ जल का, सभी के मूल में विकास की वह अवधारणा है जिससे शहर रूपी सुरसा सतत विस्तार कर रही है और उसकी चपेट में आ रही है प्रकृति और उसकी नैसर्गिकता।

भारत में बढ़ता शहरीकरण भले ही विकास का आधार हो, लेकिन इसने अनेक समस्याओं को भी जन्म दिया है। बढ़ता शहरीकरण केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिये एक बड़ी चुनौती बन रहा है। वर्तमान में दुनिया की कुल आबादी में से 56 फीसदी आबादी शहरों में रहने लगी है। गांवों से शहरों की ओर पलायन हो रहा है। यह प्रवृत्ति जारी रही तो 2050 तक शहरी आबादी अपने वर्तमान आकार से दोगुनी से भी अधिक हो जाएगी। भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने एवं नया भारत-विकसित भारत बनाने के लिये शहरीकरण पर बल दिया जा रहा है। एक विडम्बनापूर्ण सोच देश के विकास के साथ जुड़ गयी है कि जैसे-जैसे देश विकसित होता जायेगा वैसे-वैसे गांव की संरचना टूटती जायेगी। निश्चित ही जब भी शहरों में कोई नई कॉलोनी विकसित होती है तो हमें यह स्वीकारना ही होगा कि किसी न किसी गांव की कुर्बानी हुई है। एक और विडम्बना एवं त्रासदी है कि जिन्हें शहर कहा जा रहा है वहां अपने संसाधना से वंचित लोगों की बेतरतीब, बेचैन और विस्थापित भीड़ ही होगी।

कुछ समय पूर्व स्विट्ज़रलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच का सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें यह बात उभर कर सामने आई कि शहरों के विकास को ही भारत के विकास की धुरी माना जा रहा है। यह सही भी है क्योंकि किसी भी आधुनिक और विकासशील अर्थव्यवस्था में शहरों को विकास का सबसे बड़ा वाहक माना जाता है। भारत में नवीन भारत की पहल के विचार को आगे बढ़ाने की कड़ी में शहरी बुनियादी ढाँचों में सुधार के समग्र दृष्टिकोण को अपनाये जाने की अपेक्षा है। वैश्वीकरण के उपरांत शहरी विकास की अवधारणा समावेशी विकास की एक अनिवार्य शर्त बन गई है। शहरी विकास की इस प्रक्रिया ने गाँवों के सामने अस्तित्व का संकट उत्पन्न कर दिया है। शहरों का अनियोजित विकास, महानगरों का असुरक्षित परिवेश, पर्यावरण की समस्या, बढ़ता प्रदूषण, जल का अभाव एवं शहरी संस्कृति में बढ़ते जा रहे संबंधमूलक तनाव हमें यह सोचने पर विवश करते हैं कि शहरी विकास की अवधारणा पर एक बार फिर से विचार किया जाना चाहिये। विभिन्न प्रकार के प्रदूषण उत्पन्न करने में गाँवों की तुलना में शहरों की भूमिका अधिक है, तो क्या यह कहा जा सकता है कि विकास और प्रदूषण का एक-दूसरे के साथ सकारात्मक संबंध है? बेहतर रोजगार, आधुनिक जनसुविधाएं और उज्ज्वल भविष्य की लालसा में अपने पुश्तैनी घर-बार छोड़कर शहर की चकाचौंध की ओर पलायन करने की बढ़ती प्रवृत्ति का परिणाम है कि देश में एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की संख्या लगभग 350 हो गई है जबकि 1971 में ऐसे शहर मात्र 151 थे। यही हाल दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों का है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि शहरीकरण को विकास का पैमाना माना जाता है। शहरों में गांवों की तुलना में अधिक साधन, सुविधाएं, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा दूसरे शब्दों में आधारभूत सुविधाएं अधिक होती हैं। यह भी सच है कि ये सुविधाएं सभी को नसीब भी नहीं होतीं।

रोजगार के लिए गांवों से शहरों में आने वाले बहुत सारे लोगों को कच्ची बस्तियों, चालों या एक से दो कमरें के मकानों में किराए पर रहने को बाध्य होना पड़ता है। शहरों में बुनियादी सुविधाओं के बावजूद सामाजिक और पर्यावरणीय क्षेत्र पर खासा नकारात्मक प्रभाव देखा जा सकता है। शहरों में रहना दूभर ही होता जा रहा है। असल में देखें तो संकट वायु प्रदूषण का हो या जंगल का, स्वच्छ वायु का हो या फिर स्वच्छ जल का, सभी के मूल में विकास की वह अवधारणा है जिससे शहर रूपी सुरसा सतत विस्तार कर रही है और उसकी चपेट में आ रही है प्रकृति और उसकी नैसर्गिकता। जिसके कारण मनुष्य की सांसें उलझती जा रही है, जीवन पर संकट मंडरा रहा है। अगर हमें पूरी समस्या से लड़ना है, तो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सहित महानगरों के स्तर पर और साथ ही पूरे देश के स्तर पर अपनी कई आदतों को बदलना होगा, विकास के तथाकथित मॉडल पर गंभीर चिन्तन करना होगा। वायु प्रदूषण का कारण पराली एवं सड़क पर दौड़ते निजी वाहनों में खोजने की बजाय हमें महानगरों के अनियोजित शहरीकरण में खोजना होगा। पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनज़र शहर एक बड़ी चुनौती बन रहे हैं क्योंकि शहर के विकास के लिये हरित क्षेत्र की बलि चढ़ाई जा रही है। जलवायु संबंधी परिवर्तनों ने कई शहरों के अस्तित्व को चुनौती दी है, विशेषतः समुद्र किनारे बसे शहर अब मानव निर्मित आपदाओं से अछूते नहीं रह गए हैं। इसके अलावा, तीव्र प्रौद्योगिकीय विकास शहरों में अनेक परंपरागत व्यवसाय करने वाले समूहों के लिये खतरा बन गया है क्योंकि इससे भी पर्यावरण को नुकसान होता है। देश के सभी बड़े शहरों और महानगरों में बड़ी संख्या में स्लम बस्तियाँ बन गई हैं। इनमें रहने वाले लोग शहरी जनसंख्या से संबंधित उच्च एवं मध्य वर्ग की अनेक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, परंतु वे न केवल गरीबी के शिकार हैं अपितु बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित हैं। प्रत्येक शहर में बेतरतीब यातायात एक गंभीर समस्या बन गया है क्योंकि सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को लगभग समाप्त कर दिया गया है। शहर में रहने वाले समृद्ध लोग अपनी शक्ति और संपन्नता के प्रदर्शन के लिये यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं और इससे बड़ी संख्या में सड़क हादसे होते हैं। शहर के लिए सड़क चाहिए, बिजली चाहिए, जल चाहिए, मकान चाहिए और दफ्तर चाहिए।

इन सबके लिए या तो खेत होम हो रहे हैं या फिर जंगल। जंगल को हजम करने की चाल में पेड़, जंगली जानवर, पारंपरिक जल स्रोत सभी कुछ नष्ट हो रहा है। यह वह नुकसान है जिसका हर्जाना संभव नहीं है और यही वायु प्रदूषण का बड़ा कारण है। शहरीकरण यानी रफ्तार और रफ्तार का मतलब है वाहन और वाहन है कि विदेशी मुद्रा भंडार से खरीदे गए ईंधन को पी रहे हैं और बदले में दे रहे हैं दूषित वायु।

शहर को ज्यादा बिजली चाहिए यानी ज्यादा कोयला जलेगा, ज्यादा परमाणु संयंत्र लगेंगे। शहर का मतलब है औद्योगिकीकरण और अनियोजित कारखानों की स्थापना, जिसका परिणाम है कि हमारी लगभग सभी नदियां अब जहरीली हो चुकी है। महानगरों की बढ़ती आबादी को सिर छुपाने को मकान चाहिए, जिसके लिये हरीतिमा क्षेत्रों को हम कंक्रीट के जंगल में तब्दील करते जा रहे हैं। नदी थी खेती के लिए, मछली के लिए, दैनिक कार्यों के लिए, न कि उसमें गंदगी बहाने के लिए। गांवों के कस्बें, कस्बों के शहर और शहरों के महानगर में बदलने की होड, एक ऐसी मृग मरीचिका में लगी है, जिसकी असलियत कुछ देर से खुलती है लेकिन जब खुलती है तब तक लोगों की सांस लेना दुभर हो चुका होता है, जीवन पर संकट के बादल मंडराने लगते हैं।

विचार

गांवों से पलायन व बढ़ते शहरीकरण के खतरे

ललित गर्ग



कुछ समय पूर्व स्विट्ज़रलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच का सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें यह बात उभर कर सामने आई कि शहरों के विकास को ही भारत के विकास की धुरी माना जा रहा है। यह सही भी है क्योंकि किसी भी आधुनिक और विकासशील अर्थव्यवस्था में शहरों को विकास का सबसे बड़ा वाहक माना जाता है। भारत में नवीन भारत की पहल के विचार को आगे बढ़ाने की कड़ी में शहरी बुनियादी ढाँचों में सुधार के समग्र दृष्टिकोण को अपनाये जाने की अपेक्षा है।

हिंसमें कोई दो राय नहीं कि शहरीकरण को विकास का पैमाना माना जाता है। शहरों में गांवों की तुलना में अधिक साधन, सुविधाएं, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा दूसरे शब्दों में आधारभूत सुविधाएं अधिक होती हैं। यह भी सच है कि ये सुविधाएं सभी को नसीब भी नहीं होतीं। भारत में बढ़ता शहरीकरण भले ही विकास का आधार हो, लेकिन इसने अनेक समस्याओं को भी जन्म दिया है। बढ़ता शहरीकरण केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिये एक बड़ी चुनौती बन रहा है। वर्तमान में दुनिया की कुल आबादी में से 56 फीसदी आबादी शहरों में रहने लगी है। गांवों से शहरों की ओर पलायन हो रहा है। यह प्रवृत्ति जारी रही तो 2050 तक शहरी आबादी अपने वर्तमान आकार से दोगुनी से भी अधिक हो जाएगी। भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने एवं नया भारत-विकसित भारत बनाने के लिये शहरीकरण पर बल दिया जा रहा है। एक विडम्बनापूर्ण सोच देश के विकास के साथ जुड़ गयी है कि जैसे-जैसे देश विकसित होता जायेगा वैसे-वैसे गांव की संरचना टूटती जायेगी। निश्चित ही जब भी शहरों में कोई नई कॉलोनी विकसित होती है तो हमें यह स्वीकारना ही होगा कि किसी न किसी गांव की कुर्बानी हुई है। एक और विडम्बना एवं त्रासदी है कि जिन्हें शहर कहा जा रहा है वहां अपने संसाधना से वंचित लोगों की बेतरतीब, बेचैन और विस्थापित भीड़ ही होगी।

कुछ समय पूर्व स्विट्ज़रलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच का सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें यह बात उभर कर सामने आई कि शहरों के विकास को ही भारत के विकास की धुरी माना जा रहा है। यह सही भी है क्योंकि किसी भी आधुनिक और विकासशील अर्थव्यवस्था में शहरों को विकास का सबसे बड़ा वाहक माना जाता है। भारत में नवीन भारत की पहल के विचार को आगे बढ़ाने की कड़ी में शहरी बुनियादी ढाँचों में सुधार के समग्र दृष्टिकोण को अपनाये जाने की अपेक्षा है। वैश्वीकरण के उपरांत शहरी विकास की अवधारणा समावेशी विकास की एक अनिवार्य शर्त बन गई है। शहरी विकास की इस प्रक्रिया ने गाँवों के सामने अस्तित्व का संकट उत्पन्न कर दिया है। शहरों का अनियोजित विकास, महानगरों का असुरक्षित परिवेश, पर्यावरण की समस्या, बढ़ता प्रदूषण, जल का अभाव एवं शहरी संस्कृति में बढ़ते जा रहे संबंधमूलक तनाव हमें यह सोचने पर विवश करते हैं कि शहरी विकास की अवधारणा पर एक बार फिर से विचार किया जाना चाहिये। विभिन्न प्रकार के प्रदूषण उत्पन्न करने में गाँवों की तुलना में शहरों की भूमिका अधिक है, तो क्या यह कहा जा सकता है कि विकास और प्रदूषण का एक-दूसरे के साथ सकारात्मक संबंध है? बेहतर रोजगार, आधुनिक जनसुविधाएं और उज्ज्वल भविष्य की लालसा में अपने पुश्तैनी घर-बार छोड़कर शहर की चकाचौंध की ओर पलायन करने की बढ़ती प्रवृत्ति का परिणाम है कि देश में एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की संख्या लगभग 350 हो गई है जबकि 1971 में ऐसे शहर मात्र 151 थे। यही हाल दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों का है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि शहरीकरण को विकास का पैमाना माना जाता है। शहरों में गांवों की तुलना में अधिक साधन, सुविधाएं, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा दूसरे शब्दों में आधारभूत सुविधाएं अधिक होती हैं। यह भी सच है कि ये सुविधाएं सभी को नसीब भी नहीं होतीं। रोजगार के लिए गांवों से शहरों में आने वाले बहुत सारे लोगों को कच्ची बस्तियों, चालों या एक से दो कमरें के मकानों में किराए पर रहने को बाध्य होना पड़ता है। शहरों में बुनियादी सुविधाओं के बावजूद सामाजिक और पर्यावरणीय क्षेत्र पर खासा नकारात्मक प्रभाव देखा जा सकता है। शहरों में रहना दूभर ही होता जा रहा है। असल में देखें तो संकट वायु प्रदूषण का हो या जंगल का, स्वच्छ वायु का हो या फिर स्वच्छ जल का, सभी के मूल में विकास की वह अवधारणा है जिससे शहर रूपी सुरसा सतत विस्तार कर रही है और उसकी चपेट में आ रही है प्रकृति और उसकी नैसर्गिकता। जिसके कारण मनुष्य की सांसें उलझती जा रही है, जीवन पर संकट मंडरा रहा है। अगर हमें पूरी समस्या से लड़ना है, तो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सहित महानगरों के स्तर पर और साथ ही पूरे देश के स्तर पर अपनी कई आदतों को बदलना होगा, विकास के तथाकथित मॉडल पर गंभीर चिन्तन करना होगा। वायु प्रदूषण का कारण पराली एवं सड़क पर दौड़ते निजी वाहनों में खोजने की बजाय हमें महानगरों के अनियोजित शहरीकरण में खोजना होगा। पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनज़र शहर एक बड़ी चुनौती बन रहे हैं क्योंकि शहर के विकास के लिये हरित क्षेत्र की बलि चढ़ाई जा रही है। जलवायु संबंधी परिवर्तनों ने कई शहरों के अस्तित्व को चुनौती दी है, विशेषतः समुद्र किनारे बसे शहर अब मानव निर्मित आपदाओं से अछूते नहीं रह गए हैं। इसके अलावा, तीव्र प्रौद्योगिकीय विकास शहरों में अनेक परंपरागत व्यवसाय करने वाले समूहों के लिये खतरा बन गया है क्योंकि इससे भी पर्यावरण को नुकसान होता है। देश के सभी बड़े शहरों और महानगरों में बड़ी संख्या में स्लम बस्तियाँ बन गई हैं।

आप कब शुरू करेंगे छोटे और मोटे अनाज का भोजन

आर.के. सिन्हा

कुछ ही दिन पहले हिन्द महासागर, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के त्रिवेणी संगम पर स्थित कन्याकुमारी के स्वामी विवेकानंद परिसर के विशाल सभागार में आयुष मंत्रालय के सहयोग से आयोजित ÷इंटरनेशनल आयुष समिट÷ का तीन दिवसीय आयोजन हुआ था, जिसका ÷की नोट स्पीच÷ मैंने दिया था और समारोह का उद्घाटन केरल के माननीय राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान साहब ने किया।

मेरा पूरा व्याख्यान रोगों से बचाव में छोटे और मोटे अनाज यानी मिलेट्स की उपयोगिता को लेकर ही था। मैंने उपस्थित सैकड़ों डॉक्टरों और विभिन्न मेडिकल कॉलेज के छात्रों से यही कहा कि आप अच्छे डॉक्टर मात्र बड़ी कम्पनियों की अच्छी और महंगी दवाइयां लिखने भर से नहीं कहे जायेंगे, बल्कि अच्छे डॉक्टर बनने के लिए आपको अपने मरीजों को यह भी बताना होगा कि वे जिस रोग से ग्रसित हैं, वे रोग उन्हें हुये क्यों और उससे बचा कैसे जा सकता है। यदि डॉक्टर रोगों की प्रतिरोधक क्षमता तैयार करने वाले छोटे और मोटे अनाजों के गुणों को ठीक से समझ लें तो उनका, उनके मरीजों का और पूरे समाज को भारी फायदा होगा। छोटे और मोटे अनाज सिर्फ प्रोटीन और फाइबर ही नहीं देते बल्कि, खाने वाले को शरीर में उत्पन्न हो रहे रोगों का निदान भी करते हैं क्योंकि, मोटे और खासकर छोटे अनाज के फाइबर (रेशे) मानव शरीर की सभी प्रमुख अंगों के कोशिकाओं या सेल्स को साफ भी करते हैं।

यदि आप हाल के दिनों में दिल्ली गए हों तो देखेंगे कि राजधानी दिल्ली में भारत सरकार के बहुत से बड़े-बड़े दफ्तर निर्माण भवन, शास्त्री भवन, कृषि भवन, उद्योग भवन आदि भवनों से चलते हैं। जाहिर है, जहां पर हजारों मुलाजिम काम करेंगे और रोज़ सैकड़ों बाहरी लोगों का भी आना-जाना लगा रहेगा, वहां पर कैंटीन तो होगी ही। पर निर्माण भवन की कैंटीन ने अपने को बदला है। वहां पर अब मोटे और छोटे अनाज से तैयार होने वाले पकवान भी परोसे जाने लगे हैं। हालांकि पिछले सात दशकों से यहाँ मात्र गेहूं और मैदे की बनी पकवानें ही मिला करती थीं। यह एक तरह से यह वर्त्तमान मोदी सरकार की संकल्प शक्ति और दृढ़ इच्छा का ठोस संकेत है कि चालू वर्ष 2023 को चूँकि विश्व स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाया गया जिसने मोटे और छोटे अनाज के प्रति जागृति पैदा कीढ्ढ अतः खान-पान में एक व्यावहारिक बदलाव की शुरुआत हुई और कोशिश यही रही कि अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष नाम भर का नहीं रह जाये। इसका प्रस्ताव भारत ने ही दिया था और भारत के इस प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 5 मार्च 2021 को अपनी स्वीकृति दे दी थी। इसका उद्देश्य विश्व स्तर पर मोटे और छोटे अनाज के उत्पादन और खपत के प्रति जागरूकता पैदा करना ही था । दरअसल मोटे और छोटे अनाजों में पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होते हैं। बीटा-कैरोटीन, नाइयासिन, विटामिन-बी6, फोलिक एसिड, पोटेशियम, मैग्नीशियम, जस्ता आदि से भरपूर इन अनाजों को सुपरफूड भी कहा जाता है। ज्वार, बाजरा, रागी (मडुआ), मक्का, जौ, कोदो, सामा, सांवा, कंगनी, कुटकी चीना आदि जिसे लघु धान्य या ÷श्री धान्य÷ या ÷श्री अन्न÷ भी कहा जाता है, मोटे और छोटे अनाज की श्रेणी में आते हैं। लघु धान्य या कुटकी, कांगनी और साँवा जैसे अनाज मिलेट्स यानी छोटे अनाज होते हैं। इनका सेवन करने से हड्डियों को मजबूती मिलती है, कैल्शियम की कमी से बचाव होता है, ज्यादा फाइबर होने से पाचन दुरुस्त रहता है, वजन कंट्रोल होने लगता है, दुबले-पतलों का वजन कुछ बढ़ जाता है तो ज्यादा वजन वालों का घट कर बी.एम.आई. (बॉडी मास इंडेक्स) के स्तर पर घट जाता है ढ्ढ एनीमिया का खतरा कम होता है, यह डायबिटीज तथा दिल के रोगियों के लिए भी यह उत्तम माना जाता है। जब इन दोनों रोगों की चपेट में लगातार लोग आ रहे हैं तब छोटे और मोटे अनाज का सेवन संजीवनी बूटी का काम कर सकता है। शादियों के सीजन में तो हर रोज भारी संख्या में विवाह हो रहे हैं। आपको भी विवाह समारोहों में भाग लेने के निमंत्रण मिल ही रहे होंगे। अगर विवाह के कार्यक्रमों में भी छोटे और मोटे अनाज से तैयार कुछ व्यंजन अतिथियों को परोसे जाएं, तो यह एक शानदार पहल होगी।

राशिफल

मेषः- सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कायरें में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

बृषभः- रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कायरे में व्यस्त रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा।

मिथुनः- वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा।

कर्क :- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुबिधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अतः इसे सुधारें।

सिंहः- नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरे की पूर्ति में विलम्ब कतई न करें।

कन्या :- कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी।

तुलाः- निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई सारी चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

वृश्चिकः- नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में स्थिति अनुकूल होगी।

धनुः- कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

मकरः- मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियन्तण्रखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

कुंभः- महत्वपूर्ण कायरें की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

मीनः- नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

ब्रिटेन के नए पीएम कीर स्टोर्मर भारत के साथ मुक्त व्यापार के पक्षधर

संजीव ठाकुर

प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बतौर वित्त मंत्री रहते हुए वहां का आर्थिक तंत्र मजबूत करने की कोशिश की इसके अलावा ऋषि सुनक ने बतौर वित्त मंत्री कोरोना कल में आम जनता की बहुत मदद की थी।दूसरा कारण ब्रिटेन की बेरोजगारी एवं आर्थिक अस्थिरता रही है कंजरवेटिव पार्टी के सत्ता में रहते रहते ब्रिटेन की मुद्रा स्फीति बहुत कमजोर हो गई थी बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गई और बैलेंस आफट्रेड भी गड़बड़ा गया था। तीसरा बड़ा कारण ऋषि सुनक का भारतवंशी एवं बहुत अधिक धनवान होना भी था बताया जाता है कि सुनक की संपत्ति किंग चार्ल्स से भी ज्यादा आँकी गई है। ऋषि सुनक की गिनती आम आदमियों में नहीं होती है अतः वहां की जनता इस कारण भी ऋषि सनक की पॉलिसीस से और असहमत होती गई।

ब्रिटेन में लेबर पार्टी ने 650 सीटों में 326 सीटें लाकर जबरदस्त विजय -श्री प्राप्त की है और यह लगभग तय है कि अब लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ब्रिटेन के 48 में प्रधानमंत्री होंगे। ऋषि सुनक की कंजरवेटिव पार्टी केवल 118 सीटे ही प्राप्त कर सकी थी । कंजरवेटिव पार्टी और ऋषि सुनक की हार के कई कारण वहां के राजनीतिक विश्लेषक गिनवाते हैं पहला कारण जो सबसे बड़ा है वह है एंटी इनकंबेंसी मतलब सत्ता के विरोध में आम जन् की नापसंदगी, 14 साल से कंजरवेटिव पार्टी ब्रिटेन में सत्ता में काबिज थी और ब्रिटेन की जनता अब बदलाव चाहती थी।

हालांकि प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बतौर वित्त मंत्री रहते हुए वहां का आर्थिक तंत्र मजबूत करने की कोशिश की इसके अलावा ऋषि सुनक ने बतौर वित्त मंत्री कोरोना कल में आम जनता की बहुत मदद की थी।दूसरा कारण ब्रिटेन की बेरोजगारी एवं आर्थिक अस्थिरता रही है कंजरवेटिव पार्टी के सत्ता में रहते रहते ब्रिटेन की मुद्रा स्फीति बहुत कमजोर हो गई थी बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गई और बैलेंस आफट्रेड भी गड़बड़ा गया था। तीसरा बड़ा कारण ऋषि सुनक का भारतवंशी एवं बहुत अधिक धनवान होना भी था बताया जाता है कि सुनक की संपत्ति किंग चार्ल्स से भी ज्यादा आँकी गई है। ऋषि सुनक की गिनती आम आदमियों में नहीं होती है अतः वहां की जनता इस कारण भी ऋषि सनक की पॉलिसीस से और असहमत होती गई। चौथा और सबसे बड़ा कारण कंजरवेटिव पार्टी में अंदरुनी झगड़ा अपने चरम पर पहुंच गया था और यही कारण है कि आखिरी कार्यकाल में कई प्रधानमंत्री बदल दिए गए, इसके अलावा लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने कश्मीर में 370 लागू करने को देश का अंदरूनी मामला बता कर भारतवंशियों को अपने पक्ष में कर लिया था। उल्लेखनीय की भारतवंशियों की संख्या ब्रिटेन में काफी ज्यादा एवं प्रभावशाली है ऐसे में भारतवंशियों का समर्थन लेबर पार्टी को मिलने से लेबर पार्टी की एक तरफा जीत हुई है। लेबर पार्टी ने कश्मीर मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करते हुए भारतवंशियों को अपने पक्ष में साधने का काम पिछले दो वर्षों से लगातार किया जा रहा था और नतीजा लेबर पार्टी के पक्ष में काफी सुखद रहा। यह अलग मुद्दा है कि स्टोर्मर पहले अपने नेता जेरेम कार्बिन नेतृत्व में 370 हटाने के विरोध में अंतर्राष्ट्रीय प्रस्ताव का समर्थन किया था पर बाद में लेबर पार्टी ने इस मुद्दे को हटाकर कश्मीर में धारा 370 लागू करने को भारत का अंदरूनी मामला बात कर खारिज कर दिया। अपनी जीत के प्रति आशावान लेबर पार्टी के नेता इस बात पर जोर दे रहे थे कि पार्टी की सत्ता में आते ही ब्रिटेन में एक नवीनीकरण युग का सूत्रपात किया जाएगा और सत्ता में आते ही इसकी शुरुआत कर दी जाएगी। ऋषि सुनक में अपनी हर को स्वीकार करते हुए संपूर्ण जिम्मेदारी लेते हुए प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है एवं उन्होंने उत्तरी इंग्लैंड से अपनी सीट जीतकर सेवा जारी रखने का संकल्प भी लिया है। मानवाधिकार अधिवक्ता कीर स्टोर्मर ऑक्सफोर्ड से शिक्षित हैं एवं ऋषि सुनक के जस्ट विपरीत एक नास्तिक अईश्वर वादी व्यक्ति हैं इनके पिता वामपंथी विचारों के थे पर अब इस बात पर यह निर्भर करता है कि स्टार्मर के प्रशासन में वामपंथ को कितनी तवज्जो मिलती है। स्टोर्मर पहली बार 1915 में लेबर पार्टी से सांसद चुने गए थे। एजेंसियों के अनुसार स्टार्मर भारत के साथ नए एवं ताजा संबंधों के पक्षधर बताए जाते हैं वह भारत के साथ मुक्त व्यापार करने की हिमायती दिखाई देते हैं इसके अलावा भारत के साथ मजबूत संबंध रखकर शिक्षा,सुरक्षा और प्रौद्योगिकी में भी भारत के साथ साझेदारी करने के इच्छुक हैं। यह अलग मुद्दा है कि भारत के साथ संबंधों के सुधार की आवश्यकता को उन्होंने अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी उल्लेखित किया था वह अपने लेबर पार्टी के नेता जेरेम कार्बिन के विचारों के विपरीत विचारधारा के माने जाते हैं भारत के साथ संबंध एवं कश्मीर में 370 लागू करने के विरोध में ना

अकीदत के साथ मनाया जाएगा मोहर्रम, सभी तैयारियां पूर्ण

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

कर्बला के 72 शहीदों की याद में मनाए जाने वाला मोहर्रम का चांद रविवार को दिखने के बाद इसका आगाज़ हो गया। आठ जुलाई सोमवार मोहर्रम की पहली तारीख शुरू हो गई। मोहर्रम कमेटी के जनरल सेक्रेटरी डॉ आरिफ रिज़वी ने बताया कि माहे मोहर्रम तैयारियां पूरी हों चुकीं हैं। इमामबाड़ा व घरों में साफ-सफाई का काम मुकम्मल हो चुका है।

मोहर्रम क्षेत्र के कस्बा उतरौला, अमया देवरिया, रेहरामाफी, रैगांवा सादुल्लाह नगर मीरपुर, पचपेड़वा, तुलसीपुर व बलरामपुर सहित अन्य इलाकों में पूरी अकीदत के साथ मनाया जाता। नौ मोहर्रम की रात इमाम हुसैन के रौजे की नकल ताजिया को घरों के चौक व इमामबाड़ा में रखकर फातिहा दिलाने की परंपरा है। 10 मोहर्रम की शाम ताजिया को कर्बला में दफन किया जाता है।

उतरौला व आसपास क्षेत्रों के घरों व इमामबाड़ा में बड़े व छोटे ताजिया बांस व कागज से बनाकर तैयार किए जा रहे हैं। डॉ आरिफ ने बताया कि बकरीद माह के 30वीं तारीख रविवार की शाम मोहर्रम का चांद निकलेगा। जिसे देखते ही लोग गमजदा हो जाते है। उसी रात से इमामबाड़ा व घरों में मजलिस का दौर शुरू होकर 10 वीं मोहर्रम तक चलता है। उन्होंने बताया कि नौवीं तारीख की शाम को कस्बा सहित अन्य गांवों में ताजिया रखने के बाद 10वीं तारीख को मजलिस के बाद अलम का मातमी जुलूस निकाला जाता है।

कहा कि गम का यह महीना पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम व उनके 71 साथियों की हक के रास्ते पर चलकर मिली अजीम शहादत, पूरी दुनिया में मशहूर हैं। इसलिए हम लोग शांति एकता व भाईचारे के साथ सरकारी निर्देशानुसार मनाएं ताकि किसी को कोई असुविधा न होने पाए। उतरौला तहसील व आसपास के क्षेत्र में बड़े शानो शौकत के साथ शिया सुन्नी समुदाय के लोग मिलजुल कर माहे मोहर्रम का एहतमाम करते हैं।

उतरौला में पहली मोहर्रम से लेकर 10 मोहर्रम तक 26 से ज्यादा इमामबाड़ों में फजर नमाज के बाद से देर रात तक मजलिसों का सिलसिला जारी रहता है और अजादारी की जाती है। शिया सुन्नी समुदाय के साथ-साथ हिंदू भाइयों को भी ताजिया में बड़ी आस्था है।

रानीपुर, बदलपुर, गैड़ास बुजुर्ग, गायडीह, हुसैनाबाद, इटईरामपुर जैसे गांव में हिंदू मुस्लिम मिलकर इमाम हुसैन की याद में आलीशान ताजिया रखते हैं। मोहर्रम से पहले शहर में साफ सफाई इमामबाड़ों की पुताई का कार्य अपने अंतिम पड़ाव पर है। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन की याद में पूरी दुनिया में लोग बगैर मजहब मिल्लत में फर्क के अकीदत के साथ जारी रखते हैं। इमाम हुसैन और उनके परिवार की याद में जगह-जगह मुस्लिमों के अलावा हिंदू भाई भी पानी की सबील नियाज़ फातिहा आदि करते है।

उतरौला में इस वर्ष मौलाना सिबते हैदर, मौलाना मोहम्मद अली, मौलाना फिदा हुसैन के अलावा बाहरी उलेमा भी मजलिस को खिताब ताब करेंगे। देश विदेश में रहकर काम करने वाले लोग भी मोहर्रम में अपने वतन आकर इमाम हुसैन की अज़ादारी करते हैं।

डॉक्टर आरिफ ने नगरपालिका, बिजली विभाग व शासन प्रशासन से सहयोग की मांग भी की है।

डीएम ने किया बाढ़ कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

▸ कंट्रोल रूम में लगे सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को मुस्तैद रहने का दिया निर्देश

डीएम पवन अग्रवाल द्वारा बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य के लिए कलेक्ट्रेट में स्थित बाढ़ कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि रोस्टर वार बाढ़ बचाव एवं राहत कार्य से संबंधित विभागों के जिन अधिकारियों / कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है वहां पूरी तरह से सक्रिय रहते हुए कंट्रोल रूम में आने वाले कॉल उठाते हुए शिकायत / समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करेंगे। सभी शिकायतों / समस्याओं के निस्तारण का रजिस्टर बनाएंगे एवं उसकी मेंटेन करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा की बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य में लगे विभाग आपस में बेहतर समन्वय रखेंगे। जिलाधिकारी ने बताया है कि किसी सिविक समस्या, जलभराव, वृक्षपाटन या बाढ़ राहत आदि की समस्या में कलेक्ट्रेट में संचालित जनपद स्तरीय इन्टीग्रेटेड कन्ट्रोल कमाण्ड सेन्टर के नम्बर 9170277336, 8960010336, 05263-236250 तथा टोल फ्री नम्बर 1077 पर सम्पर्क कर मदद ले सकते हैं। इसके अलावा तहसील बलरामपुर के कन्ट्रोल रूम नम्बर 05263-234024, तहसील तुलसीपुर के कन्ट्रोल रूम नम्बर-9400696224, तहसील उतरौला के कन्ट्रोल रूम नम्बर-7991441311, 954416061 व 05265252469 पर कॉल की जा सकती है। इसी प्रकार बाढ़ या तटबंधों की कटान सम्बन्धी सूचनाओं एवं सहायता के लिए बाढ़ खण्ड बलरामपुर द्वारा भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। बाढ़ खण्ड के कन्ट्रोल रूम के हेल्प लाइन नम्बरों 05263-232283 अथवा 7706881121 पर कॉल करके मदद ली जा सकती है। बाढ़ के दौरान लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में भी कन्ट्रोल स्थापित किया गया है। सीएमओ ऑफिस के कन्ट्रोल रूम न0- 7704995639 एवं 9838616121 अथवा एम्बुलेन्स सेवा 108 कॉल पर सम्पर्क कर मदद ली जा सकती है।

खबरें एक नजर में

ट्रक की टक्कर से वाइक सवार की मौत

समृद्धि न्यूज, घाटमपुर। रविवार दोपहर स्टेट हाईवे भोगनीपुर घाटमपुर-चौड़गरा पर गाव कैथा चौराहे पर ट्रक की टक्कर से वाइक सवार युवक की मौत हो गयी,जबकि दो लोग घायल हो गये जिन्हें इलाज के लिए जहानाबाद सीएससी में भर्ती कराया गया है।,सूचना मिलने पर सजेती पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर घायलों को अस्पताल भेजवाया।

बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिये प्रशासन ने कसी कमर

उतरौला(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिये बनाई गई 13 बाढ़ राहत चौकियों व 5 बाढ़ राहत केंद्र का उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार ने निरीक्षण किया। एस डी एम ने बताया कि प्रशासन ने बाढ़ का अलर्ट जारी किया है।बाढ़ राहत चौकियों पर राजस्व विभाग, स्वास्थ विभाग व विकास विभाग के कर्मचारियों की तैनाती है। बाढ़ प्रभावित ग्रामो में यदि कोई समस्या है तो तहसील में बनाये बाढ़ आपदा कंट्रोल रूम जो 24 घण्टे समस्या व शिकायत दर्ज करा सकते उनके समस्या व शिकायतों के निस्तारण किया जाएगा।

गौशाला में भरा पानी, सुरक्षित स्थानों पर पहुंचे गौवंश

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। नगर पालिका परिषद उतरौला द्वारा मोहनजोत व ग्राम तिलखी बढ़या में संचालित गौशला में पानी भर जाने के चलते पशुओं को सुरक्षित स्थान पर पहुचाया जा रहा है। नगरपालिका उतरौला द्वारा संचालित गौशला में 52 पशु है गौशला प्रभारी का कार्य देख रहे उमाशंकर सिंह ने बताया कि गौशला में पानी भर जाने के चलते गौवंशो को निकालकर अस्थायी रूप से मोहनजोत के एक स्कूल में रखा गया है।इसी प्रकार तिलखी बढ़या गौशला के 55 गौवंशो को भी इसी स्कूल में रखा गया है।

शौच क्रिया करने सरयू नहर पर गया युवक डूबा, मौत

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। शौच क्रिया करने सरयू नहर पर गया युवक फिसलकर नहर के गहरे पानी में गिरने से डूब गया। परिजनों के कड़ी मशक्कत के बाद मुजेहनी फाटक पर शव को बाहर निकाला गया। बलरामपुर कोतवाली के अन्तर्गत कलवारी निवासी राम किशोर पुत्र राम मनोरथ 40 वर्ष शनिवार को सुबह 6-00बजे शौच करने सरयू नहर पर गया हुआ था। काफी देर तक घर वापस न आने पर परिजनों ने तलाश करना शुरू कर दिया नहर के पास रूमाल नजर आने पर परिजनों को नहर में डूब जाने का आशंका हुआ।जिसकी सूचना परिजनों ने बलरामपुर पुलिस को दी। परिजनों ने सरयू नहर पर तलाश शुरू कर दी रविवार को लगभग दो बजे मुजेहनी फाटक पर परिजनों ने शव को बाहर निकाला। घटना की सूचना पाते ही पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।और विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।घटना की सूचना पाते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

उपजिलाधिकारी-क्षेत्राधिकारी ने की ताजियादारों के साथ बैठक

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। आगामी त्योहार मोहर्रम को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारियां कर ली है, जिसके चलते कस्बे के ताजियादारों और अन्य कार्यक्रम आयोजकों के साथ उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी ने संयुक्त रूप से बैठक कर आने वाली समस्याओं और उनके निराकरण के बारे में जानकारी ली। रविवार शाम कस्बे की कोतवाली में ताजियादारों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र और क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान ताजियादारों और अलम पलंग जुलूस के आयोजकों से जुलूस के रास्ते में आने वाली समस्याओं जैसे बिजली के झूलते तार, पेड़ और लोगों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण के बारे में विस्तार से जानकारी ली और उनके निराकरण के बारे में आश्वासन दिया। इतना ही नहीं बैठक के बाद सभी अधिकारियों ने भारी पुलिस बल के साथ अलग अलग तारीखों में निकलने वाले जुलूस के रास्तों का भी दौरा किया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी, बिजली विभाग, नगरपालिका, जल संस्थान के कर्मचारियों के साथ ही हैदरगंज के ताजियादार बाबू भाई, अनवर हुसैन, इस्लाम अली, पुरवा के वाजिद, हुसैनिया के अब्दुल कादिर सहित अन्य ताजियादार मौजूद रहे।

गिरफ्तारी न होने पर एसपी को सौंपा ज्ञापन

मौदहा, हमीरपुर समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष बसंत सोनी ने सुमेरपुर के रामबाबू सोनी के इकलौते पुत्र अंकित उर्फ मोंटी की आत्महत्या के मामले में अभी तक उकसाने वालों पर कोई कार्रवाई न करने पर नाराजगी जताई है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए 11 सामाजिक कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर युक्त पत्र में मांग की गई है कि घटना के आठ दिन बाद भी थानाध्यक्ष सुमेरपुर ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की।जब कि तत्काल गिरफ्तारी की जानी चाहिए थी। उसके परिवार की सुरक्षा के साथ उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। थानाध्यक्ष सुमेरपुर के अभी तक धुलमुल रवैया की जांच कर कराई जाए।मृतक द्वारा दिए गए बयान के आधार पर उसके वसूले गए रुपए भी परिवार को दिलाया जाए। चेतावनी दी गई है कि यदि इस मामले पर त्परता से कार्यवाही नहीं की गयी तो इसके गंम्भीर परिणाम होंगे।पीड़ित परिवार जहां आमरण अनशन शुरू करेगा वहीं समाज इसके लिए आंदोलन शुरू करेगा। ज्ञापन में मुख्य रूप से राजवा, सौरभ व अंकित आदि मौजूद थे।

मारपीट के बाद की हवाई फायरिंग

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। कोतवाली के कैंथा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिससे दोनों पक्षों से तीन लोग घायल हो गए। वहीं एक पक्ष ने अपने बचाव में लाइसेंसी रायफल से हवाई फायरिंग कर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज किया है। कैंथा गांव निवासी वीरपाल पुत्र हरचरन ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे वह अपने जानवर लेकर घर से खेत की ओर निकला। तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव का दृग सिंह राजपूत उसके साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उक्त व्यक्ति ने कुल्हाड़ी मार दी। जिससे उसके मुंह व सिर पर चोटें आईं हैं। बताया कि उसने कुल्हाड़ी को पकड़ लिया तो दृग सिंह लाइसेंसी दुनाली बंदूक उसे कुछ दूर तक खदेड़ा और हवाई फायरिंग कर दी। जिससे वह बाल बाल बच गया। वहीं दूसरे पक्ष से शशि देवी पत्नी दृग सिंह राजपूत ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे उसके पति ने घर का दरवाजा खोला तो उसका पालतू कुत्ता बाहर निकल गया। बताया कि इतने में पुरानी रंजिश के चलते वीरपाल अपने भाई लखन, पवन, कृष्ण कुमार घर में घुसकर उसके पति के साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर पर कुल्हाड़ी व लाठियों से पति को पीटना शुरू कर दिया। बताया कि उसके पति ने लाइसेंसी बंदूक से उसके पति ने उक्त लोगों को खदेड़ा। बताया कि बीच बचाव करने पर उसे भी मारा-पीटा। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। दृग सिंह ने बचाव के फायरिंग की थी। फिल्ड यूनिट ने मौके पर पहुंच कर जांच की है।

शौचालय टैंक में गिरने से दस साल के मासूम की मौत

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

बच्चों के साथ खेल रहे दस वर्षीय मासूम बालक की शौचालय के टैंक गिर कर मौत हो गई। स्वजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

कस्बे के सागर तालाब पठानपुरा मोहल्ला निवासी महेश श्रीवास ने बताया कि उसके छोटे भाई कल्लू श्रीवास का मकान हमीरपुर रोड अंबे पैलेस के पास मकान है। रविवार की सुबह पूरा परिवार मकान पर गया था। उसका भतीजा दस वर्षीय रिषि बच्चों के साथ खेल रहा था। काफी समय न दिखाई देने पर उसकी तलाश की। बताया कि दोपहर 12 बजे मकान में बना शौचालय का नया टैंक में उसकी चप्पल दिखाई दी। जब टैंक में उतर कर देखा तो वह डूबा मिला। आनन-फानन में सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बारिश में बिजली गुल, उमस से परेशान दिखे सादुल्लानगर के क्षेत्रवासी

उतरौला (बलरामपुर) बिजली सप्लाई और कटौती के चक्रव्यूह में आमजन में त्राहि-त्राहि मची हुई है जिस सम्बन्ध में विधुत विभाग का कोई भी अधिकारी कर्मचारी सही सूचना देने में कन्नी काट रहे हैं ।

विधुत उपकेंद्र अचलपुर चौधरी पर विगत एक हफ्ते पूर्व एक भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि विधायक उतरौला रामप्रताप वर्मा और सांसद प्रतिनिधि कमलेश पाण्डेय के साथ विभाग के आला अधिकारी अधीक्षण अभियंता बालकृष्ण, अधिशासी अभियंता विश्वास कुमार की मौजूदगी में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया गया कि अचलपुर चौधरी उपकेंद्र अब मील का पत्थर साबित होगा जिसे सीधा मनकापुर से 33000 लाइन से जोड़ दिया गया परन्तु जिस प्रकार लाइन को जोड़ने और भरपूर सप्लाई के कसीदे कुछ पढ़े गए सब उद्घाटन के दूसरे दिन से दम तोड़ दिए। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने लोगों से जयकारे की खुशियां बटोर कर सारी जिम्मेदारी उपकेंद्र पर तैनात कर्मचारियों के हवाले कर दिया और उसी दिन से उपभोक्ताओं को बस अंधकार ही मिल रहा है। उपभोक्ताओं आफताब, इसरार अहमद, राजेश, कमलेश,राजू गुप्ता, दिलीप मौर्या, डाक्टर परवेज, नूर अशरफ, कुलदीप मौर्या, सहित तमाम लोगों का यही दर्द है कि अब लाइट के दर्शन कब होंगे।

आमजन में अनेकों चर्चाओं का

बाजार गर्म है कि उक्त उपकेंद्र को सीधा मनकापुर से जोड़ने में सरकारी धन का बंदरबांट कर उपभोक्ताओं के साथ भद्दा मजाक किया गया। कर्मठ समाजसेवी और अधिवक्ता विवेक श्रीवास्तव, अध्यापक वेदप्रकाश आदि की मानें तो उक्त उपकेंद्र को जर्जर तारों और खम्भों के सहारे पुरानी घारीघाट मनकापुर से ऐन केन प्रकारेण जोड़ कर उद्घाटन समारोह आयोजित तो कर सारा श्रेय कुछ छुटभैय्ए नेताओं को मिल तो गया लेकिन इसकी तकनीकी बारीकियों को नजरंदाज करते हुए उच्चाधिकारियों ने भी कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जिसका परिणाम यह हुआ कि बस लोगों को व्हाट्सएप्प के माध्यम से ब्रेक डाउन, मनकापुर से सप्लाई फेल ,कहीं खम्भे गिरने और उस पर काम प्रगति पर है के संदेशों से अपने रात दिन को कोसते बीत रही है।

जब यदा कदा इसकी शिकायत से उच्चाधिकारियों को अवगत कराने की कोशिश की जाती है तो उसे कोई सम्पर्क नहीं हो पाता जिससे उपभोक्ताओं में अब असंतोष और रोष चरम पर पहुंच गया है।

पौथिया गांव में सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने की कवायद तेज

एक करोड़ नौ लाख की कीमत से खोली जायेगी हाईटेक नर्सरी

▸ दिल्ली की पार्थ साई कंपनी को मिला ठेका, सब्जी-भाजी कार्यक्रम को शासन ने दिया बढ़ावा

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

शासन ने प्रदेश के किसानों को सब्जी उत्पादन को बढावा देकर उन्हे आर्थिक रुप से मजबूत बनाने के लिये हर जिले में एकीकृत बागवानी मिशन कार्यक्रम के तहत राजकीय नर्सरी प्रक्षेत्र के तहत दो हाईटेक नर्सरी खोलने का फैसला किया है। इसी क्रम में हमीरपुर जिले में सुमेरपुर क्षेत्र के पौथियां गांव में एक करोड़ नौ लाख रुपये की कीमत की नर्सरी खोली जायेगी,इसमें किसानों को सुरक्षित पौध उगाकर उन्हे विक्री की जायेगी। इसकी जिम्मेदारी दिल्ली की पार्थ साई कंपनी को ठेका शासन ने दिया है।

जानकारी के मुताबिक प्रदेश में सब्जी भाजी कार्यक्रम में किसानों को तकनीकी ढंग से पौध उगाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता था कभी बरसात व कभी धूप को कहर के चलते पौध उग नही पाती थी। जिससे सब्जी का उत्पादन सही ढंग से नहीहो पाता था और किसान सब्जी खेती के दूर भागने लगा था शासन ने इसके लिये हाईटेक नर्सरी खोल कर उसमे हार्डिनल चेंबर जिसमे बीज को बोकर उसकी पौध तैयार की जाती है। पलीक हाउस,जनरेटर सेट,नेट हाउस का निर्माण किया जायेगा। इसमे एक करोड़ नौ लाख रुपये खर्च किये जायेगे। शासन का मानना है कि सब्जी तकनीकी ढंग से पैदा कर किसान अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकता है। यही नही जो किसान अपना बीज हाईटेक नर्सरी को देगा उसको बोकर उसे सुरक्षित पौध मुहैया करायी जायेगी। इसके लिये उचित कीमत ली जायेगी। जो पौध तैयार कर किसानों के दी जायेगी उसका भी उचित मूल्य लिया जायेगा। जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने बताया कि शासन स्तर से हाईटेक कंपनी का निर्माण करने के लिये दिल्ली की पार्थ साई कंपनी को ठेका दे दिया गया है जो सोमवार से काम शुरु कर देगी। हाईटेक कंपनी तैयार करने का पूरा नक्शा बना लिया गया है हालाकि कुछ जिलों में यह न्नर्सरियां बन कर तैयार हो गयी है जिले में ग्रामीण क्षेत्र में एक नर्सरी राजकीय नर्सरी प्रक्षेक्ष में बनाया जाना है दूसरी हाईटेक नर्सरी केवीके में बनाया जाना था मगर जबकि कुारा नगर पंचायत क्षेत्र ग्रामीण में आता है। इसलिये यहां पर केवल एक नर्सरी ही बन पायेगी।

एनआरएलएम की महिलाओं की हाईटेक नर्सरी में रहेगी पूरी सहभागिता

हाईटेक नर्सरी में एनआरएलएम की महिला समूह की पूरी सहभागिता रहेगी।इसके लिये समूह की दीदियों का प्रशिक्षित किया जायेगा। और नर्सरी में उनको काम दिया जायेगा ताकि उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। समूह की महिलाओं को मानदेय भी दिया जायेगा। डीएचओ श्री कटियार का कहना है कि शासन ने इसके लिये आदेश जारी कर दिया है। शीघ्र ही किसानों को सब्जी फसल के लिये अच्छे अवसर मिलेगे।

लोनिवि द्वारा निर्माण करायी गयी सड़क समय से पहले नष्ट

कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव में हाइवे से गांव के अंदर को गई आवागमन के लिए बनी सड़क में दलदल में बदल गयी है। सड़क का निर्माण लोनिवि ने कराया था जो समय से पहले ही नष्ट हो गयी है। डामर गांव के बस्ती में आवागमन के लिए हमीरपुर कालपी हाइवे से लोक निर्माण विभाग द्वारा पक्की सड़क का निर्माण कराया गया है। । जिससे जलभराव हो रहा है। तथा मेन रास्ते में अतिक्रमण के चलते पानी का निकास नहीं हो पा रहा है। जिससे जल भराव की स्थित बनी रहती है। बरसात होने पर इस में कीचड़ व दलदल भर जाता है। जिससे होकर ग्रामीणों को निकलना पड़ता है। गांव के अंदर बस्ती में आवागमन के लिए एक मात्र सड़क है।गांव निवासी कृष्ण कुमार, होरीलाल,बीरसिंह, आदि ग्रामीणों ने बताया कि इस रास्ते से होकर प्राथमिक विद्यालय व जूनियर विद्यालय के बच्चे तथा इसी विद्यालय प्रांगण में संचालित आंगन वाडी केंद्र में बच्चो का आना जाना होता है। बरसात में परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से इस मुख्य मार्ग के मरम्मत कार्य कराए जाने की मांग की है।

कभी भी ढह सकती है सहकारी पूर्ति भंडार संघ की इमारत पालीथिन डालकर स्टोर किया जा रहा अनाज

कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

कस्बा कुरारा के थाने के समीप बने सहकारी पूर्ति भंडार संघ की इमारत पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। इस में स्टोर किया गया अनाज सुरक्षित रखने के लिए प्लास्टिक पालीथीन डालकर काम चलाया जा रहा है।

कस्बे में बस स्टैंड से थाने जाने वाले रास्ते में वर्ष 1949 में सहकारी पूर्ति भंडार (संघ) का निर्माण शासन द्वारा कराया गया था। कुरारा विकास खंड में इस संस्था के दो केंद्र स्थापित है। पहला केंद्र कस्बा कुरारा में तथा दूसरा केंद्र बेरी गांव में सड़क किनारे है। इन केंद्र से क्षेत्र के किसानो को सदस्य बनाकर रबी फसल की बुवाई के लिए चना, गेंहू, आदि का बीज वितरण किया जाता रहा है। इस में बीज भंडारण के लिए दो हाल बने हुए हैं। जो जीर्ण शीर्ण हालत में है। कुरारा केंद्र में सचिव के लिएआवास बना हुआ है। लेकिन वह भी जर्जर होने के कारण निवास करने लायक नहीं बचा है। इसके आगे के मैदान में लोग अपने वाहन खड़े करते हैं। इसकी बाउंड्री वॉल टूट गई है। जिसमे गेट नही लग पाते हैं। दीवारें चटक गई है। इनकी छत पुराने समय की ईंट से बनी हुई है। जो की जर्जर हो गई है। सचिव राजवीर ने बताया कि छत पुरानी हो जाने से बरसात में टपकती है। इसके लिए पत्राचार किया गया है।

मकान से गिरकर हुई मौत, पुलिस ने कराया पीएम

मौदहा, समृद्धि न्यूज। हमीरपुर। नोएडा में राजमिस्त्री का कार्य करते समय भवन से गिरकर हुई मौत के मामले में आज मौदहा पुलिस ने इचौली नायकपुरवा गांव निवासी एक व्यक्ति का पोस्टमार्टम कराया है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के नायक पुरवा निवासी नीरज ने कोतवाली पुलिस में तहरीर देकर कहा है कि उसका पिता छोटे 58 वर्ष नोएडा में एक ठेकेदार के यहां भवन निर्माण का कार्य कर रहा था। वह निर्माण कार्य करते समय गिरने से मौत होगयी। ठेकेदार ने फोन करके घटना की जानकारी दी थी। नोएडा से कुछ दूर पर चाचा मेवालाल व बड़ा भाई बब्बलू दिल्ली में ही मजूरी करते हैं।संम्बंधित ठेकेदार ने पिता का शव सीधे उनके निवास के गाँवनायकपुरवा भिजवा दिया है। उसने कहा कि वह मौत का कारण जानने के लिए उसका पोस्टमार्टम कराना चाहता है।कोतवाल राम आश्रय सरोज ने बताया कि बेटे की माँग पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

मोहर्रम का चांद दिखते ही ताजिया बनाने के काम में आई तेजी

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

इस्लामी हिजरी साल के पहले महीने की पांच से दस तारीख को मनाये जाने वाले मोहर्रम पर्व को लेकर ताजियादारों ने ताजिया बनाने के काम में तेजी कर दी है और दिन रात जागकर ताजिया बना रहे हैं, जो नौवीं मोहर्रम की रात में निकाले जाएंगे। इस्लामी साल के पहले महीने की दसवीं तारीख का विशेष महत्व है, इस दिन हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की करबला के मैदान में शहादत हुई थी, जिनकी याद में ताजिया निकाले जाते हैं और उसी को लेकर जहां प्रशासन ने भी तैयारियां पूरी कर ली है और ताजियादारों के साथ ताबड़तोड़ बैठकें शुरू कर दी है। वहीं ताजियादारों ने भी इस दिन निकलने वाले ताजियों को बनाने का काम शुरू कर दिया है और दिनरात जागकर ताजिया तैयार करने में जुट गए हैं। इस सम्बंध में ताजियादार अनवर हुसैन ने बताया कि उनके घर से करीब पांच दशक से ताजिया निकाला जा रहा है और उसी की तैयारियों में वह दिन रात लगे हुए हैं। जिसमें घर के बच्चों के साथ ही मोहल्ले के बच्चे भी उनका सहयोग कर रहे हैं। इसी तरह सिचौली पुरवा, हुसैनगंज, हैदरगंज, कजियाना सहित क्षेत्र में ताजिया बनाने का काम शुरू हो गया है।

मूसानगर रोड के नाले में गिरा बुजुर्ग, अस्पताल में भर्ती

घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।

शनिवार की शाम मूसानगर रोड पर खुले पड़े नाले में एक बुजुर्ग गिर गया जिसे लोगों ने निकालकर सीएससी में भर्ती कराया इसी के कुछ देर पहले उसी जगह पर एक गोवंश भी गिरा था जिसे लोगों ने निकाला, स्टेट हाईवे के दोनों और बने गहरे नाले में पटिया नहीं रखें जिससे आए दिन कोई ना कोई गिरकर घायल होता रहता है नगर पालिका करने भर के लिए आदर्श नगर पालिका है लेकिन हर ओर अव्यवस्थाएं नजर आती है ,बात चाहे सफाई की हो या फिर जलापूर्ति की, सभासदो की शिकायतें तक सुनने मे लापरवाही होती लगती हैं, जवाहर नगर पूर्वी के सभासद ज्ञान सिंह ने बताया की उन्होंने बीते तहसील दिवस में जिला अधिकारी के नाम संबोधित एक शिकायत दर्ज कराई थी की मूसानगर रोड पर बने नाले बहुत गहरी और उसके उपर पटिया नहीं रखी, इसके पहले भी लोगों ने पालिका से पटिया रखवाए जाने की मांग की थी, लेकिन नाले पर पटिया नहीं रखी गयी।

बिना डाक्टर के संचालित हो रहा स्वास्थ्य केंद्र

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

कस्बे के नगरीय प्रथामिक स्वास्थ्य केंद्र(शहरी) में तीन माह से कोई चिकित्सक मौजूद नहीं है। यहां पर फार्मासिस्ट ही मरीज का इलाज कर दवा दे रहीं हैं। स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक न होने पर मरीजों को सही उपचार नहीं मिल पा रहा है। जिससे मरीजों व उनके तीमारदार परेशान हैं। कस्बे के शक्ति मंदिर चौराहे के पास नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (अर्बन) है। जहां नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोग इलाज कराने आते हैं। इस अस्पताल में डा.मोहित की तैनाती थी। लेकिन करीब तीन माह पहले उनका स्थानांतरण हो जाने पर यहां कोई चिकित्सक नहीं है। अब यह अस्पताल एक फार्मासिस्ट चला रही है। शासन द्वारा हर रविवार को मरीजों के लिए आरोग्य मेला लगाया जाता है। रविवार को आरोग्य मेला में फार्मासिस्ट विनीता, एलटी ज्योति, वार्ड आया बंदना, वार्ड ब्वाय ही मौजूद मिले। लेकिन अस्पताल में कोई भी चिकित्सक नहीं था। फार्मासिस्ट ही मरीजों की जांच कर दवा दे रहीं हैं। अस्पताल में चिकित्सक न होने पर कोई भी मरीज आरोग्य मेला में इलाज कराने नहीं आ रहा है। जिससे शासन का यह हवा-हवाई साबित हो रहा है। दोपहर साढ़े बारह बजे तक सिर्फ दस मरीज ही अस्पताल इलाज कराने पहुंचे थे। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ अखिलेश सिंह ने बताया कि चिकित्सक कमी है।

तालाब जैसे पानी की जल आपूर्ति कर रही है नगर पालिका

▸ नगर पालिका के स्टेशन रोड की टंकी का है मामला

समृद्धि न्यूज, घाटमपुर।

नगर के स्टेशन रोड की टंकी से बीते तीन दिनों से नगर पालिका परिषद घाटमपुर तालाब जैसे मटमैले पानी की आपूर्ति कर रही है, बताया जाता है कि स्टेशन रोड की टंकी से नगर के अशोक नगर उतरी कुष्मांडा नगर और अच्छी मोबाइल उत्तरी एवं बसंत विहार मोहल्ला को जलापूर्ति होती है टंकी से बीते तीन दिनों के तालाब जैसे मटमैला पानी नलो से निकल रहा है यही नहीं यह पानी इतना गंदा है कि नहाने तक के काबिल नहीं है, शासन स्तर से 1 से लेकर 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण महीना घोषित किया है और इसके लिए नगरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण अंचल तक सफाई और स्वच्छ जल आपूर्ति के निर्देश दिए हैं लेकिन नगर पालिका संचारी रोगों के नियंत्रण में कोई रुचि नहीं दिख रही है जहां एक और नगर में चारों ओर जल भराव और गंदगी का आलम है वही 10 हजार की आबादी मटमैला पानी उपयोग करने को बिवश है।

अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को न हो किसी भी प्रकार की असुविधाः मुख्य सचिव

अमिताभ श्रीवास्तव

अयोध्या। रविवार को अयोध्या पहुंचे मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रा/श्रावण झूला मेला की तैयारियों के सम्बंध में विकास प्राधिकरण सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।समीक्षा बैठक में पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार,मण्डलायुक्त अयोध्या गौरव दयाल, मण्डलायुक्त देवीपाटन शशिभूषण लाल सुशील,मण्डलायुक्त बस्ती अखिलेश सिंह,पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र प्रवीण कुमार,जिलाधिकारी नितीश कुमार,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर व अपर आयुक्त प्रशासन अजय कान्त सैनी सहित सम्बंधित विभागों,मण्डल एवं जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।इनके साथ ही देवीपाटन व बस्ती मण्डल के जिलाधिकारियों व पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की।बैठक के दौरान मुख्य सचिव श्री सिंह ने निर्देश दिया कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये,इसका जिला प्रशासन व पुलिस विभाग विशेष रूप से ध्यान रखें।उन्होंने कहा कि सावन झूला मेला क्षेत्र एवं कांवड़ यात्रा मार्गो पर पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय इसके लिए शासन द्वारा पंद्रह सौ अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था की जा रही है।मार्गो के गड्ढे,खराब सडकें,मार्ग जलभराव आदि को भी यथाशीघ्र सही कराया जाय और इसका वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर सुनिश्चित कर लिया जाय कि सभी मार्ग पैदल यात्रा करने वालों के लिए अनुकूल है या नहीं?यह व्यवस्था अयोध्या के साथ साथ आसपास के जनपदों में भी सभी जिलाधिकारियों द्वारा सुनिश्चित की जाय।उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु तथा कांवड़ियों द्वारा कलश से जलाभिषेक किये जाने के कारण मार्गो,मंदिर की सीढ़ियों व शिवलिंग के आसपास फिसलन की सम्भावना बढ़ जाती है।इसके लिए इसकी नियमित सफाई होती रहे,इसका भी विशेष ध्यान दिया जाय।मुख्य सचिव ने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग तथा मेला क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में पेयजल की व्यवस्था,साफ सुलभ शौचालय,

▸ **कांवड़ यात्रा/श्रावण झूला मेला की तैयारियों की समीक्षा करने अयोध्या पहुंचे मुख्य सचिव व डीजीपी,देखी व्यवस्थाएं,दिए निर्देश**

चिकित्सा केन्द्रों पर पर्याप्त दवाईयों की व्यवस्था तथा पूर्ण मात्रा में फस्टऐड किट,श्रद्धालुओं के लिए टीन शेड विश्राम स्थल, क्षतिग्रस्त विद्युत तार व पूर्ण प्रकाश की व्यवस्था व निर्वाध विद्युत आपूर्ति तथा पार्किंग की सकुशल व्यवस्था आदि समय पर पूर्ण कर लिये जाय।उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के मार्गो पर श्रद्धालुओं के लिए भक्तों द्वारा भण्डारे,पेयजल,फूड स्टाल आदि के इंतजाम होते है।इसमें यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि किसी भी प्रकार का भण्डारा,फूड स्टाल आदि मार्गो पर न लगाये जाय।ये हाईवे व पैदल मार्ग से निर्धारित उचित दूरी पर ही लगाए जाएं,ऐसा सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि निराश्रित गौवंश पर भी विशेष ध्यान देते हुए उनको निराश्रित आश्रय स्थलों में पहुंचाये

जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पायें।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह जगह पर सहायता केन्द्र,अस्थायी उपचार केन्द्र तथा मेला कन्ट्रोल रूम के नम्बर के प्रदर्शन का व्यापक व्यवस्था की जाय।पुलिस महानिदेशक श्री कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि पुलिस कर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं से विनम्रता पूर्वक व्यवहार किया जाय।इसके साथ ही सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में तथा आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरे लगवाकर सम्पूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी करें तथा भीड़ को नियंत्रण करने के लिए बैरीकेटिंग आदि का प्रयोग करें।उन्होंने यह भी कहा कि श्रावण झूला मेला एवं कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा सरयू नदी में स्नान कर जलाभिषेक किया जाता है।इसके लिए सरयू नदी में निर्धारित स्नान स्थलों पर ही स्नान करने दिया जाय,जल बैरिकेटिंग लगाकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा की जाय और मौके पर गोताखोर,जल सुरक्षा कर्मी व स्टीमर की पर्याप्त व्यवस्था रहें।अधिकारीद्वय ने यह भी निर्देश दिये कि जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग आपसी समन्वय करते हुए कांवड़ यात्रा/श्रावण मेला के पूर्व सभी स्थलों का दो से तीन बार स्थलीय निरीक्षण स्वयं करें तथा अन्य नामित मजिस्ट्रेटों की नियमित समीक्षा करते हुए तैयारियों का जायजा लें तथा डायवर्जन प्लान को समय से लागू करने व पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था समय से पूर्ण करें।जिलाधिकारी श्री कुमार ने कांवड़ यात्रा/श्रावण झूला मेला से सम्बंधित प्रस्तुतीकरण करते हुए बताया कि श्रावण मास दिनांक 22 जुलाई से प्रारम्भ होकर 19 अगस्त को समाप्त होगा,जिसमें जनपद बहराइच, गोंडा, बस्ती, अम्बेडकरनगर, सुल्तानपुर, अमेठी, रायबरेली व बाराबंकी के श्रद्वालुओं का जनपद अयोध्या में आगमन होता है।ये श्रद्धालु सरयू नदी का जल लेकर नयाघाट राम की पैड़ी होते हुए नागेश्वरनाथ/क्षीरेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक करते हुए अपने जनपद को जाते है।इसके साथ ही श्रद्धालु हनुमानगढ़ी,श्रीरामलला आदि मंदिरों में दर्शन पूजन करते है।

उन्होंने मेले के सम्बंध में की जा रही तैयारियों के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम के द्वारा सफाई व्यवस्था,शुद्व पेयजल व्यवस्था, फागिंग/एंटीलार्वा छिड़काव तथा जनसुविधओं की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही जैसे विद्युत पोलों पर प्लास्टिक सीट, गलियों तथा नालियों का सुदृढ़ीकरण आदि की जा रही है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कांवड़ यात्रा के रूट में 108 एम्बुलेंस की तैनाती, सीएचसी/पीएचसी को चौबीस घंटे क्रियाशील रखने की व्यवस्था, मेला क्षेत्र में एम्बुलेंस की व्यवस्था,राजकीय चिकित्सालयों में आरक्षित बेडों की उपलब्धता, अस्थायी उपचार केन्द्र व तैनात मानव संसाधन आदि की जानकारी दी गयी।

अधिकारियों ने किया मुख्य सचिव का स्वागत

अयोध्या। रविवार को कांवड़ यात्रा/श्रावण झूला मेला की तैयारियों की समीक्षा करने अयोध्या पहुंचे मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह का जिले के महर्षि बाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार,मण्डलायुक्त गौरव दयाल,पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार,जिलाधिकारी नितीश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर सहित अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया गया।इसके बाद मुख्य सचिव सीधे अयोध्या विकास प्राधिकरण कार्यालय में हुआ जहां उनको गार्ड आफ आनर से सम्मानित किया गया तथा विकास प्राधिकरण के सभागार में अयोध्या,बस्ती एवं देवीपाटन मण्डल के मण्डलायुक्त व जिलाधिकारियों के साथ कांवड़ यात्रा/श्रावण झूला मेला की तैयारियों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के पश्चात मुख्य सचिव श्री सिंह ने जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ वार्ता की तथा प्रेस प्रतिनिधियों को मेले के सम्बंध में की जा रही तैयारियों की ब्रीफिंग की गयी।अयोध्या विकास प्राधिकरण परिसर से निकलने के पश्चात मुख्य सचिव सर्किट हाउस पहुंचे।सर्किट हाउस से निकलकर राम की पैड़ी,सरयू आरती स्थल,नयाघाट,जलवान पुरा में जलभराव की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।यहां से मुख्य सचिव हनुमानगढ़ी पहुंचे जहां उन्होंने दर्शन पूजन किया तथा स्थलीय निरीक्षण किया।इसके बाद उन्होंने मणि पर्वत पहुंचकर मेले क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया।यहां के बाद मुख्य सचिव ने श्रीरामलला मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन किया,श्रीराम जन्मभूमि परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा तीर्थ क्षेत्र न्यास ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की।

छापेमारी कर प्रतिबंधित 34 किलो पॉलीथिन जब्त कर लगाया जुर्माना

जैदपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

प्लास्टिक उन्मूलन महा अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत जैदपुर की टीम के साथ जैदपुर पुलिस द्वारा साप्ताहिक बाजार में प्रतिबंधित पोलोथीन 34 किलो बारामद दो लोगों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये जुर्माना कराया गया। जिससे तमाम दुकानदारों में अफरातफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार रविवार की साप्ताहिक बाजार में प्लास्टिक उन्मूलन महा अभियान के अंतर्गत आज कस्बा इंचार्ज रनवीर सिंह के संग सहयोगी पुलिस बल व नगर पंचायत जैदपुर टीम के साथ बड़ी बाजार स्थित हलीम पुत्र मुन्ना रईस अहमद पुत्र वहीद अहमद थाना जैदपुर की दुकानों में की गयी छापेमारी में कुल 34 किलो प्रतिबंधित पोलोथीन बरामद कर दोनों दुकानदारों का जुर्माना कराया गया। इस संबंध में कस्बा इंचार्ज रनवीर सिंह से बताया प्रतिबंध 34 किलो पोलोथीन दोनों दुकानदारों के पास बरामद कर कार्यवाही करते हुये जुर्माना कराया गया है।

प्रेमिका को युवक ने बहला फुसला कर भगाया, मुकदमा दर्ज

जैदपुर बाराबंकी। अपने प्रेमी के साथ 20 वर्षीय प्रेमिका बिना बताते घर से चली गयी।पिता ने एक युवक पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है।पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल के तलाश जारी है।बताते चलें कि मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है।जहां के एक पीड़ित पिता ने थाना जैदपुर में शिकायत करते हुए बताया कि दिनांक 3-7-2024 को 20 वर्षीय पुत्री तीन बजे घर से फरार हो गयी।जिसकी सूचना पीड़ित पिता द्वारा शिकायती पत्र देकर जैदपुर पुलिस को किया था।लगातार खोजबीन करने के बाद अब लोगो से पता चला है कि बीबीपुर निवासी अरूण पुत्र भोला उसे बहला फुसलाकर कर भगा ले गया है।पिता की तहरीर पर जैदपुर पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल व आरोपी की तलाश जारी है।

वार्ड सभासद के रिक्त पद पर आज पड़ेंगे वोट, पोलिंग पार्टी बूथ पर लगी

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

नगर पंचायत टिकैतनगर के वार्ड नंम्बर 9 के सभासद पद के निर्वाचन हेतु तहसील के पारिजात सभागार से आरओ अमित त्रिपाठी एआरओ संजय कुमार राय ने पीठासीन अधिकारी व मतदान कार्मिकों को स्टेशनरी बैलेट पेपर, बैलट बॉक्स आदि के साथ टिकैत नगर के लिए बस से रवाना किया।सोमवार को नगर पंचायत टिकैतनगर के वार्ड नंम्बर 9 के मतदान हेतु पोलिंग पार्टी को रवाना किया गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय बृजेश शुक्ला आदि ने पीठासीन अधिकारी दुर्गा प्रसाद व अजय कुमार रश्मि इबरार हुसेन एस आई मनीष कुमार पाण्डेय आदि के साथ बस को टिकैत नगर के लिए रवाना किया गया है। इस मौके पर सुहैल अंसारी, सचिन कुमार,परमानंद आदि मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

किसान नेता को फोन पर मिली जान से मारने धमकी के मामले में हुआ मुकदमा दर्ज

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। किसान नेता को फोन पर जान से मारने की मिली धमकी के मामले में एसपी से हुई शिकायत के बाद सुबेहा पुलिस ने धमकी देने वाले अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शरीफाबाद गांव निवासी रामबरन यादव भाकियू अम्बावत गुट के जिला मीडिया प्रभारी है ।पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में बताया था कि 19 जून को मेरे गांव के ही निवासी गीता , संजय ,उनके साथी ओमप्रकाश पांडेय के बीच विवाद हुआ था जिसके बाद गीता ने थाने पर प्रार्थना पत्र दिया था । 28 जून को गांव निवासी अभियुक्त संजय त्रिवेदी के चाचा मनीराम त्रिवेदी पुत्र रामजस ने उनके मोबाइल पर फोन पर जान से मारने की धमकी दी और कहा की तुम गीता व संजय के मामले में पैरवी कर रहे हों तुम्हारा बहुत जल्द मर्डर कर लाश गायब कर दी जाएगी ।इसके अलावा प्रदीप व मेरे बहनोई अधिवक्ता रामविलास का भी मारने पीटने व जान से मारने की धमकी दी जा रही हैं। जिला मीडिया प्रभारी रामबरन यादव फोन पर मिली धमकी से भयभीत होकर जिला मुख्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई थी। एसपी से की गई शिकायत के बाद सुबेहा पुलिस ने आरोपी मनीराम त्रिवेदी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

स्कूलों में डिजिटल उपस्थिति को लेकर शिक्षकों ने जताया विरोध

बाराबंकी। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा सोमवार से डिजिटल उपस्थिति एवं विद्यालय संबंधी पंजीकाओं के ऑनलाइन डिजिटाइजेशन किए जाने की शुरुवात के विरोध में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने समस्त पदाधिकारियों एवं शिक्षकों से सोमवार से काली पट्टी बांधकर विरोध करने हेतु आव्हान किया एवं 11 जुलाई को जनपद स्तर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर ऑनलाइन डिजिटाइजेशन , डिजिटल उपस्थिति के विरोध में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। प्रदेश सह मीडिया प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के अधिकतर विद्यालयों में जलभराव एवं आने जाने के दुर्गम रास्तों की वजह से डिजिटल उपस्थिति प्रणाली संभव नहीं है, शिक्षकों पर यह व्यवस्था लागू कर विभाग द्वारा दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है क्योंकि अन्य किसी भी विभाग में यह व्यवस्था लागू नहीं है।

आपसी विवाद में दो जगहों पर हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

जैदपुर बाराबंकी। दो अलग अलग जगहो पर हुए आपसी विवाद मे जमकर हुई मारपीट में जैदपुर पुलिस से शिकायत की गई है।पुलिस द्वारा दोनो विवादो मे मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र के भकोसा ग्राम पंचायत टिकरा मुर्तजा निवासी पूनम पत्नी सुशील कुमार ने जैदपुर थाना में शिकयत करते हुए बताया कि पडोसी राम नेवल पुत्र राम खेलावन,नन्कू पुत्र प्यारेलाल संगीता पत्नी राम नेवल अपने घर का पानी प्रार्थनी की नींव में बहा रही थी?।मना करने पर गन्दी गन्दी गाली देते हुये लात घूंसों व डंडो से जमकर मारा पीटा।और जान से मारने की धमकी दी है।वही अहमदपुर चौकी थाना जैदपुर निवासी अनीता देवी पत्नी राम सिंह ने थाना जैदपुर में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि घर के पीछे गांव के मुलायम बुधराम,जितेंद्र पुत्रगण जनमदीन रावत आये दिन गाली ग्लौज व आपस में लड़ते झगड़ते रहते हैं।जिसका विरोध पीड़ित के ससुर रामपाल ने किया तो उन्हे गाली देने के साथ जमकर मारा पीटा गया।जब प्रार्थनी आवाज सुनकर बचाने गयी तो दबंगों ने उसे लात घूसो से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देने लगे।दोनों विवादों में जैदपुर पुलिस द्वारा आरोपियो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

नगर पंचायत कर्मी की तबियत में हुआ सुधार

जैदपुर बाराबंकी।आठ दिन बाद नगर पंचायत जैदपुर के कर्मचारी की तबीयत में सुधार होने की सूचना पर शुभचिंतकों के चेहरे खिल उठे। बताते चलें कि नगर पंचायत जैदपुर को मोहल्ला उसरी निवासी मिलनसार जुझारू तेज तर्रार कर्मचारी सरबजीत की 30 जून को नगर पंचायत से निकलते ही चंद कदम दूर दिनेश सोनी की दुकान के पास अचानक तबीयत बिगड़ी वो गिर गया। और आवाज बंद हो गयी। जिसे उपचार हेतु नगर पंचायत के कर्मचारियों व स्थानीय लोगों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य जैदपुर ले जाया गया। जहां हालत खराब होती देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया गया था। वहां भी लखनऊ के लिये रेफर कर देने पर परीवार के लोगों द्वारा लखनऊ के एक निजी अस्पताल उपचार के लिये ले जाया गया। तो डाक्टरों ने फालिश का भयंकर अटैक बताते हुये उपचार शुरू कर दिया था। जिसकी हालत में कोई सुधार न होने की सूचना पर कर्मचारियों साथियों व परीवार के लोगों में चिंताएं बढती देखी गयी थी। परंतु रविवार को सरबजीत के भाई संजीत द्वारा वार्ता होने पर बताया गया कि फालिश के अटैक के चलते एक हाथ एक पैर में दिक्कत है। जो डाक्टरों के अनुसार जल्द ठीक होने की बात बतायी गयी है।जबकि पहले से तबीयत में काफी सुधार आता दिख रहा है। जिससे सभी साथियों व कर्मचारियों के चेहरे में चमक पैदा हो गयी।

शनि मंदिर का 13वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। रामेश्वरम शिवाला मंदिर परिसर में स्थापित श्री विमल कृष्ण देव शनि मंदिर का 13वां स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में प्रसाद के रूप में भक्तों को रसगुल्ला छोला पुलाव रायता का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2011 में इस मंदिर की स्थापना कस्बा निवासी स्वर्गीय जगदीश प्रसाद पांडे निडर एवं उनके पुत्र निर्मल पांडे विमल पांडे कमल पांडे एडवोकेट द्वारा करायी गई थी। इसके बाद से हर वर्ष7 जुलाई को धूमधाम के साथ स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर आयोजित भंडारा में आनंद अग्रवाल राम मिश्रा श्याम जी मिश्रा प्रबंधक रामकृष्ण वैश्य,पुजारी वेद प्रकाश मिश्रा, गौरी शंकर मिश्रा आदि सेवादार व्यवस्था में लगे नजर आए। इस अवसर पर परिसर में स्थित तीनों मंदिरों को फूलों झालरों से सजाया गया था।

राजस्थान में विद्युत करंट से युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। कोतवाली हैदरगढ़ के बारीखेरा मजरे अंसारी गांव निवासी एक 22 वर्षीय युवक की जयपुर राजस्थान में विद्युत करंट लग जाने से मौत हो गई। युवक का शव गांव आने के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

जल भराव की समस्या से जूझ रहे पलिया वार्ड के नागरिक

हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज़

नगर पंचायत सुबेहा के पलिया वार्ड में जल निकासी की व्यवस्था न होने से जलभराव हो जाता हैं। इस समस्या से वार्ड वासी काफी परेशान हैं। वार्ड सभासद जय प्रकाश ने अधिशासी अधिकारी से मौखिक शिकायत कर समस्या का निदान किए जाने की मांग की है। सभासद ने बताया कि जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए वार्ड में नाला निर्माण हेतु शासन से स्वीकृत मिल। चुकी है। बरसात के पहले नाला निर्माण हेतु गड्ढा खोदा गया था लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सका बाद में गड्ढे को पाट दिया गया है । वैसे मोहल्ले में एक सप्ताह से जलभराव है लेकिन दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने वार्ड के लोगो की परेशानी और भी बढ़ा दी है । घरों तक पानी पहुंच चुका है वही आवगमन के रास्ते भी डूब गए हैं ।जिससे छोटे छोटे बच्चो को आवागमन में परेशानी हो हो रही है। दूषित जलभराव के चलते संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। सभासद ने आगे बताया की मामले की मौखिक शिकायत अधिशासी अधिकारी से की गई है। यदि समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उच्चाधिकारियो को भी मामले से अवगत कराया जायेगा ।

मुहर्रम, काबड़ यात्रा के दौरान सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखेंः डीएम

▸ **आपसी प्रेम व सद्भाव के साथ त्यौहार मनायें**

▸ **त्यौहारों पर सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएः एसपी**

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

मोहर्रम, श्रावण मास, कावड़ यात्रा और अन्य त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मी बाई सभागार में जनपद के समस्त धर्म गुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने सभी धर्म गुरुओं और संभ्रांत लोगों से अपील करते हुए कहा कि आपसी प्रेम सद्भाव और सौहार्द के साथ त्योहार को मनाये, साथ ही नगर पालिका प्रशासन तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि वह शहरी व ग्रामीण इलाकों में साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखे, जिससे मोहर्रम और कावड़ यात्रा के दौरान किसी को भी असुविधा न हो। जनपद के प्रत्येक नागरिकों की जिम्मेदारी है कि इन त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्द के साथ मनाएं, साथ ही यह भी ध्यान रखें कि किसी की भावना को ठेस न पहुंचे, उन्होंने कहा कि खास तौर पर यदि कोई भी अराजक तत्व शांति व्यवस्था में खलल डालता है, तो उसके बारे में तत्काल पुलिस तथा प्रशासन को अवगत कराए, जिससे उसके विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी भ्रामक खबरों को प्रसारित करने से बचें और किसी भी प्रकार की सूचना आदि उन्हें प्राप्त होती है, तो इसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दें, ताकि उस सूचना की जांच करते हुए प्रभावी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत आपूर्ति बाधित न होने पाए, इसके अलावा नगर पालिका, नगर पंचायत तथा जिला पंचायत राज विभाग के अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए कि आगामी त्यौहार को ध्यान में रखते हुए साफसफाई का विशेष ध्यान रखा जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, इसके अलावा उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा ने आने वाले त्योहारों को दृष्टिगत अधीनस्थों से सुरक्षा के बारे में जानकारी ली, साथ ही कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाए, त्योहार पर कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की भ्रामक सूचना फैलता है तो उसके खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाए, इसके अलावा उन्होंने समस्त क्षेत्राधिकारी थाना व चौकी प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में संभ्रांत नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक कर सदस्यों से समन्वय स्थापित करते हुए भाईचारा सांप्रदायिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्थाएं रखना सुनिश्चित करें, इसके अलावा सभी धर्म गुरुओं से अपील करते हुए कहा कि कहा कि आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराए, यदि उन्हें कोई भी व्यक्ति जो सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करता है, उसके बारे में सूचना मिले, तत्काल पुलिस प्रशासन को जानकारी दें, जिससे उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जा सके।

कृषि विज्ञान केंद्र पर चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज़

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र पर अनुसूचित जाति उपयोजना (एससीएसपी) परियोजनान्तर्गत तीन से सात जुलाई तक चलने वाला पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया।

जिससे खरीफ अनाज फसलों का बीज उत्पादन एवं विपणन पर 25 बेरोजगार नवयुवको एवं कृषकों को प्रशिक्षण दिया गया ।

प्रशिक्षण के समन्वयक डॉ0 समीर कुमार पांडे वरिष्ठ वैज्ञानिक ने आए हुए सम्मानित किसानों व वैज्ञानिकों का स्वागत एवं प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बताकर शुभारंभ किया ।

डॉ पांडे ने बताया कि प्रशिक्षण से अपने ज्ञान को बढ़ाकर बेरोजगार युवक व कृषक अपनी आर्थिक स्तर को मजबूत कर सकते हैं। साथ ही साथ अपनी खेती से ज्यादा से ज्यादा बीज उत्पादन कर आय बढ़ा सकते हैं, क्योंकि खाने वाले अनाज की अपेक्षा बीज के रूप में प्रयोग करने वाले बीज ढाई से तीन गुना महंगे होते हैं । डॉक्टर पांडे ने बीज उत्पादन में किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, बीज की गुणवत्ता एवं बीज के प्रकार न्यूक्लियस, ब्रीडर, फाउंडेशन एवं प्रमाणित बीज, बोरी पर लगे टैग आदि पर विशेष जानकारी दी ।

डॉ अश्वनी कुमार सिंह ने बीज कैसा, किन-किन विधियों से बोकर, कितना पोषक तत्व, कितनी दूरी आदि पर विशेष जानकारी देकर बीज उत्पादन करने की सलाह दी । डॉ रूपन रघुवंशी ने बीज उत्पादन करते समय किन-किन बातों को ध्यान में रखकर लोगों को जोड़ा जाए और बाजार से जुड़ते समय किन-किन बातों को ध्यान रखना चाहिए जिससे आमदनी अच्छी हो ।डॉक्टर रिंकी चौहान ने बीज बुवाई से लेकर भंडारण तक किन-किन बातों को ध्यान रखना चाहिए जिससे बीज उत्पादन और बीज रखने तक कोई बीमारी व कीड़े ना लगने पाएं, इसकी विस्तृत जानकारी दी ।डॉक्टर भास्कर प्रताप सिंह ने कृषकों व नवयुवकों को बीज बोने से लेकर भंडारण तक कृषि यंत्रों का कहां-कहां प्रयोग कर अपनी लागत को कम व आय को बढ़ा सकते हैं । प्रशिक्षण अंतिम दिन डॉक्टर पांडे ने सभी वैज्ञानिकों एवं कृषको का धन्यवाद कर समापन की घोषणा की। प्रशिक्षण में दरियाबाद ब्लॉक के दानापुर एवं अंबरपुर गांव के विभिन्न पूर्वोंसे आए 25 किसानों ने भाग लिया। किसान शिवराम, विजय प्रताप, चंद्रशेखर, रामशरण, राजेश, साहबदीन, रामकुमार, आदि ने भाग लिया।

डीएम ने रोडवेज बस स्टैंड में गंदगी देख सफाई नायक को लगायी फटकार

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने रोडवेज बस स्टैंड व रामकुंड का निरीक्षण कर अधिनियस्त अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रोडवेज बस स्टैंड परिसर में सफाई व्यवस्था सही न मिलने और जगह जगह गुटखा थूका देख नाराजगी जाहिर करते हुए रोडवेज एआरएम को निर्देशित किया कि त्वरित संबंधित सफाई कर्मचारियों व सफाई नायक के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि परिसर पर साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था के साथ नाला की भी सफाई कराएं ताकि बारिश में नाला चौक न हो पायें और बेहतर पानी की निकासी बानी रहे। उन्होंने कहा कि परिसर के अंदर व बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाएं, जो गुटखा थूकता देख या गन्दगी फैलाते हुए मिले उस पर पांच सौ रुपये जुर्माना बसूला जाए। बस स्टैंड परिसर में कैंटीन के पास एक चिकित्सक का क्लीनिक संचालित है, कुछ दुकानें बंद है समय से किराया नहीं दे रहे उनकी जानकारी नगर पालिका के अधिकारियों से कर निर्देश दिए कि ऐसे दुकानों को नोटिस निर्गत करते हुए दुकान आवंटन निरस्त कर नए सिरे से एलाटमेंट की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने रामकुंड का निरीक्षण किया, रामकुंड की मिट्टी खोदकर तालाब की साफसफाई ठीक से न करने पर नाराजगी जताते हुए कार्य तेजी से कराये जाने के निर्देश दिये गये। रामकुंड परिसर के चारों तरफ बरगद पीपल आदि छायादार पौधों का रोपण कराया जाए, बारिश चल रही है अभी से ही गड्ढे खोदकर एक अभियान के रूप में लेते हुए वृक्षारोपण करना सुनिश्चित करें। प्रकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही व उदासीनता मिलने पर कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

पीडीए वृक्षारोपण के तहत पूर्व विधायक व सपाईयों ने रोपे पौधे

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

सपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव के आह्वान पर 01 से 07 जुलाई 2024 तक पीडीए बृक्षा रोपण कार्यक्रम को नगर व क्षेत्र में पूर्व विद्यायक के साथ क्षत्रिय नेता एवं सयुस प्रदेश सचिव ने समर्थकों के साथ अलग अलग स्थानों पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रापित कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

रविवार को नगर के रसूलपुर रोड पर पूर्व विधायक अरबिन्द सिंह यादव एवं क्षत्रिय नेता राज सिंह चौहान के साथ पौधरोपण करनें के उपरान्त पूर्व विधायक ने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित जीवन के लिए पौधरोपण बेहद जरूरी है। इसलिये सभी लोग पौधे लगाए। क्षत्रिय नेता राजसिंह चौहान उर्फछोटे ठाकुर नें कहा कि लगातार घट रही वृक्षों की संख्या से मानव जीवन पर संकट मंडरा रहा है। इसलिए पौध रोपण करना हम सभी का कर्तव्य है। इस मौके पर मुकीम खान, अर्पित शुक्ला, बबलू यादव, अंकुर सिंह यादव, शकील खान, गोपाल, सौरभ मौजूद रहे। उधर क्षेत्र के ग्राम सभापुर में सपाध्यक्ष एवं समाजवादी युवजनसभा प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरि के निर्देश पर सयुस प्रदेश सचिव अमन खॉन नें समर्थकों के साथ पीडीए बृक्षारोपण के तहत विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित करनें के उपरान्त कहा कि पर्यावरण संतुलित बनाए रखने के लिए हम सभी को अपने शुभ अवसरों पर कम से कम एक पौधा लगा कर धरती का श्रृंगार करना चाहिए। जिससे भविष्य में हमारी आने वाली पीढ़ियों का जीवन सुरक्षित हो सके। इस दौरान फ़िरदौस आलम, आलोक यादव, भोला यादव, सतेंद्र यादव, सद्दाम हुसैन, तस्लीम वारसी, फैज आलम, सुधीर यादव आदि मौजूद रहे।

पौधे रोपित करते पूर्व विद्यायक व सयुस प्रदेश सचिव — समृद्धि न्यूज

सपा नेताओं ने जगह-जगह किया वृक्षारोपण

- विधानसभा अध्यक्ष बोले, सभी सपाई लगाए एक-एक वृक्ष

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

समाजवादी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पीडीए वृक्षारोपण अभियान के तहत रविवार को कई जगहों पर सपा नेताओं ने वृक्षारोपण किया। सभी से कम से कम एक-एक वृक्ष लगाने की अपील की। समाजवादी पार्टी के बरिष्ठ नेता व तिर्वा विधानसभा के प्रत्याशी रहे इं.अनिल पाल, तिर्वा विधानसभा अध्यक्ष शरद यादव, मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष मुनेश राठौर ने इंदरगढ़ में करीब एक दर्जन पौध लगाए। उन्होने बताया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन व उनके आवाहन पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष शरद यादव ने कहा कि विधानसभा के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी एक-एक वृक्ष अवश्य लगाए। उनकी देखरेख करें। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज के निकट सपा की छात्रसभा के जिला उपाध्यक्ष सुखेन्द्र यादव ने सपा नेता सुरजीत यादव, सौरभ, प्रांशू व अन्य सपाईयों के साथ मिलकर वृक्ष लगाए। इसके साथ तिर्वा विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर सपा नेताओं ने वृक्षारोपण किए।

मेडिकल कॉलेज के निकट वृक्षारोपण करते सपा नेता

खबरें चलते-चलते

आज से 20 तक वितरित होगा निशुल्क खाद्यान्न

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्र ने बताया है। कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत माह जुलाई, 2024 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण दिनांक 08.07.2024 से 20.07.2024 के मध्य निःशुल्क वितरण करने जाने के निर्देश दिये गये है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा0 गेंहू व 21 किग्रा0 चावल (कुल 35 किग्रा0 खाद्यान्न) का निःशुल्क वित्तरण किया जाएगा। तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 02 किग्रा0 गेंहू प्रति यूनिट व 03 किग्रा0 चावल प्रति यूनिट (कुल 05 किग्रा0 प्रति यूनिट) के अनुसार निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। उक्त वितरण मे मोबाइल ओ0टी0पी0 के माध्यम से वितरण की सुविधा 20. 07.2024 को उपलब्ध रहेगी। उपरोक्तानुसार कार्डधारको को पोर्टेबिलिटी के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। राजीव मिश्र ने बताया है। कि वितरण को पारदर्शी बनाने हेतु प्रत्येक उचित दर दुकान पर पर्यवेक्षक/ नोडल अधिकारियों की तैनाती की गयी है। ई-पॉस मशीनों से वितरण प्रत्येक दिवस प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक किया जायेगा। किसी भी कार्ड धारक को राशन प्राप्त करने में असुविधा होती है तो इसके लिए सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/ पूर्ति निरीक्षक से सम्पर्क किया जा सकता है। खाद्यान्न से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान हेतु उपजिलाधिकारी छिबरामऊ 9454416468, उपजिलाधिकारी सदर कन्नौज 9454416467, उपजिलाधिकारी तिर्वा 9454416469, जिला पूर्ति अधिकारी 9918584700, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक तिर्वा 9411053497, पूर्ति निरीक्षक सदर 9889433959, पूर्ति निरीक्षक तहसील छिबरामऊ 7839301822 तथा डिस्ट्रिक्ट कमान्ड नम्बर 1077 पर सम्पर्क कर सकते है।

दंपति सहित पुत्र से मारपीट कर दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। पारिवारिक विवाद के चलते दंपति सहित पुत्र के साथ परिवार के ही पांच लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम गुगरापुर निवासी विनोद पत्नी वीरपाल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 01 जुलाई को पारिवारिक विवाद के चलते परिवार के ही राजीव, अवनीश, प्रवीन, गोविंद, रचना आए और उसे व उसके पति सहित पुत्र के साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

अंतरराष्ट्रीय गौसेना प्रकोष्ठ के जिला प्रभारी नियुक्त होने से समर्थकों में खुशी की लहर

छिबरामऊ कन्नौज। अंतरराष्ट्रीय गौसेना प्रकोष्ठ की प्रदेश स्तरीय बैठक लखनऊ प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई जिसमें गौसेना प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत पांडे को कन्नौज जनपद का प्रभारी नियुक्त किया गया। अंतरराष्ट्रीय गौसेना प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत पांडे को लखनऊ की बैठक में कन्नौज जनपद का प्रभारी नियुक्त किया गया जनपद प्रभारी की नियुक्त के बाद अपने कैंप कार्यालय वापस आने पर समर्थक द्वारा स्वागत किया।

पुलिस ने सट्टा पर्ची लिखते युवक को पकड़ा

जालौन (उरई)। नगर में सट्टा का कारोबार लगातार चल रहा है। शनिवार को सट्टा पर्ची लिख रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली में तैनात एसएसआई शीलवंत सिंह को सूचना मिली कि मोहल्ला सहावनाका में कुछ लोग 10 रुपये लगाने पर 900 रुपये मिलने का लालच देकर सट्टे के नंबर लिख रहे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मुंह से बोल बोलकर नंबर लिख रहे युवक इसरार निवासी मोहल्ला पहलवानबाड़ा को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने आरोपी के पास से एक डायरी, पेन, 2480 रुपये नकद बरामद किए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पूर्व विधायक ने मृतक के परिजनों से व्यक्त की शोक संवेदना

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

विगत दिनों पूर्व मझपुर्वा में दिव्यांग आफ्ताब की हत्या कर उसका शव ट्यूबवेल की हौदी में डाल दिया था। उक्त मामले में पीड़ित पिता द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसमें पुलिस लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। और कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी कर रही है।

वहीं उपरोक्त मामले की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने मृतक आफ्ताब के घर मझपुर्वा पहुंचे और दुखी परिजनों को ढांढस बंधाकर शोक संवेदना व्यक्त की। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि आफ्ताब की हत्या में शामिल सभी आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी होना चाहिए और दोषियों के खिलाफसख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। इसके अलावा पूर्व विधायक ने दुखी परिजनों को हर संभव मदद का शासन दिया। इस अवसर पर मझपुर्वा प्रधान प्रतिनिधि हारून अहमद सिद्दीकी, फ़िरदौस आलम, मुकीम खान, अमन खान, भोला यादव, राजन यादव, अजीम सिददीकी, शादाब खान, गोलू शुक्ला सहित कई लोग मौजूद रहे।

मृतक के परिजनों से संवेदना व्यक्त करते पूर्व विधायक — समृद्धि न्यूज

पूर्व प्रधान ने भाई के साथ हुई मारपीट का आरोप थानाध्यक्ष पर लगाया

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के कस्बा विशुनगढ़ मे थाना अध्यक्ष ने पूर्व प्रधान के भाई के साथ की मारपीट जिससे पूर्व प्रधान का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल अवस्था में उसे छिबरामऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया,जहा उसका उपचार जारी। विशुनगढ़ कस्बा निवासी नीलेश पुत्र श्री कृष्णा द्विवेदी ने बताया की वह अपने घर के दरवाजे पर खड़े थे कि तभी थाना अध्यक्ष प्राइवेट में आए और दुकानदार से कुछ बातचीत कर रहे थे। इसी बीच उनसे एक सवाल का जवाब कर दिया तो इसी को लेकर थाना अध्यक्ष देवेश पाल ने निलेश के साथ मारपीट कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं उन्हें घायल अवस्था में स्थानीय लोगों द्वारा छिबरामऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहा उनका उपचार जारी है।

फ़ातहे बिलग्राम मिशन फ्री मेडिकल कैम्प में 101 मरीज पहुंचे

छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

रविवार को नगर के मोहल्ला लाहौरी टोला स्थित गौसिया मस्जिद के पास आले रसूल हजरत सैय्यद अनस हुसैन वास्ती की सरपरस्ती में फातहे बिलग्राम मिशन की जानिब से फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया, जिसमें 101 मरीजों का परीक्षण कर दबाइयाँ दी गई। इस मेडिकल कैम्प में फर्रुखाबाद से आए डॉक्टर अफनान अली एमडी फिजिशियन, बलरामपुर हॉस्पिटल लखनऊ से डॉक्टर आरिफ खान जनरल फिजिशियन, डॉक्टर अंकित कटियार आंख रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर स्टाफ शिखा राजपूत, हिना खान रजा, व शिवम के द्वारा मरीजों परीक्षण कर दवाइयां दी गई। आले रसूल हजरत सैय्यद अनस हुसैन वास्ती की सरपरस्ती में कमेटी कैम्प को अंजाम दे रही है। हजरत ने जरूरतमंदों से कैम्प में मरीजों को लाने की गुजरिश की थी। इस कैंप के लगने से गरीब, मजबूर, बेसहारा लोगों का फ्री में उपचार हो रहा है। इस दौरान फैसल खान, दिल नमाज खान, सलीम मंसूरी, आमिर रजा, जाहिद चिस्ती, फरजान मंसूरी, फैसल खान, हारुन, अमन, महमूद मंसूरी, आमिर अत्तारी, आदि लोग मौजूद रहे।

तहसील बार एसोसिएशन आज से करेगी कामकाज

- लायर्स बार एसोसिएशन व न्यू बार एसोसिएशन की जारी रहेगी हड़ताल
- बार एसोसिएशन ने इन दिनों एसोसिएशन का समर्थन न करने का किया ऐलान

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार व अनियमितताओं के खिलाफ लायर्स बार एसोसिएशन व न्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ता पिछले पांच दिनों से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चल रहे हैं। उधर दूसरी ओर तहसील की बार एसोसिएशन ने इन दोनो एसोसिएशन से अलग रूख अपनाया है। बार एसोसिएशन अध्यक्ष रविवार को ऐलान करते हुए कहा कि उनकी एसोसिएशन हड़ताल में शामिल नहीं है। सोमवार को बार एसोसिएशन के अधिवक्ता तहसील में काम काज करेंगे। गौरतलब है कि लायर्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र बाबू राजपूत व न्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपू यादव के नेतृत्व में इन दोनो एसोसिएशन के एक सैकड़ा से अधिक अधिवक्ता पिछले पांच दिनों से तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। शनिवार को इन दोनो एसोसिएशन के अध्यक्षों ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय बघेल से भी समर्थन मांगा था। इसके लिए पत्र भी लिखा था। रविवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय बघेल ने लिखे पत्र का जबाव देते हुए कहा कि उनकी एसोसिएशन वादकारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए हड़ताल का समर्थन नहीं करती है। उनकी एसोसिएशन से जुड़े सभी अधिवक्ता सोमवार को तहसील में काम काज करेगें। बाद में बार एसोसिएशन के संरक्ष परमानन्द तिवारी, सुधीर यादव एडवोकेट व अध्यक्ष अजय बघेल ने संयुक्त रूप से मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि उनकी एसोसिएशन ने कुछ समस्याओं को लेकर 14 जून को एसडीएम को ज्ञापन दिया था। इसपर एसडीएम ने एसोसिएशन के अधिवक्ताओं से वार्ता कर उनकी अधिकतम मांगे मान ली थी। भ्रष्टाचार में जुटे कर्मचारियों पर नकेल कसने का भी आश्वासन दिया था। इसपर वादकारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनकी एसोसिएशन सोमवार से काम करेगी।

जिला कारागार में अधीक्षक ने कार्यभार संभाला

जेल अधीक्षक मो.अकरम

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़। अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज में नए जेल अधीक्षक मो. अकरम ने कार्यभार संभाल लिया। कनिष्ठ सहायक पंकज कटियार ने बताया कि जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी का दो जुलाई 2024 को फतेहपुर स्थानांतरण होने बाद जेलर के पद पर रह कर विजय कुमार शुक्ला ने तीन जुलाई का कार्यभाल संभाला था। इसके बाद फतेहपुर से आएं जेल अधीक्षक मो. अकरम ने चार जुलाई को कार्यभार संभाल लिया। अधिकारियों व जेल कर्मियों ने जेल अधीक्षक का स्वागत किया।

मेधावी छात्र का शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

- माता वैष्णो देवी मार्ग पर पत्थर लगने से गई जान

छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

परिवार के साथ माता वैष्णो देवी के दर्शन को गए मेधावी छात्र शिवांशु त्रिपाठी (21) की बैटरी कार मार्ग पर पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से मौत हो गई। अतिराजपुर गांव निवासी अभिषेक त्रिपाठी नोएडा में व्यवसाय करते हैं। उनके पुत्र का मुंडन होना था। इसके लिए 8 जुलाई को वहबलपुर की प्राचीन बाबा की बगिया हनुमान मंदिर में कार्यक्रम होना तय था।

गांव में उनका बहुत बड़ा परिवार है यहां से एक बस तय की गई। उसमें बैठकर 52 लोग 1 जुलाई की शाम 7 बजे वैष्णो देवी धाम के लिए रवाना हुए। 3 जुलाई को सुबह कटरा पहुंचकर 7 बजे चढ़ाई शुरू कर दी। साथ में नेहरू पीजी कॉलेज में लैब असिस्टेंट के पद पर कार्यरत अवनीश त्रिपाठी व पत्नी रेखा त्रिपाठी सहित पुत्र शिवांशु त्रिपाठी और देवांशु त्रिपाठी भी थे। अर्धकुमारी से 2 किलोमीटर आगे बैटरी मार्ग पर दोपहर 1 बजे एक के बाद एक दो पत्थर गिरने से शिवांशु त्रिपाठी उसकी चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसा होते ही भगदड़ मच गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने शिवांशु को अर्धकुंवारी स्थित डिस्पेंसरी पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने इनोवा गाड़ी से उसके शव को गांव तक पहुंचाने की व्यवस्था की।

मां वैष्णो देवी के दर्शन किए बगैर गांव के सभी श्रद्धालु 4 जुलाई को वापस आ गए अगले दिन पांचाल घाट फर्रुखाबाद में शिवांशु का अंतिम संस्कार कर दिया गया। उसके पिता अवनीश त्रिपाठी ने बताया शिवांशु पढ़ने में बहुत मेधावी था। बीएससी करने के बाद वह सर्विस के लिए कंपटीशन की तैयारी करने के साथ छिबरामऊ के एक कोचिंग सेंटर में पढ़ा भी रहा था।

वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने की सहायता

छिबरामऊ। मृतक छात्र शिवांशु त्रिपाठी के पिता अवनीश त्रिपाठी ने बताया हादसे के बाद वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने काफी सहायता की। उन्होंने बेटे का शव गांव तक पहुंचाने के लिए अपने खर्चे पर इनोवा कार की व्यवस्था की। इसके साथ ही कागजी लिखापढ़ी पूरी हो जाने के बाद 5 लाख मुआवजा का आश्वासन भी दिया है।

पेंशनरों के लिए वरदान साबित हो रहा कमांड सेंटर

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

- वृद्धावस्था पेंशन के लिए सबसे अधिक सहायता ली गयी
- दिव्यांग और विधवा पेंशन के लिए भी मददगार बन रहा सेंटर
- 1077 पर कॉल कर कोई भी ले सकता है, सरकारी योजनाओं का लाभ

नागरिक सुविधाओं को पारदर्शी तरीके से जन-जन तक पहुँचाने के लिए सदर विधायक व मंत्री असीम अरुण की एक छोटी सी पहल अब रंग लाने लगी है। सरकार की विभिन्न योजनाएं और सुविधाएं जनपद के लाखों नागरिकों तक आसानी से उपलब्ध हों। इसके लिए कलेक्ट्रेट में कमांड सेंटर कार्य कर रहा है। कोई भी नागरिक कमांड सेंटर के नंबर 1077 पर कॉल कर विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ ले सकता है। वृद्धजन को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा वृद्धावस्था पेंशन स्कीम चलाई जा रही है। वृद्धावस्था पेंशन के लिए कमांड सेंटर पर 93 वृद्धजन ने कॉल कर मदद मांगी है। इनमें से 89 वृद्धजन द्वारा पेंशन के लिए आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवाए गए। जांच पड़ताल के बाद सभी 89 वृद्धजन को पेंशन का लाभ मिलना शुरू हो गया। वृद्धावस्था पेंशन के अंतर्गत प्रत्येक वृद्ध को हर माह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी तरह 8 महिलाओं को विधवा पेंशन और 9 लोगों को दिव्यांग पेंशन का लाभ कमांड सेंटर पर कॉल करने के बाद मिल रहा है।

फायरमैन की विदाई में भावुक हुए साथी

छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

गैर जनपद हुए स्थानांतरण के मौके पर एक समारोह में फायरमैन को बैंडबाजा के साथ भावभीनी विदाई दी गयी। इस दौरान साथी उपहार भेंट कर भावुक हो गये। कैरदा रोड के फायर स्टेशन पर फायरमैन के पद पर कासगंज जिले के पटियाली थाना के गांव नगला जैली रहने वाले हुकुम सिंह यादव विगत 15 वर्षों से तैनात थे।

- फायर स्टेशन पर हुआ विदाई समारोह

विभागीय समयावधि के चलते इनका स्थानांतरण बांदा जिले के लिए हो गया। शनिवार को इनके सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन हुआ। यहां हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता व सहकारी भूमि विकास के अध्यक्ष रामेन्द्र त्रिपाठी व संचालन शिक्षक संघ के नेता व राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित सुरेश चन्द्र शास्त्री ने किया। इस मौके पर ओमकार सिंह, प्रमोद कुमार यादव, राम निवास, हवलदार सिंह, सर्वेश कुमार यादव, रंजीत कुमार, रूप सिंह, दीपक कुमार, अंकित कुमार के साथ ही मनोज कुमार यादव, संजय यादव ने माला पहनाकर सम्मान किया। इसके साथ ही उपहार व प्रतीक चिन्ह भेंट किए।बैंडबाजा के साथ हुई विदाई में सभी लोग भावुक हो गये।

खून के आंसू रो रहा मक्का और मूंगफली किसान

भीगी मक्का को फैला रहे किसान — समृद्धि न्यूज

अपना दर्द बयां करते किसान नेम सिंह व पीछे सूखी खड़ी फसल

- खेतों में ही सड़ गयी मक्का, भुट्टे लगे जमने
- मौसम खुलने का इंतजार कर रहे पीड़ित किसान

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

बीते कई दिनों से हो रही झमाझम बरसात से जनपद में मक्का की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गयी है। पीड़ित किसानों का कहना है कि उनका काफी नुकसान हो गया। किसानों ने हमारे संवाददाता से अपने दर्द को बयां किया।

जानकारी के अनुसार बीते कई दिनों से बरसात बराबर हो रही है। जिससे किसानों को इतना समय नहीं मिल पाया कि वह अपनी फसल को काटकर अपने घर तक पहुंचा सकें। ग्राम नगला सेठ निवासी नन्हेंलाल पुत्र जगत पाल ने बताया कि हमारी मक्का की फसल लगातार बारिश के चलते भीग गई है। जो सड़ने की कगार पर है। जिससे हमें काफी नुकसान हुआ है। नन्हेंलाल ने बताया कि मक्का की फसल में उन्हें करीब 90 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। किसान सतीश चंद्र पुत्र राम नरेश ने बताया कि उनकी भी मक्का की फसल पूरी तरह से भीगकर खराब हो गयी है। दाना काला पड़ने लगा है। वह धूप निकलने का इंतजार कर रहे हैं। जिससे उसे सुखाया जा सके। रजलामई निवासी नेम सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह ने बताया है उनकी 24 बीघा मक्का की फसल खड़ी है। जिसमें से 6 बीघा तैयार होने को है। नेम सिंह ने बताया अगली वर्ष 5 बीघा खेत में 90000 रुपए की मक्का की फसल हुई थी। इस वर्ष जो फसल तैयार खड़ी है वह सड़ने की कगार पर पहुंच गयी है। उन्होंने बताया कि इस बार पूरी फसल पानी की भेंट चढ़ गयी। जिससे करीब चार से पांच लाख रुपये का नुकसान होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि मक्का ही उनके जीने का जरिया था। अमरेश पुत्र रामप्रकाश निवासी नगला सेठ ने बताया कि मक्का की फसल में उन्हें लगभग 1 लाख रुपये का नुकसान पहुंचा है। जिससे उनकी आगे की प्रक्रिया पूरी तरह से गड़बड़ा गयी है। नगला सेठ निवासी सौरभ, कौशलेंद्र, उमलेश ने बताया कि मक्का की फसल पूरी तरह से बरबाद हो गयी है। उपरोक्त लोगों ने बताया कि ढाई बीघा मक्का की फसल की थी। जो पूरी तरह से पानी की भेंट चढ़ गयी। जिससे उन्हें करीब 40 हजार का नुकसान हुआ है। इसके अलावा सौरभ ने बताया कि डेढ़ बीघा खेत में मूंगफली की फसल बोयी थी। जो पूरी तरह से खराब हो गयी है। जिससे उन्हें करीब 60 से 70 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। कुल मिलाकर इस झमाझम बरसात से मक्का और मूंगफली किसान पूरी तरह से बर्बादी की कगार पर पहुंच गया है। वह खून के आंसू हो रहा है।

मक्का की खराब फसल की जनकारी देते किसान अमरेश

भट्टे के अंदर अंकुरित मक्का को दिखाते सौरभ, कौशलेंद्र, उमलेश

दबंगों ने तालाब व सरकारी नाली पर किया अवैध कब्जा

मेरापुर, समृद्धि न्यूज। दबंगों ने सरकारी तालाब व नाली की भूमि पर अवैध रुप से कब्जा कर लिया है। जिसके संबंध में तहसील दिवस में शिकायत की गयी है। जानकारी के अनुसार तहसील कायमगंज थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव कुरार निवासी गोविन्द मंगल कश्यप ने गांव के ही छेदालाल, पिन्टू, टीलू के खिलाफ तहसील दिवस में शिकायत की है। कायमगंज तहसील दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार गांव कुरार मौजा में स्थित सरकारी नाली की भूमि को छेदालाल ने जोतकर और पिन्टू व टीलू ने तालाब की भूमि पर निर्माण कर अवैध कब्जा कर लिया है। गोविन्द मंगल कश्यप ने उक्त सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की। जिस पर एसडीएम यदुवंश वर्मा ने मामले की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

एसपी ने कोतवाली फतेहगढ़ व थाना कादरीगेट का किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

पुलिस अधीक्षक ने थाना कादरीगेट व कोतवाली फतेहगढ़ का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार रविवार को पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने सदी वर्दी में कोतवाली फतेहगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सीसीटीएनएस कार्यालय, थाना कार्यालय, मालखाना, बैरक, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके बाद पुलिस अधीक्षक थाना कादरीगेट पहुंचे। वहां पर सीसीटीएनएस कार्यालय, थाना कार्यालय, मालखाना, बैरक, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक हमेशा सदी वर्दी में ही निरीक्षण करते हैं। वहीं पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक का यह स्टाइल है। वहीं कुछ लोग उन्हें सिंघम आदि से भी जोड़कर देख रहे हैं।

कोतवाली फतेहगढ़ का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक

मकान की छत गिरने से विक्षिप्त युवक की मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

मकान की डॉट भरभराकर गिरने से विक्षिप्त युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार जनपद एटा के अलीगंज थाना क्षेत्र के गाँव नगला मोहन निवासी अवधेश राजपूत उम्र 36 वर्षीय पुत्र रामनाथ दिमाग से विछिप्त था। बीती रात्रि वारिश होने पर वह पुराने डॉट पड़े मकान में लेटा था। अचानक मकान की डॉट भरभराकर उसके ऊपर गिर गयी। जिसके मलबे में दब गया। चीख पुकार सुनकर भाई दलवीर, जयवीर, आनन्द ने अवधेश को मलवे से निकालकर कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर विपिन कुमार ने अवधेश को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जर्जर मकान की गिरी छत

खबरें चलते-चलते

खोदी गई निहास में पड़ा मिला अर्द्धविक्षिप्त युवक का शव

- तीन दिन पूर्व गायब हुआ था घर से, मिर्गी के दौड़े पड़ते थे

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव कला खेल बारादरी के पास स्थित एक ईट भट्टे के पास खोदी गई निहास में लोगों ने युवक का शव पड़ा देखा। सूचना मिलने पर कई ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार रविवार को गांव कला खेल बारादरी के पास स्थित एक ईट भट्टे के पास खोदी गई निहास में एक शव पड़ा देखा गया। घटना की सूचना पर कई ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गयी। सूचना मिलने पर मृतक का भाई राजीव पुत्र स्व0 हरिश्चंद्र जाटव भी मौके पर पहुंच गया। उसने मृतक की शिनाख्त अपने भाई 26 वर्षीय सुरेश पुत्र स्व0 हरिश्चंद्र जाटव के रूप में की गयी। मृतक के भाई के अनुसार सुरेश अर्द्धविक्षिप्त था। उसे मिर्गी के दौड़े भी पड़ते थे। वह तीन दिन पूर्व घर से निकल गया था। तब से लौटकर वापस नहीं आया। मृतक के भाई राजीव के मुताबिक इससे पहले भी वह घर से चला गया था। उस समय तो वापस आ गया था। मृतक के माता-पिता तथा बड़े भाई राजबहादुर की पहले ही मौत हो चुकी है। मौके पर जमा भीड़ में से कुछ लोग आशंका व्यक्त करते हुए कह रहे थे कि अर्द्धविक्षिप्त घूमता हुआ यहां पहुंचा होगा और उसी समय उसे मिर्गी का दौरा आने के कारण वह अचेत होकर निहास में भरे पानी के गड्ढे में गिर गया होगा। जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंचे कोतवाली इंस्पेक्टर लॉ इन ऑर्डर राजेश सिंह तथा कस्बा चौकी इंचार्ज विद्यासागर तिवारी ने परिजनों से वार्ता के बाद मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण गुजर बसर के लिए मेहनत मजदूरी करके ही अपना जीवन निर्वाह करते है।

धूमधाम से निकाली गई भोलेनाथ की शोभायात्रा, खूब उड़ा अबीर गुलाल

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। कमालगंज कस्बे के शास्त्री नगर द्वितीय में भगवान भोलेनाथ के रूप रामेश्वरम की मूर्ति की स्थापना होनी थी। जिसके चलते रामेश्वरम मंदिर से शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त डीजे की धुन पर थिरकते नाचते गाते नजर आए। सभी लोगों ने गुलाल की होली खेली और जमकर अबीर गुलाल भी उड़ाया। कस्बे के शास्त्री नगर द्वितीय में रामेश्वरम मंदिर का निर्माण हुआ। जिसकी स्थापना का कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू हुआ था। आचार्य पंडित राकेश कुमार शुक्ला ने मंत्रोच्चार के साथ भगवान रामेश्वरम का सोडशोंपचार पूजन कराया और उसके बाद शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बे के सभी मंदिरों जैसे दीपकेसरी मंदिर, विशाल मूरत हनुमानगढ़ी, नव दुर्गा मंदिर, तपस्वी वाले बाग, हनुमान मंदिर होते हुए पुनः रामेश्वरम मंदिर पर शोभायात्रा सम्पन्न हुई। मुख्य यजमान के तौर पर रामभजन राजपूत, सत्यप्रकाश कटियार, मनोज गुप्ता, राजू चौरसिया, राजुल अवस्थी, आकांक्षा, रोहित कटियार आदि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

शोभायात्रा में शामिल महिला व पुरुष

अतुल कुमार वर्मा अमृतपुर के नये उप जिलाधिकारी बने

अमृतपुर, समद्धि न्यूज। जिलाधिकारी डॉक्टर वी0के0 सिंह ने अमृतपुर के उप जिला अधिकारी रविंद्र कुमार सिंह का कायमगंज के लिए स्थानांतरण कर दिया। उनके स्थान पर अतुल कुमार वर्मा को अमृतपुर का नया उप जिलाधिकारी बनाया है। रविवार को उप जिलाधिकारी अतुल कुमार वर्मा ने अमृतपुर पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। अतुल कुमार वर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया ट्रेनिंग के बाद यह हमारी पहली पोस्टिंग है। इस तहसील के निवासियों का हम आभार प्रकट करते हैं। साथ ही जनता को विश्वास दिलाता हूँ कि जनता की सुख सुविधाओं के लिए हमारे दरवाजे 24 घंटे खुले हैं। आम नागरिक किसी भी समय आकर अपनी समस्या से अवगत करा सकता है। उसका समस्या का समाधान किया जायेगा। हमारा प्रयास होगा कि सरकार की मंशा के अनुसार कार्य किया जाएगा।

चार्ज लेने के बाद जानकारी देते एसडीएम अतुल कुमार वर्मा

ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से टला

शमसाबाद, समृद्धि न्यूज

बस चालक की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होने से बच गया। सुरक्षित बचे बारातियों ने राहत की सांस ली और चालक को धन्यवाद दिया।

जानकारी के अनुसार रविवार को शमशाबाद के बलीपुर भगवंत निवासी राजकुमार पुत्र रघुनाथ सिकंदरपुर महमूद से कमालगंज बारातियों को लेकर गया था। वापस आते समय शमशाबाद गल्ला मंडी के निकट सिकंदरपुर रोड पर बरसात का पानी भरा था। जिससे चालक को सड़क का पता नहीं चला और बस कच्चे फुटपाथ पर उतर गयी। बस तिरछी होने से बारातियों में अफरा-तफरी मच गयी। चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बस को रोक दिया और बारातियों से धीरे-धीरे उतरने को कहा। रात 9.30 बजे बारातियों जैसे तैसे अपने-अपने घर सिकंदरपुर महमूद पहुंचे। वहीं बस को निकालने के लिए दो क्रेनों को मंगाया गया। तब कहीं जाकर बस को निकाला जा सका। वहीं चालक का कहना था कि सड़क पर पानी भर होने से उसे सड़क का पता ही नहीं चला और बस कच्चे में उतरकर धस गयी। बारातियों ने अपने-अपने घर पहुंचकर राहत की सांस ली और सुरक्षित बचने पर चालक को धन्यवाद दिया।

घटनास्थल पर खड़ी बस

मुख्यमंत्री का आदेश बेअसर, ट्रैक्टर ट्राली से ढोई जा रहीं सवरियां

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

ट्रैक्टर ट्राली से हो रहीं दुर्घटनाओं के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने ट्रैक्टर ट्राली से सवारी ढोने पर पूरी तरह से रोक लगाने तथा ट्रैक्टर ट्राली का प्रयोग कृषि कार्य में करने के आदेश दिये थे, लेकिन मुख्यमंत्री का यह आदेश हवा हवाई साबित हुआ। आज आलम यह है कि थाने के सामने से ट्रैक्टर ट्राली सवारी लेकर निकल रहे हैं, लेकिन पुलिस उन्हें रोकने तक मुनासिब नहीं समझती। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर ट्राली से हुई कई दुर्घटनाओं के मद्देनजर सूबे के मुख्यमंत्री ने ट्रैक्टर ट्राली से सवारी ढोने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के आदेश अधीनस्थों को दिये थे। साथ ही न मानने पर 10 हजार जुर्माने का भी प्रावधान किया था। जिस पर अधिकारियों ने कुछ दिन अभियान चलाया और ताबड़तोड़ कार्यवाही की, लेकिन इसके बाद अधिकारी शांत बैठ गये। आज आलम यह है कि थानों के सामने से धड़ल्ले से ट्रैक्टर ट्राली सवारियों को भरकर ले जा रहे हैं, लेकिन पुलिस सब देखकर भी मूकदर्शक बनी हुई है। कुछ लोगों का कहना है कि पुलिस पैसा लेकर ट्रैक्टर को छोड़ देती है। जिससे ट्रैक्टर ट्राली से सवारी ढोने का चलन बंद नहीं हो पा रहा है। बीते दिन नवाबगंज में पुलिस ने एक ट्रैक्टर को रोककर उससे पूछताछ की और उसे सरकार के आदेश का हवाला देकर हिदायत दी।

ट्रैक्टर को रोककर चालक से पूछताछ करती पुलिस — समृद्धि न्यूज

गांव के बाहर मृत अवस्था में मिली विक्षिप्त महिला

मौके पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

गांव के बाहर विक्षिप्त महिला का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार ग्राम रम्पुरा के पास ग्राम समाज की जमीन पर एक 50 वर्षीय विक्षिप्त महिला मृत अवस्था में पाई गई। जानकारी के अनुसार सुनीता पत्नी महेश चंद्र इसी गांव की निवासी थी। काफी समय से वह मानसिक रूप से परेशान थी। घर परिवार वाले उसकी देखरेख किया करते थे। आज सुबह 8 बजे वह घर से चली गई। उसका कहीं पता नहीं लगा। शाम 5 बजे लोगों ने उसे गांव के बाहर खेत में पड़ा देखा। जिसकी जानकारी परिजनों को दी गई। मौके पर उसके देवर मदनपाल ने पहुंचकर जब देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। जिसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई। कार्यवाहक थाना अध्यक्ष रमाशंकर पांचाल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और जांच पड़ताल करने में जुट गए। मृत महिला की जानकारी होने पर गांव के लोग इकट्ठे हो गये। महिला की मौत कैसे हुई, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

लापरवाही — 15 मीटर गली बनाकर छोड़ दी, अब हो रहा जलभराव

ग्रामीणों पर भारी पड़ रही नगर पंचायत की लापरवाही

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

नगर पंचायत की लापरवाही से ग्रामीण जलभराव में जीने को मजबूर हैं। डेढ़ सौ मीटर की गली में 15 मीटर गली बनाकर छोड़ दिया। जिससे दोनों तरफ जलभराव होने से ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 16 के ग्राम जाफर नगर में नगर पंचायत के द्वारा बीते 6 माह पूर्व 55 मीटर गली बनाने का प्रस्ताव पास हुआ था। जिसमें ठेकेदार द्वारा अपने सभासद के प्रस्ताव के माध्यम से अपने चहेते लोगों के सामने 35 मीटर गली बनाई। वहीं 15 मीटर गली जो की डेढ़ सौ मीटर वाली गली में कार्य को जोड़ दिया। जो गली के बीचोबीच इंटरलॉकिंग का कार्य कराया गया। जिससे गली में दोनों तरफजल भराव की स्थिति बन गई है। थोड़ी सी बरसात होने पर भी लोगों को निकलना दुश्वार हो जाता है। कई लोग तो बाइक निकलते समय गिरते-गिरते बचते। जब इस बाबत नगर पंचायत कार्यालय को जानकारी दी गई कि यह बीच में 15 मीटर गली बनाने का कोई मतलब नहीं है। दोनों तरफगली में जल भराव है और बीच में 15 मीटर इंटरलॉकिंग बनाकर खड़ी कर दी गई है। जिससे निकलने वाले लोगों को भी काफी दिक्कतें होती हैं। तो नगर पंचायत द्वारा आश्वासन दिया जाता है कि शीघ्र ही गली को बनवा दिया जायेगा। अब देखना है कि नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत व अधिशाषी अधिकारी त्रिवेंद्र कुमार क्या कार्यवाही करते हैं।

आधी अधूरी छोड़ी गयी गली — समृद्धि न्यूज

नगर में धूमधाम से निकाली गई भगवान जगन्नाथ स्वामी की शोभायात्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

- जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भक्तों ने खींचा भगवान जगन्नाथ का रथ
- बारिश भी भक्तों का उत्साह नहीं कर सकी कम

श्री राधा माधव मंदिर से भारतीय संस्कृति की वेशभूषा में नंगे पैरों के साथ भगवान के विग्रह पवित्रता के साथ उनके भक्तगण आध्यात्मिकता के साथ श्री राधा शक्ति श्याम मंदिर भक्ति भावना के साथ ले जाते हैं। वहां उनका पूजन, अर्चन, वंदन संकीर्तन एवं आरती प्रसाद के साथ राथो में विराजमान करते हैं। सबसे आगे बलराम का रथ होता है, जिसे तालध्वज कहा जाता है। सबसे पीछे जगन्नाथ का रथ होता है, जिसे नंदीघोष कहा जाता है। वहीं बीच में बहन सुभद्रा का रथ होता है। इसे दर्पदलन कहा जाता है इन रथों पर भगवान को विराजमान किया जाता है। इन रथों का निर्माण अशोक शर्मा ने किया। श्री राधा शक्ति श्याम मंदिर लोहई रोड से नगर के मुख्य मार्गों पर भक्ति धर्म ध्वजा आध्यात्मिक चिन्ह के साथ गाते बजाते नाचते हुए नगर के मुख्य द्वार मदन मोहन द्वार, महाप्रभु चैतन्य द्वार, बल भद्र द्वार, सुभद्रा द्वार, जगन्नाथ स्वामी द्वार, नील माधव द्वार, सुदर्शन चक्र द्वार, सिद्ध बाकुल द्वार, टोटा गोपीनाथ द्वार के माध्यम से आध्यात्मिक रहस्याओं को उजागर करते हुए मानव शरीर में नौ द्वारों के अनुसार शरीर आत्मा परमात्मा की भक्ति का वर्णन किया। चिन्मय गोस्वामी ने कहा जो लोग इस शुभ मुहूर्त में रथ यात्रा का दर्शन पूजन अर्चन बंधन करते हैं आरती प्रसाद ग्रहण करते हैं। नगर में यह यात्रा मुख्य मार्ग लोहई रोड, चौक, नेहरू रोड, घुमना बाजार, नेहरू रोड पर संजय गर्ग ने यात्रा का स्वागत किया। वहीं नेहरु रोड पर अपने प्रतिष्ठान के बाहर दीप संस्था के अध्यक्ष निमिष टंडन ने यात्रा का स्वागत कर पुष्प वर्षा की। भक्तों ने जगह-जगह आरती उतारी एवं भगवान की रथ को खींचने के लिए लोग आतुर दिखाई दिये। वहीं कुछ भक्त सड़क को साफकरते हुए चल रहे थे। महिला पुरुष सभी लोग भक्ति भाव से भगवान के रथ को खींच रहे थे। डॉ0 मनोज मल्होत्रा, सुरेंद्र सफ्फड, अशोक वर्मा, गोपाल टंडन, श्याम, अंजुम दुबे, विनोद अग्निहोत्री, अशोक मिश्रा, सुनील, अभिषेक अग्रवाल, राहुल कनौजिया, कौस्तुभ अग्रवाल, हिमांशु वर्मा, गौरव, सचिन, सौरभ, पवन, नीरज रस्तोगी, हर्षित सिगतिया, महिला मंडल में मीनू, बबिता पाठक, प्रीती तिवारी, निशा रस्तोगी, ममता वर्मा, सुषमा मिश्रा, बबिता अग्रवाल, संकीर्तन के साथ आचार्य किशोरी दास अपने परिकरों के साथ मुकुंद सूर्यांश, राम प्रकाश, प्रदीप भक्ति रस की वर्षा कर रहे थे। रथ यात्रा भक्तों के साथ नितगंजा रेलवे रोड होते हुए राधा माधव मंदिर पहुंची। वहां भगवान जगन्नाथ स्वामी, बहन सुभद्रा, बालभद्र भैया की महा आरती एवं जगन्नाथ स्वामी का महाप्रसाद, करिमा माई का महाप्रसाद पाकर लोग धन्य हो गये। श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल द्वारा हरि नाम संकीर्तन देर रात तक चला, शयन आरती के साथ महोत्सव का समापन हुआ।

रथ खींचते डाक्टर मनोज मल्होत्रा आदि भक्त — समृद्धि न्यूज

रथ यात्रा में शामिल महिलायें — समृद्धि न्यूज

खबरें एक नजर में

फैजबाग में लगे आरोग्य मेले में मरीजों ने करायीं जांचें

आरोग्य मेले में मौजूद चिकित्सक व मरीज

शमसाबाद, समृद्धि न्यूज। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फैजबाग में आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी जांच करवायी। जानकारी के अनुसार रविवार को फैजबाग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर कल्पना कटियार, फार्मासिस्ट वीरेंद्र सिंह राजपूत, एएनएम शशी सक्सेना, अलका एलटी, राजेश कुमार वार्ड ब्याय ने आये मरीजों की जांचें कीं। इस दौरान मेले में करीब 37 मरीज आये। 16 मरीजों की जांच की गयी। जिसमें 10 डायबिटी तथा 06 मलेरिया निगेटिव निकले। एएनएम शशी सक्सेना द्वारा महिला लाभार्थियों को परिवार नियोजन की जानकारी दी गई। खांसी, जुखाम, बुखार, दाद, खाज, खुजली के मरीज देखें और उन्हें दवाइयां दी गईं। हालांकि बरसात के चलते आरोग्य मेले में मरीजों की संख्या कम रही। चिकित्सकों का कहना है कि जो भी मरीज आये थे। उनकी जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां दी गयीं। ग्रामीणों का कहना है कि आरोग्य मेले से ग्रामीणों को काफ लाभ हो रहा है।

सरकारी भूमि की अवैध बिक्री पर वाद दायर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जन सुनवाई के द्वारा नगर पालिका को काजी जफर शाह द्वारा भेजे गये पत्र को मिलने के बाद संज्ञान में लेते हुए खारबंदी शहर नगर पालिका परिषद पट्टी संख्या 20 म्यूनिसिपल बोर्ड की नान जेड ए सरकारी भूमि गाटा संख्या 1488, 1489, 1495, 1496 जिसको अवैध रुप से विक्रय किये जाने की शिकायत की गई थी। इस प्रकरण में नगर मजिस्ट्रेट न्यायालय पीपीए एक्ट के तहत वाद दायर कर दिया गया है।

मोहल्लेवासियों ने एसपी से की नशीले पदार्थों की बिक्री बंद कराने की मांग

जालौन (उरई)। मोहल्ले में कुछ लोग अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री कर रहे हैं। जिसके चलते मोहल्ले में अराजक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। उनके बीच होने वाली अश्लील बातों से मोहल्ले का माहौल खराब हो रहा है। मोहल्ले के लोगों ने एसपी से मोहल्ले में हो रही नशीले पदार्थों की बिक्री बंद कराने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी कन्हैयालाल, मुन्ना सिंह, कृष्णकुमार सिंह, किशन साहू, बबलू साहू, चंद्रभान सिंह, मिट्ठूलाल साहू, रविंद कुमार, सुरेशचंद्र आदि ने बताया कि उनके मोहल्ले में कुछ लोग स्मैक, गांजा आदि नशीले पदार्थों की बिक्री करते हैं। नशीले पदार्थों की बिक्री किए जाने से मोहल्ले में अराजकतत्वों का जमावड़ा मोहल्ले में लगा रहता है। उनके बीच अश्लील वार्तालाप और गाली, गलौज होती रहती है। जिसके चलते मोहल्ले का माहौल भी खराब हो रहा है। ऐसे में घर के बाहर महिलाओं और बच्चों का निकलना मुश्किल हो रहा है। यदि कोई उन्हें रोंक टोक करता है तो वह लड़ाई, झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। इतना ही नहीं अराजकतत्वों के जमावड़े से मोहल्ले में चोरी आदि का भी डर बना रहता है। पीड़ित मोहल्लेवासियों ने एसपी से मोहल्ले में हो रही नशीले पदार्थों की बिक्री व अराजकतत्वों के जमावड़े को रोके जाने की मांग की है।

परिवार सोते रहे चोर ढाई लाख के जेवरात व नकदी ले उड़े

जालौन (उरई)। परिवार के लोग घर में सोते रहे। अज्ञात चोर घर में घुसकर घर में रखे लगभग ढाई लाख के सोने चांदी के आभूषण व नकदी कर ले गए। पीड़ित गृहस्वामी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहगुवां निवासी छोटेलाल कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि रात में उनका परिवार घर में सो रहा था। रात में किसी समय अज्ञात चोर शौचालय के रास्ते छत पर पहुंच गए और छत से होकर घर में घुस गए। चोरों ने अलमारी व बक्से का ताला तोड़कर घर में रखे सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनके पुत्र शुभम की शादी थी। घर में उसकी पत्नी के जेवरात मंगलसूत्र, अंगूठी, चूड़ियां, मनचली, पायल आदि रखे थे। इसके साथ ही गांव के लल्लूराम की बहू के भी जेवरात व कुछ नकदी रखी थी। चोर उनके व उनके मित्र के सोने चांदी के आभूषण व नकदी कर ले गए हैं। सुबह जब उनकी आंख खुली तब चोरी का पता चला।

परिषदीय स्कूलों में डिजिटल उपस्थिति का प्रा0शि0सं0 करेगा विरोध

- काली पट्टी बांधकर शिक्षक करेगें कार्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

प्राथमिक शिक्षक संघ की आवश्यक बैठक नेहरु रोड स्थित एक पैलेस में सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक ने कहा कि प्रांतीय नेतृत्व के आवाह्न पर 8 जुलाई को सभी परिषदीय स्कूलों में डिजिटल उपस्थिति का विरोध किया जायेगा। समस्त शिक्षक काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे। जिला मंत्री प्रवेश सिंह राठौर ने कहा कि जब तक शिक्षकों की आवश्यक मांगे पूर्ण नहीं होती तब तक विभाग द्वारा थोपे गये इन आदेशों का संगठन विरोध करता रहेगा। आदेश अवस्थी ने कहा कि समस्त शिक्षक इस आदेश के विरोध में अंतिम समय तक संघर्ष करेंगे। एवं शिक्षकों के साथ दोहरे मापदण्ड अपनाने वाले आदेशों का विरोध करते रहेगें। शिक्षक साथियों द्वारा बैठक में कहा गया कि विभाग को वेतन विसंगती, स्वास्थ्य बीमा लाभ, लिपिक की नियुक्ति व पुरानी पेंशन बहाली आदि मांगों को पूरा किया जाये। शिक्षकों को डिजिटल हाजिरी आदि आदेश है तो शिक्षक समाज सहर्ष अपनाने को तैयार है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रांतीय नेतृत्व के आवाह्न पर 11 जुलाई को शिक्षकों द्वारा मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी व बेसिक शिक्षाधिकारी को सौंपा जायेगा। बैठक में शिवम माथुर, धर्मराज यादव, योगेन्द्र सिंह गंगवार, मनीष मिश्रा, अजय दीक्षित, राजेश यादव, अनिल गौतम, अरविन्द अवस्थी, राघवेन्द्र सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

बैठक को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक

सपा का दस सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल नगला जोध जाकर घटना की करेगा जांच

- विधायक समर्थक जबरदस्ती कब्जा कर महिला व उनके परिजनों से मारपीट का मामला

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने दस सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल को भेजकर पीड़ित को न्याय दिलाने हेतु रिपोर्ट कार्यालय को भेजेगा। भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगला जोध निवासी अरविन्द सिंह पाल जो पार्टी के ब्लाक कमालगंज के अध्यक्ष है। उनकी पुस्तैनी गांव की जमीन पर वर्तमान विधायक समर्थक जबरदस्ती कब्जा कर महिलाओं व परिवार के पुरुषों के साथ मारपीट की। जिसमें गंभीर चोंटे आयी है। जिसकी जांच एवं जानकारी हेतु प्रदेश कार्यालय द्वारा 10 सदस्यीय प्रतिनिधित्व मण्डल बनाया गया है। जो नगला जोध पहुंचकर अपनी रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय भेजेगा। प्रतिनिधि मण्डल में पूर्व सांसद चन्द्रभूषण सिंह, सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य, पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव, प्रदेश सचिव सर्वेश अम्बेडकर, महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा, भोजपुर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष बृजेश पाल आदि लोगों के नाम शामिल है।

गंगा सेवा समिति ने प्रशासन से जर्जर पुल सही कराने की उठायी मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मां गंगा सेवा समिति फतेहगढ़ अपने साप्ताहिक गंगा स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत समिति के पदाधिकारी पांचाल घाट स्थित बंधा घाट पर पहुंचे। घाटों एवं पांचाल घाट, गंगा पुल की दयनीय स्थिति देखकर रोष प्रकट किया। जगह-जगह कूड़े के ढेर पड़े हुए हैं एवं गंगा पुल पर सड़क जर्जर हालत में है। रोड लाइट की व्यवस्था नहीं है। समिति के पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की कि आगामी 22 तारीख से श्रवण मास का आरंभ हो रहा है और विभिन्न जनपदों एवं प्रांतो से हजारों कावड़ यात्री रात दिन पांचाल घाट पर आते हैं। अविलंभ पांचाल घाट की स्थिति सुधरवाने की मांग की। इस अवसर पर जय ओम, नीतू मिश्रा, किशन बाथम, आशीष मिश्रा, राजेंद्र बाथम, राजीव वर्मा, अनुज प्रताप सिंह, आलोक चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

गंगा तट पर पड़ा कूड़ा — समृद्धि न्यूज

जमाखोरों के कारण आलू के भाव में उछाल जारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

सब्जी का राजा आलू की महंगाई के कारण रसोई घर का जायका बिगड़ रहा है। अन्य सब्जियों के दाम आसमान छू रहे है, तो ऐसे में रसोई का राजा आलू भी पीछे नहीं रहा। उसके भी दाम आसमान पर है। 3797 आलू का फुटकर रेट बाजार में 35 रुपये किलो है। वहीं चिप्सोना आलू का भाव फुटकर 40 रुपये किलो तक पहुंच गया है। जबकि थोक भाव मण्डी में चिप्सोना 2200 रुपये से 2400 रुपये कुंटल है और 3797 आलू 2 हजार रुपये से 2200 रुपये कुंटल बिक रहा है। यही रेट कोल्ड स्टोरेजों में भी है। जमाखोरों द्वारा आलू न बेंचने के कारण आलू के भाव में इस बार उछाल आया है। लगभग 20 वर्षों के बाद आलू के भाव में ऐसी तेजी देखने को मिल रही है। एशिया की सबसे बड़ी मंडी सातनपुर में आलू की इस वर्ष आमद बम्फर रही थी। शुरु में ही आलू के भाव में तेजी आ गयी थी। कोल्ड स्टोरेज में आलू भरने के दौरान 1 हजार रुपये से 1500 रुपये कुंटल हो गया था। जिस कारण आलू के भाव में उछाल जारी रहा। इन दिनों आलू तो कोल्ड स्टोरेजों में भरा हुआ है। बड़े आढ़ती व जमाखोर आलू की निकासी नहीं कर रहे है। जिस कारण आलू के भाव में तेजी आ रही है। अगर ऐसा ही रहा तो 20 साल का रिकार्ड तोड़ते हुए आलू फुटकर में 40 रुपये किलो बिकने लगेगा। जिससे आम लोगों के बजट पर खासा प्रभाव पड़ेगा और रसोई का स्वाद भी चला जायेगा। हर सब्जी में आलू आसानी से मिलाकर सब्जी का स्वाद आ जाता है। ऐसे में फर्रुखाबाद की मसहूर पापड़ी एवं समोसा, टिक्की वालों ने भी रेट बढ़ा दिये है। प्रशासन ने जमाखोरों पर सख्ती नहीं की तो आलू के दाम और भी आसमान पर चढ़ जायेंगे।

कोल्ड स्टोरेज में पड़ा आलू — समृद्धि न्यूज

झमाझम बारिश से शहर हुआ जलमग्न, घरों में घुसा पानी

- नगर पालिका की खुली पोल, अधिकांश नालों की नहीं हुई सफाई

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

झमाझम बारिश से शहर जलमग्न हो गया है। रोजाना बारिश से नगर पालिका की पोल खुल रही है। बढ़पुर स्थित अल्हानगर का तालाब भरने से पानी घरों में घुस गया है। नगर पालिका को हर वर्ष पानी भरने की समस्या बतायी जाती है। पर समय रहते पालिका प्रशासन नहीं चेता है। मदारवाड़ी की सड़क पूरी जलमग्न दिखायी दी। गंगा नगर का नाला उफनाने लगा। अंगूरी बाग में भी घरों में पानी भर गया। गिहार बस्ती लकूला में पानी भरने से महिलायें चारपाई पर बैठकर पानी बंद होने का इंतजार करती रही। वहीं भीकमपुरा में सड़क के ऊपर पानी चल रहा है। काशीराम कालोनी हैवतपुर गढ़िया में सड़क पर पानी भरा हुआ है। कादरीगेट शांतिनगर में सड़क पानी से लबालब भरी हुई है। भोलेपुर व नेकपुर में भी सड़क के ऊपर पानी चल रहा है। शहर के अधिकांश मोहल्लों में पानी भरने की समस्या बनी हुई है। बरसात के पानी से जीना मुहाल है। नगर पालिका द्वारा केवल कुछ ही नालों की सफाई हुई है। सफाई नायक नालों की सफाई के नाम पर टाइम पास करवाते है। उनको जानकारी देने पर भी नालों की सफाई नहीं हुई है। आवास विकास जैसे मोहल्ले में जब पानी भर सकता है तो अन्य मोहल्लों का नजारा क्या होगा। यह देखने लायक है। अगर ऐसा ही रहा तो लोग नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन के लिए बाध्य होगें।

छाता लगाकर जाती महिलायें — समृद्धि न्यूज

लगातार बारिश से मक्का व मूंगफली फसलें हो रही नष्ट

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। लगातार हो रही भीषण बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। ग्रामीण क्षेत्रों में मक्का, मूंगफली में भारी नुकसान हुआ है। पिछले एक सप्ताह से लगातार हो रही भीषण बारिश से गर्मी से राहत तो जरूर मिली है, लेकिन आमजन लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जनपद के किसानों द्वारा आलू के बाद बोई गई मक्का और मूंगफली की फसल को लगातार बारिश ने तबाह हो गयी है। खेतों में पानी भरने के कारण मूंगफली डूबीं हैं और खेतों में ही मक्का, मूंगफली जमने लगी है। बहुत से किसान किसी तरह फसल काटकर घर में सुखाने के लिए लाये, धूप न मिलने से मक्का, मूंगफलियां सभी अंकुरित होने लगीं हैं। किसान बच्चे की तरह फसल की सेवा करके अपने सामने ही उसकी बरवादी देख बड़े संकट से जूझ रहे हैं। किसान नेता अरविन्द राजपूत ने सरकार से मांग की है नुकसान फसलों का सर्वे कराकर शीघ्र ही किसानों को मुआवजा दिलाया जाए और बैंक से लिया किसानों का कर्जा माफ किया जाए।

जाति प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर लेखपाल मांग रहा है रिश्वत

- पीड़ित लम्बे समय से लगा रहा है चक्कर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

एक तरफ जहां प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश की बात लगातार कर रहे है। वहीं कायमगंज तहसील में तैनात लेखपाल आकाश शुक्ला मुख्यमंत्री के आदेश को चुनौती देने के साथ-साथ सरकार की छवि धूमिल करने से बाज नहीं आ रहे है। लेखपाल आकाश शुक्ला को हर काम के लिए हजारों रुपए रिश्वत के तौर पर चाहिए होते हैं। यदि आवेदनकर्ता सेवा शुल्क नहीं देता तो उसका काम नहीं होता है।

तहसील कायमगंज क्षेत्र के गांव बरई निवासी देवेंद्र खटीक ने अपनी पुत्री माधुरी का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए एक जन सेवा केंद्र से ऑनलाइन आवेदन किया था। जिस पर लेखपाल आकाश शुक्ला द्वारा लगातार टाल मटोल की जाती रही। लेखपाल दबंग प्रवृत्ति का है और उसने धमकी देते हुए कहा है कि किसी से इस सम्बंध में यदि शिकायत या सिफारिश की चाहे तुम मुख्यमंत्री के पास चले जाओ तुम्हारा जाति प्रमाण पत्र नहीं बनेगा। इसलिए चुपचाप मुझे दो हजार रूपये दे दो अन्यथा मैं तुम्हारा जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं करूंगा। पीड़ित ने बताया है कि वह अपनी बेटी माधुरी के जाति प्रमाण पत्र बनवाने हेतु कई बार ऑनलाइन आवेदन कर चुका है, लेकिन लेखपाल द्वारा रूपये न देने पर हर बार आवेदन निरस्त कर दिया जाता है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से लेखपाल के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। साथ ही पुत्री का जाति प्रमाण पत्र जारी कराने की गुहार लगायी है।

जानकारी देता पीड़ित

अंगूरी बाग सेवा केंद्र पर केक काटकर मनाया गया सद्भावना दिवस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओम निवास जटवरा जदीद अंगूरी बाग सेवा केंद्र पर विश्व शांति सद्भावना दिवस के रूप में केक काटकर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शोभा बहन का सम्मान समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे संदीप राठौर ने कहा सामाजिक हित के लिए त्याग तपस्या बहुत जरूरी है। दिव्यांग बोर्ड के सलाहकार अभिषेक त्रिवेदी ने कहा कि उद्देश्य के बिना मनुष्य का जीवन निरर्थक है। ईश्वरी विद्यालय समाज के लिए असीम योगदान दे रहा है। पवित्र उद्देश्यों को लेकर संस्था कार्य कर रही है। समाजसेवी संजय गर्ग ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज को संदेश मिलता है। रायबरेली से आयी राज योगिनी ज्योति बहन ने समाज में संस्था के कार्यों पर जोर देते हुए कहा कि परमात्मा का अवतरण रहस्य है। जिसकी उन्होंने विस्तार से जानकारी दी। बीके जानवी बहन ने राजयोग का अभ्यास कराया, हेल्थ वेल्थ हैप्पीनेस पर जोर दिया। बीके दीपक ने शुभकामनाएं दी। बीके सत्येंद्र संचालन किया। बीके पूनम बहन, बीके एकता बहन का भी साथ में अलौकिक जन्मदिन मनाया गया। सेवा केंद्र की संचालिका राज योगिनी बीके शोभा बहन ने आए हुए सभी ब्राह्मण परिवारों का अगर परमात्मा साथ हो तो बड़ी से बड़ी समस्या भी सहज पर हो जाती है। उन्होंने अपने जीवन के कुछ अनुभवों को व्यक्त किया। परमात्मा का संपूर्ण परिचय देते हुए आए हुए सभी भाई बहनों को संदेश दिया। ब्रह्माकुमारी निशा बहन और वर्षा ने नृत्य कर सभी भाई बहनों का मन मोह लिया। इस अवसर पर कुमार गंगा सिंह, हेमचंद, अजय, अजीत, कार्तिकेय, रेशमा, अमलेश, हुकुम सिंह, आलोक, प्रवीण, मगन, बल्लू, उर्मिला, कमलेश, विमला, लाली, दुर्गा आदि लोग मौजूद रहे।

केक काटकर सम्मान दिवस मनाती बीके शोभा बहन

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में सांसदों के व्यवहार को लेकर कहा

सांसदों के आचरण से बढ़े लोगों का विश्वास

हमारे लिए कोई भी सदस्य विरोधी नहीं, लोकतंत्र में पक्ष व विपक्ष के बीच होने वाली चर्चा के निकलते हैं सकारात्मक परिणाम

एजेंसी



कोटा । लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और यहां का संविधान दुनिया को सबसे बड़ा संविधान है इसलिए सभी सांसदों का यह दायित्व है कि वे इस तरह का बर्ताव और आचरण करें जिससे लोगों का इसके प्रति विश्वास बढ़े।

लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आए श्री बिरला ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है। इसलिए निर्वाचित सदस्यों को सदन में इस तरह का आचरण करना चाहिए जिसकी प्रशंसा दुनियाभर में हो। उन्होंने कहा लोकतंत्र में विभिन्न मतों, विचारों और सोच वाले लोग निर्वाचित होकर आते हैं। यहीं लोकतंत्री खूबसूरती है। उन्होंने कहा कि सदन में जब निर्वाचित सदस्य चर्चा करते हैं तो इससे देश के विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। विभिन्न सदस्यों की राय और परामर्शों के जानने के बाद सरकार को जन कल्याण की नीतियों को बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष का पद सौंपे जाने के लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, पूर्व के अनुभवों से सबक लेते हुए मैं कोशिश करूंगा कि सदन की कार्यवाही इसकी परंपराओं और मर्यादाओं के अनुसार अधिक से अधिक समय तक चले और सभी सदस्यों को इसमें भाग लेने और बोलने का समुचित अवसर मिले। उन्होंने कहा, हमारी कोशिश करती है कि सदन की कार्यवाही यादा से यादा समय तक चले। हाल ही सम्पन्न हुए संसद सत्र के दौरान हमने रात 12 बजे तक सदन की कार्यवाही संचालित करवायी थी। इससे सदस्यों को अपनी राय रखने और अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखने का पर्याप्त अवसर मिलता है। उन्होंने सदन में दलगत स्थिति में हुए परिवर्तन और राहुल गांधी के विपक्ष के नेता चुने जाने और सदन की कार्यवाही को संचालित करने में आने वाली चुनौतियों के मुद्दे पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि यह चुनौती नहीं, बल्कि अवसर है। उन्होंने कहा, हमारे लिए कोई भी सदस्य विरोधी नहीं है। लोकतंत्र में पक्ष और विपक्ष के बीच होने वाली चर्चा के सकारात्मक परिणाम निकलते हैं और देश के विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र के विकास की योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र मेरा परिवार है। यहां से मैं छात्र राजनीति से सक्रिय रहा हूं। इसके बाद सामाजिक राजनीतिक जीवन में सक्रिय हूं। वर्ष 2003 से मैं इस क्षेत्र से चुनाव लड़ रहा हूं। लोगों का पर्याप्त प्यार हमें मिला है। कोटा-बूंदी-ऐसा क्षेत्र है जहां पर इस क्षेत्र में कृषि से संबंधित रोजगार को विकसित करने के काफी अवसर है। इस क्षेत्र में पर्याप्त पानी है, क्योंकि यहां पर चंबल नदी है। लोकसभा अध्यक्ष ने बताया कि इस क्षेत्र में पर्यटन के क्षेत्र में भी काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि कोटा शहर के बीचों-बीच सेवन वंडर्स पार्क है जहां पर दुनिया के सात अजूबों की प्रतिकृतियां हैं। उन्होंने कहा कि इस अनूठे केंद्र को देखने के लिए दुनियाभर से लोग आते हैं। इसके अलावा कई अन्य पर्यटन केंद्र हैं। कोटा में आने वाले विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर उन्होंने कहा कि यहां पढ़ने आने वाले विद्यार्थियों को यहीं पर रोजगार के अवसर प्राप्त हो, इसके लिए हमने कई योजनाएं तैयार की हैं। उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान पक्ष और विपक्ष के सदस्यों से आगामी संसद सत्र के दौरान इस तरह की आचरण करने की अपील की जिसकी चर्चा दुनियाभर में हो।

पाप की गठरी छिपाने के लिए हो रही योजनाओं की बारिश : उद्धव ठाकरे

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने रविवार को शिंदे सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पाप की गठरी छिपाने के लिए योजनाओं की बारिश की जा रही है। उद्धव ने कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर शिंदे सरकार की खोखली योजनाओं की सच्चाई बताने की अपील की। छत्रपति संभाजी नगर में रविवार को उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिवसंकल्प सभा का आयोजित किया गया था। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व उपमहापौर राजू शिंदे सहित छह नगरसेवकों ने शिवसेना (यूबीटी) की सदस्यता ग्रहण की। सभा को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे ने पूरे मराठवाड़ा में शिवसेना का विस्तार किया था लेकिन लोकसभा चुनाव में हमें यह सीट हारनी पड़ी। उन्होंने कहा कि कोई भी जीत-हार अंतिम नहीं होती। चुनाव हार जाने पर भी जिंदगी खत्म नहीं होती। पिछली लड़ाई लोकतंत्र बचाने की थी और आगामी विधानसभा की लड़ाई हमारे अस्तित्व की लड़ाई है।

महाराष्ट्र : अमरावती सेंट्रल जेल में बम विस्फोट, जांच में जुटी पुलिस

एजेंसी

मुंबई। अमरावती जिला सेंट्रल जेल में बीती रात बम विस्फोट होने से खलबली मच गई। बम निरोधक दस्ता और पुलिस टीम जेल में पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार को देर रात अमरावती जिला सेंट्रल जेल में हाईवे की ओर से दो बम फेंके गए थे। इनमें से एक बम फट गया, जिससे जेल में खलबली मच गई।

घटना के बाद जेल प्रशासन और कैदियों में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता और अमरावती पुलिस की टीम जेल परिसर में पहुंची और दूसरा बम बरामद कर उसे नष्ट कर दिया। अमरावती के फिजरपुरा इलाके में स्थित डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल जेल में इस समय 1 हजार 100 से ज्यादा कैदी हैं। उनमें से कुछ को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है, जबकि अन्य के खिलाफ मामले लंबित हैं। अमरावती जिला सेंट्रल जेल में मुंबई, ठाणे, कोल्हापुर, नासिक से भी कैदी लाए गए हैं। अमरावती पुलिस कमिश्नर नवीनचंद्र रेड्डी ने मीडिया को बताया कि पुलिस प्रशासन की ओर से घटना की गहन जांच की जा रही है। नवीनचंद्र रेड्डी ने आशंका जताई कि दो बम हाईवे से सटी दीवार से फेंके गए। घटना की सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया था। बम निरोधक दस्ते ने दूसरे बम को बरामद कर उसे निष्क्रिय कर दिया। इन दोनों बमों को किसने और क्यों फेंका इसकी जांच चल रही है।

सूरत में ढही पांच मंजिला इमारत के मलबे से निकाले गए सात शव

एजेंसी

सूरत। सूरत के सचिन डीएमनगर क्षेत्र में पालीगाम में शनिवार दोपहर ढही पांच मंजिला इमारत के मलबे से रविवार सुबह तक 5 लोगों के शव निकाले गए हैं। जिसके बाद हादसे में मृतकों की संख्या 7 हो गई है। एक महिला को रेस्क्यू टीम ने मलबे से जिंदा निकाला था, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य पिछले 12 घंटे से जारी है। सूरत के सचिन स्थित पालीगाम में शनिवार दोपहर ढाई बजे के आसपास एक 5 मंजिला इमारत ढह गई। मलबे में कई लोगों के फंसे होने की आशंका में फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ की टीमों ने बचाव अभियान शुरू कर दिया था। मलबे से अबतक 7 लोगों के शव निकाले गए हैं जिसमें अभिषेक केवट, साहिल, शिवपूजन केवट, परवेश केवट, ब्रिजेश गौंड शामिल हैं। एक अन्य का शव मिला है जिसकी पहचान नहीं हुई है। प्रशासन के अनुसार शनिवार रात 9.10 बजे मलबे से पहला शव निकाला गया। इसके बाद शनिवार रात 11.50 बजे दूसरा शव निकाला गया। रविवार को तीन पुरुषों का शव सुबह 4 बजे, 4.30 बजे और 4.45 बजे निकाला गया। वहीं सुबह 5 बजकर 10 मिनट पर 2 अन्य पुरुषों का शव निकाला गया है। इस मामले में पुलिस ने बिल्डिंग के मालिक राज काकडिया, रमीला बेन समेत बिल्डिंग के केयरटेकर अश्विनी वेकरिया के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। बिल्डिंग जर्जर होने के बावजूद इसे किराये पर दिया गया था, जिसमें 5 से 7 परिवार रहते थे। बीयू परमिशन के बिना बिल्डिंग को सील करने की बजाय प्रशासन ने महज नोटिस देकर जिम्मेदारी पूरी कर ली।

कश्मीर में शहीद हुए सेना के जवान की अंत्येष्टि अकोला में होगी

अकोला। जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए सेना के जवान प्रभाकर जंजाल का अंतिम संस्कार महाराष्ट्र के अकोला जिला स्थित उनके गांव में आठ जुलाई को होगा। जिले के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को दो स्थानों पर मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए और दो जवान भी शहीद हुए। कुलगाम के फ्रिसल चिन्नीगाम इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान सेना के जवानों के साथ झड़प में जंजाल (26) शहीद हो गए। अकोला के तहसीलदार ने बताया कि सोमवार को प्रभाकर के पैतृक गांव मोरगांव भाकरे में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि की जाएगी। उन्होंने बताया कि उनके शहीद होने की खबर पहुंचते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

केरल का डिजिटल शिक्षा मॉडल एक वैश्विक उदाहरण

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। यूनिसेफ इंडिया के एक अध्ययन में केरल की डिजिटल शिक्षा पहल (एडटेक) की न केवल अन्य भारतीय राज्यों के लिए बल्कि मध्यम आय और विकसित देशों के वास्ते भी एक मॉडल के रूप में प्रशंसा की गई है। यहां शनिवार को भविष्य के लिए तैयार कौशल के साथ किशोरों को सशक्त बनाना छोटी पतंगों की प्रेरणादायक कहानी शीर्षक वाली रिपोर्ट प्रकाशित हुई।

सामान्य शिक्षा विभाग की प्रधान सचिव रानी जॉर्ज ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और सामान्य शिक्षा और श्रम मंत्री वी शिवनकुट्टी की उपस्थिति में यूनिसेफ इंडिया शैक्षिक विशेषज्ञ प्रमिला मनोहरन से अध्ययन रिपोर्ट प्राप्त की। अध्ययन लिटिल केआईटीईएस कार्यक्रम पर केंद्रित है, जो भारत में छात्रों का सबसे बड़ा आईसीटी नेटवर्क है। संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक ढांचे के साथ-साथ भविष्य के लिए तैयार कौशल विकसित करने के वैश्विक और राष्ट्रीय प्रयासों के अनुरूप, अध्ययन 10 डेटा-संचालित सिफारिशें प्रदान करता है। केरल का केआईटीई के नेतृत्व वाला एडटेक मॉडल, लाभ-संचालित विक्रेताओं पर निर्भर हुए बिना स्केलेबल और अनुकूलनीय दोनों है, जो इसे अन्य क्षेत्रों के लिए मूल्यवान बनाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि केरल ने ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर का उपयोग करके 3000 करोड़ रुपये बचाए हैं, और यहां तक कि फिनलैंड ने भी लिटिल काइट्स मॉडल की नकल करने में रुचि व्यक्त की है। लिटिल केआईटीई पहल केरल को एक ज्ञान समाज और अर्थव्यवस्था में बदलने में योगदान देती है, लड़कियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करके एसटीईएम क्षेत्रों में लैंगिक असमानता को संबोधित करते हुए बच्चों में रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देती है। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम ने निजी स्कूलों के छात्रों को सार्वजनिक स्कूलों में दाखिला लेने के लिए आकर्षित किया है। यूनिसेफ का एक अध्ययन लिटिल केआईटीई के समय का विस्तार करने और सभी उच्च विद्यालयों और उच्चतर माध्यमिक स्तरों तक पहुंचने का आग्रह करता है। वे सार्वजनिक शिक्षा में निवेश बढ़ाने के लिए स्थानीय निकायों और समुदायों को शामिल करने की भी सिफारिश करते हैं। रिपोर्ट में केरल के बुनियादी ढांचे की सराहना की गई है, जिसमें 9000 रोबोटिक किट की तैनाती और लिटिल केआईटीई के लिए एआई/आईओटी प्रशिक्षण शामिल है। केआईटीई 80,000 शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) में प्रशिक्षित कर रहा है।

खबरें एक नजर में

ऑस्ट्रिया की यात्रा मेरे लिए सम्मान की बात : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहैमर के सत्कार भरे शब्दों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर ऑस्ट्रिया की यात्रा सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, मैं हमारे देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने और सहयोग के नए रास्ते तलाशने पर हमारी चर्चाओं का इंतजार कर रहा हूं। लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून के शासन के साझा मूल्य वह आधार हैं जिस पर हम और भी करीबी साझेदारी का निर्माण करेंगे। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के कुलपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते हुए कहा था कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के प्रधानमंत्री अगले सप्ताह वियना में मिलेंगे। यह यात्रा एक विशेष सम्मान है क्योंकि यह चालीस वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है और यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि हम भारत के साथ राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। हमें अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने और कई भू-राजनीतिक चुनौतियों पर निकट सहयोग के बारे में बात करने का अवसर मिलेगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस की यात्रा के बाद 9 जुलाई को ऑस्ट्रिया जाएंगे।

बाइडेन के साक्षात्कार के लिए होस्ट को भेजी गई सवालों की सूची

वाशिंगटन। अमेरिका के फिलाडेल्फिया में वर्ड रेडियो स्टेशन के संवाददाता को उनकी टीम से अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साक्षात्कार के लिए अनुमोदित प्रश्नों की एक सूची भेज दी गयी है। वर्ड की मेजबान एंड्रिया लॉफुल-सैंडर्स ने यह जानकारी दी। उन्होंने शनिवार को सीएनएन को बताया,卐प्रश्न मुझे मंजूरी के लिए भेजे गए थे, मैंने उन्हें मंजूरी दे दी... मुझे कई सवाल मिले - उनमें से आठ थे। और मैंने उन्हें उन्हें चार सवालों की मंजूरी दे दी। यह पुष्टि करने के लिए पूछे जाने पर कि क्या प्रश्नों की सूची व्हाइट हाउस से प्राप्त हुई थी सुश्री सैंडर्स ने कहा, उसी दिन सिविकमीडिया रेडियो होस्ट अर्ल इंग्राम ने एबीसी न्यूज को बताया कि उन्हें साक्षात्कार के लिए प्रश्न भी दिए गए थे। इंग्राम ने कहा कि उन्हें अमेरिकी नेता की टीम से पांच सवालों की एक सूची मिली और उन्होंने उनमें से चार सवाल चुने।

आरपीएफ ने 18 की जान बचाई, 378 बच्चों को दिया संरक्षण

अहमदाबाद। पश्चिम रेलवे सुरक्षा बल ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना, अपने कर्तव्य से कहीं आगे जाकर जनवरी-जून, 2024 तक 18 व्यक्तियों की जान बचाई है। ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत, पश्चिम रेलवे सुरक्षा बल ने सीडब्ल्यूसी और गैर सरकारी संगठनों के समन्वय से अनुवर्ती कार्रवाई के साथ कुल 378 बच्चों को बचाया और उन्हें उनके परिवारों से मिलाने में मदद की। इस वर्ष ऑपरेशन अमानत के तहत, आरपीएफ ने 5 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की कीमती वस्तुएं उनके असली मालिकों को लौटाई हैं। चोरी की गई रेलवे संपत्ति की वसूली के मामले में, वसूली का प्रतिशत लगभग 90फीसदी रहा है। इसके अलावा, रेलवे अधिनियम के तहत, आरपीएफ ने 98,000 से अधिक मामले दर्ज किए और 2.27 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला। इस वर्ष ऑपरेशन भूमि के तहत कई अतिक्रमण विरोधी अभियान भी चलाए गए। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि आरपीएफ मिशन 卐यात्री सुरक्षा卐 के तहत यात्रियों के खिलाफ अपराध से निपटने के क्षेत्र में राज्य पुलिस के प्रयासों में मदद करता है।

शिक्षा विभाग ने की कंट्रोल रूम की स्थापना, टोल फ्री नंबर जारी

देहरादून। विद्यालयी शिक्षा विभाग ने बारिश के सीजन को देखते हुये समस्याओं के निवारण के लिये कंट्रोल रूम की स्थापना की है। इसके साथ ही विभाग ने टोल फ्री नम्बर भी जारी किया है। जिस पर छात्र-छात्राएं, अभिभावक व शिक्षक अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने मानसून सीजन को देखते हुये कांट्रोल रूम की स्थापना की है, ताकि बारिश के दौरान आने वाली विभिन्न समस्या से तत्काल निपटा जा सके। इसके अलावा विभाग ने शिकायतों व समस्याओं के निराकरण के लिये टोल फ्री नम्बर 18001804132 भी जारी किया है। टोल फ्री नम्बर पर दर्ज शिकायतों व समस्याओं के तत्काल निवारण के लिये विभाग ने नोडल अधिकारी, सह नोडल अधिकारी व 10 कम्प्यूटर ऑपरेटर की तैनाती की है। जिसमें अजीत भण्डारी, प्रद्युमन रावत, पल्लवी नैन, अंजुम फातिमा, एम.एम. जोशी को नोडल, जबकि हरीश नेगी, नूतन, विजयलक्ष्मी, पूनम व मुकेश कुमेड़ी सह नोडल होंगे। ये सभी कार्मिक 8 जुलाई से 10 अगस्त तक कंट्रोल रूम में बैठकर टोल फ्री नम्बर पर दर्ज समस्याओं व शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेकर विभागीय स्तर पर निवारण करेंगे। इस संबंध में विभागीय मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों को दो टूक निर्देश दिये हैं।

मोतिहारी में चार साल पूर्व बनी पुलिया हुयी ध्वस्त

पूर्वी चंपारण। बिहार में पुल और पुलियों के टूटने और गिरने का सिलसिला जारी है। इस बार पूर्वी चंपारण के मधुबन प्रखंड के लोहरगांव गांव में करीब दो लाख रुपये की लागत से बनी आरसीसी पुलिया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी। इस पुलिया का निर्माण 14वीं वित्त आयोग के अनुशंसा पर 2019 में करीब 200000 की लागत से कराया गया था। जो महज कुछ ही घंटे की बारिश में ध्वस्त होकर जमींदोज हो गयी। इस पुलिया के ध्वस्त होने से लगभग 500 से ज्यादा की आबादी सीधे तौर पर प्रभावित हुई है,जिसमे ज्यादातर अनुसूचित जाति और अति पिछड़े समाज के लोग शामिल है। जिनका गांव के अन्य टोलो से संपर्क भंग हो चुका है। लोहारगांवा के लोगों ने कहा कि इस पुलिया के टूट जाने से हम सभी काफी परेशान हैं ।पुलिया टूट जाने से एक व्यक्ति की हाथ भी टूट गया है। वहीं अगर पुल निर्माण नहीं हो पाया तो आने वाले दिनो में विशेष कर बरसात के मौसम में हम सभी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

अफ्रीकी स्वाइन फ्लू के प्रकोप के मद्देनजर 310 सूअर मारे गए

नयी दिल्ली। केंद्र ने रविवार को कहा कि अफ्रीकी स्वाइन फीवर (एएसएफ) के प्रकोप के बाद केरल के त्रिशूर जिले में लगभग 310 सूअरों को मार दिया गया है। इस प्रकोप का पता मदक्कथरन पंचायत में चला जिसके बाद राज्य के पशुपालन विभाग ने तुरंत कार्रवाई की। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पांच जुलाई को इस क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में सूअरों को मारने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दलों को तैनात किया गया था। यह देश में एएसएफ से निपटने के क्रम में नवीनतम घटना है, जो पहली बार मई 2020 में पूर्वोत्तर राज्यों असम और अरुणाचल प्रदेश में सामने आया था।

तब से, यह बीमारी देश भर के लगभग 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैल गई है। मंत्रालय ने कहा, कार्य योजना के अनुसार प्रभावित क्षेत्र के 10 किलोमीटर के दायरे में आगे की निगरानी की जानी है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया, एएसएफ मनुष्यों में नहीं फैल सकता। हालांकि, एएसएफ के लिए टीके की कमी पशु रोगों के प्रबंधन में चुनौतियों को रेखांकित करती है। वर्ष 2020 में तैयार की गई एएसएफ के नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना, प्रकोपों के लिए रोकथाम रणनीतियों और प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल की रूपरेखा तैयार करती है। देश में केरल में एएसएफ के नये प्रकोप के बीच केंद्र सरकार ने 6 जुलाई को एक संवादात्मक सत्र के साथ विश्व जूनोसिस दिवस मनाया। यह दिन - 6 जुलाई 1885 को लुई पाश्चर द्वारा पहली सफल रेबीज वैक्सीन तैयार करने की स्मृति में मनाया जाता है जो पशु और मानव स्वास्थ्य के बीच के मामूली भेद की स्पष्ट याद दिलाता है।

ओलंपिक गेम्स पेरिस-2024 में उत्तर पश्चिम रेलवे की निशा व अर्जुन बाबूटा करेंगे देश का प्रतिनिधित्व

एजेंसी

जयपुर। भारतीय रेल खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। ओलंपिक गेम्स पेरिस-2024 में भारतीय रेलवे के खिलाड़ी भी देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। रेलवे में खिलाड़ियों की भर्ती नियमित आधार पर की जाती है तथा विभिन्न खेल आयोजनों के लिए रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड द्वारा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के आयोजन किए जाते हैं।

अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे के दिशा निर्देशानुसार खेलों और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन और मनोबल को बढ़ाने के लिए अनेकों कार्य किए जा रहे हैं इसी क्रम में हाल ही में उत्तर पश्चिम रेलवे पर विशेष प्रतिभा वाले खिलाड़ियों की नियुक्ति भी की गई है इन खिलाड़ियों को टैलेंट स्काउटिंग कोटा के तहत बिना ट्रायल के नियुक्ति प्रदान की गई है। इसी चयनित प्रक्रिया के तहत उत्तर पश्चिम रेलवे में नियुक्त निशा, कुश्ती प्लेयर तथा अर्जुन बाबूटा, निशानेबाज पेरिस में आयोजित ओलंपिक गेम्स 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार निशा, कुश्ती प्लेयर को बीकानेर मंडल में टैलेंट स्काउटिंग कोटा के तहत टिकट परीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है। निशा ने 2021 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर, 2022-23 में एशियन चैंपियनशिप में सिल्वर तथा 2021-24 सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में तीन गोल्ड व एक सिल्वर मैडल प्राप्त किया है।

इसके साथ ही अर्जुन बाबूटा, निशानेबाज (शूटिंग प्लेयर) को सीनियर क्लर्क के पद पर अजमेर मंडल में टैलेंट स्काउटिंग कोटा के तहत नियुक्त किया गया है। अर्जुन ने कोरिया में आयोजित आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त कर देश का परचम फहराया है।

निशा, कुश्ती प्लेयर तथा अर्जुन बाबूटा, निशानेबाज को पेरिस में आयोजित ओलंपिक गेम्स 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए सभी ने हार्दिक बधाई दी है तथा ओलंपिक गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है। रेलवे खेलों में प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है और उनको सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाता है जिससे खिलाड़ी अपने खेलों के माध्यम से देश का नाम गौरवान्वित करने में सफल हो।

कोयले की 19 भट्ठियों पर बनेगा देसी घी के घेवर की मिठाई

सोनीपत। खरखौदा में राजीव दीक्षित के विचारों से प्रेरणा लेकर शुद्धता पर काम करने वाले राकेश मलिक ने हवन यज्ञ व पूजा अर्चना के साथ सैदपुर गौशाला के सामने देसी घी व देसी खांड से बने घेवर व जलेबी कोयले की भट्ठी पर बनाने बेचने का काम शुरू किया। रविवार को जो भी यहां पर घेवर खरीदने के लिए आए उन्हें मिठाई के साथ साथ फ्री में एक पौधा भी दिया जा रहा है। ताकि पौधारोपण से पर्यावरण को भी लाभ मिल सके। यहां से जो मिठाई खरीदी जाएंगी, उससे जो भी कमाई होगी वह दान स्वरूप गौशाला को दी जाएगी। इस बार गौशाला को डेढ़ महीने में 12 लाख रुपए की राशि दान में देने का टारगेट है। पिछले सीजन में गौशाला को 11 लाख का दान मिठाई बेचने से आई कमाई में दिया था और अब तक गौशालाओं को करीब 60 लाख रुपए दान दे चुके हैं। शुद्ध देसी घी व देसी खांड से बने घेवर व जलेबी के लोग दीवाने हो रहे हैं और इस मिठाई की मांग बढ़ रही है। पिछली बार ग्राहकों की संख्या अधिक होने के कारण जाम की स्थित बन जाती थी।

सनफोर्ट वर्ल्ड प्री स्कूल में बच्चों को बनाया जाएगा आत्मनिर्भर : रजनी

समृद्धि न्यूज

सनफोर्ट वर्ल्ड प्री स्कूल के उद्घाटन पर बच्चों ने देखा जादू

लखनऊ। बच्चों को सेल्फ डिपेंड बनाकर स्मार्ट बोर्ड से प्री एजूकेशन देने का हमारा उद्देश्य है। यह बातें रविवार को सनफोर्ट वर्ड प्री स्कूल 3/1687 सेक्टर 3 जानकीपुरम भिटौली क्रासिंग सीतापुर रोड लखनऊ के उदघाटन पर प्री स्कूल की प्रबंधक माडल रजनी सिंह ने डाक्टर आनंद सिंह के साथ कहीं, उन्होने बताया कि सनफोर्ट वर्ल्ड प्री स्कूल दिल्ली की ब्रांच ए आर बेस है इसके कई शहरों में प्री स्कूल है यहां का सिलेबस यूके का है जैसा वहां बच्चों को पढ़ाया जाता है। प्रबंधक रजनी सिंह ने बताया कि यहां बच्चे शिक्षा को एंजॉय करके सीखते हैं बच्चों की उंगलियों को पेंसिल नहीं देते हैं वह स्मार्ट बोर्ड और खिलौने से अपनी शिक्षा की शुरुआत करते हैं।

बच्चों को सेल्फ डिपेंड बनाया जाएगा ताकि वह खुद से खाना खाए, टायलेट टायलेट जाए और पैरेंट्स पर डिपेंड हुए बिना अपना सब काम कर सके। स्कूल के उद्घाटन समारोह में बेबी शो और जादू का आयोजन बच्चों के लिये किया गया। इस अवसर पर स्कूल का स्टाफ, अभिभावक और बच्चे मौजूद रहे।

एक लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य

सीएम ने 227 करोड़ की 32 परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

एजेंसी

पानीपत। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि पिछले लगभग 10 वर्षों में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने एक ऐसी व्यवस्था कायम की है, जिसमें हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया गया है और प्रदेश के विकास को नये आयाम दिये हैं। वर्तमान सरकार के लगभग 10 साल का कार्यकाल पिछली सरकारों के 48 वर्षों पर भारी पड़ा है। जितने विकास के कार्य इस सरकार के कार्यकाल में हुए हैं, उतने पहले कभी नहीं हुए।

मुख्यमंत्री रविवार को पानीपत में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लगभग 227 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की 32 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें 36 करोड़ 55 लाख रुपये की लागत की 19 परियोजनाओं का उद्घाटन और लगभग 191 करोड़ रुपये की लागत की 12 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों हेतु 10 करोड़ रुपये और पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के लिए भी 10 करोड़ रुपये की राशि मंजूरी करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमने वर्ष 2014 में प्रदेश की जनसेवा का दायित्व ग्रहण किया था तो हमारे सामने कई चुनौतियां थीं। हमें विरासत में जर्जर अर्थव्यवस्था मिली, सहकारी ढांचा तहस-नहस था, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम घाटे में चल रहे थे। विकास और नौकरियों में क्षेत्रवाद और भाई-भतीजावाद का बोलबाला था।

उन्होंने कहा कि गत 30 जून को प्रदेश के 75 हजार नए लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन जारी की थी। उसी दिन डॉ. बी. आर.अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत 2,000 लाभार्थियों को मकान मरम्मत के लिए सहायता राशि जारी की गई। इसके अलावा, राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत लगभग 15 हजार परिवारों को 30-30 वर्ग गज के प्लाट भी देने का काम किया है। नायब सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के तहत गरीबों के 1 लाख घरों की छतों पर मुफ्त में सोलर सिस्टम लगवाने का निर्णय किया है।

इन परियोजनाओं की दी सौगात

मुख्यमंत्री ने आज 36.55 करोड़ रुपए की लागत से 19 सड़कों का उद्घाटन किया। इसमें रायपुर-कचरौली सड़क, बुडशाम-नारायणा सड़क, बबैल-पलहेड़ी सड़क, जीटी रोड-अलीसागरपुर सड़क, पट्टीकलियाणा-जीएवी कॉलेज सड़क, जीटी रोड-पसीना कलां सड़क, नामुडा-चुलकाना सड़क, अतौलापुर संपर्क सड़क, डडौला-सिमला गुजरान सड़क, धनसौली-नागलापार सड़क, नयाबांध-बिजावा सड़क, कैत-बुआना लाखू सड़क, नारायणा-गवालड़ा सड़क, भादर संपर्क सड़क, उरलाना खुर्द-डेरा बाजीपुर सड़क, भादर-कालखा सड़क, अलुपुर-अहर सड़क, जवाहरा-परढाना सड़क और कुराना-पलहेड़ी सड़क शामिल हैं। उन्होंने 12 परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया।

मोदी की मास्को की "बेहद अहम यात्रा" को लेकर उत्सुक है रूस : क्रेमलिन

एजेंसी

मास्को। रूस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मॉस्को की ''बेहद अहम यात्रा'' को लेकर उत्सुक है और वह इस यात्रा को रू